

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 043 | epaper.rashtriyakhabar.com | फाल्गुन, कृष्णपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

लुब्धानां याचकः शत्रुर्मुर्खाणां बोधकः रिपुः।
जारस्त्रीणां पतिः शत्रुश्चोराणां चन्द्रमा रिपुः॥

भावार्थ : मांगनेवाला लोभी मनुष्य का शत्रु होता है। मूर्खों का शत्रु उन्हें सदुपदेश देनेवाला होता है। व्यभिचारिणी स्त्रियों का शत्रु पति होता है और चोरों का शत्रु है चंद्रमा।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °C | 12.00 °C |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.43 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.22 बजे

## भारतीय वायुसेना ने सीरिया, तुर्की पहुंचायी भूकंप राहत सामग्री

**नई दिल्ली:** भारतीय वायु सेना का सातवां विमान भूकंप पीड़त सीरिया और तुर्की के लिए चिकित्सा उपकरण और आपदा राहत सामग्री लेकर रविवार को पहुंचा। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। ऑपरेशन '' दोस्त'' की उड़ान ने दमिश्क को 23 टन और तुर्की को 12 टन राहत सामग्री पहुंचाई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि विमान ने सबसे पहले भूकंप प्रभावित दमिश्क में राहत सामग्री पहुंचाई। सातवां ऑपरेशन दोस्त '' विमान 23 टन से अधिक राहत सामग्री के साथ सीरिया पहुंचा, जिसमें जेनसेट, सोलर लैंप, आपातकालीन और महत्वपूर्ण देखभाल दवाएं, और आपदा राहत सामग्री शामिल हैं। दमिश्क हवाई अड्डे पर स्थानीय प्रशासन और पर्यावरण के उप मंत्री मुताज डौजी द्वारा प्राप्त किया गया। इसके बाद इसने राहत सामग्री के साथ तुर्की के लिए उड़ान भरी। इसमें जमीन पर हमारी टीमों के लिए आपूर्ति के साथ रोगी मॉनिटर, ईसीजी, सिरिंज पंप और आपदा राहत सामग्री जैसे चिकित्सा उपकरण शामिल थे।

## संसद में चल रही है सरकार की तानाशाही : कांग्रेस

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने सरकार पर लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने, मनमानी करने और डराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी निरंकुशता तथा तानाशाही संसद सत्र में पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार बार-बार तानाशाही और निरंकुशता का परिचय दे रही है। वह संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषणों के अंश हटाने और राज्यसभा सदस्य रजनी पाटिल को निष्कासित करने की घटना निरंकुशता और मनमानी का सबूत है। उन्होंने कहा कि सरकार संसद में डराने, धमकाने और लोकतांत्रिक नियमों के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार का इरादा संसद में टकराव कराना है और सहमति के लिए कोई रास्ता निकालना कभी उसकी मंशा नहीं रही है।

## नागालैंड में भाजपा ने ईसाई समुदाय से मांगी माफी

**कोहिमा:** नागालैंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तुएनसांग सदर-1 इकाई ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवार के हालिया चुनाव प्रचार के दौरान एक ईसाई गीत का उपयोग करने पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। तुएनसांग सदर-1 भाजपा के मीडिया प्रकोष्ठ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह स्पष्ट है कि गाने के इस्तेमाल से ईसाई समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। पार्टी ने स्पष्ट किया कि उसका ईशनिंदा करने का इरादा नहीं था और गीत का उपयोग उम्मीदवार के लिए समर्थन व्यक्त करने के वास्ते था जो पूर्ण अनभिज्ञता और अज्ञानता का परिणाम था। भाजपा इकाई ने कहा कि गीत को उसके धार्मिक महत्व के उचित विचार-विमर्श के बिना चुना गया था और उन्हें अब इस गलती पर गहरा अफसोस है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**हमला** › केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी चुनाव प्रचार के लिए फिर पहुंचे

# त्रिपुरा को तीन मुसीबतों से बचाने की बात कही

- विरोधी दलों को बताया तीन मुसीबत
- मोदी जी के प्रयासों से शांति आयी है
- सत्ता के लिए दो विरोधी एक हो गये

**राष्ट्रीय खबर**

**अगरतला:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, कांग्रेस और टीआईपीआरए मोथा पर तीखा हमला करते हुए उन्हें तीन मुसीबतें बताया जो त्रिपुरा में भ्रष्टाचार को फिर से स्थापित करना चाहती हैं। श्री शाह ने उनाकोटी जिले के भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने के लिए चांदीपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि त्रिपुरा में जो भी विकास हुआ है वह पिछले पांच वर्षों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा उग्रवाद और अशांति के लिए जाना जाता था, लेकिन मोदीजी (प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी) ने एनएलएफटी संगठनों के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर कर-के शांति लाई है। साथ ही 37,000 विस्थापित ब्रू को एक स्थायी समझौता मिला है और त्रिपुरा प्रधानमंत्री के हीरा सूत्र के साथ राजमार्ग, इंटरनेट, रेलवे और वायुमार्ग विकास के मामलों में तेजी से प्रगति कर रहा है। श्री शाह ने कहा, कम्युनिस्टों ने अपने 27 साल के शासन के दौरान आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया और अब सिर्फ त्रिपुरा के निर्दोष लोगों को जीतने के लिए माकपा ने एक आदिवासी चेहरे को मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य के विपक्षी दलों ने महसूस किया है कि उनमें से कोई भी भाजपा के खिलाफ लड़ने में सक्षम नहीं होगा, और इसलिए माकपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है और टीआईपीआरए मोथा के साथ निष्क्रिय रूप से विनाशकारी एजेंडे में इसका पालन किया है। श्री शाह ने कहा कि 2025 तक पीएमएवाई के तहत हर पात्र परिवार को घर मिलेगा, 50,000 कॉलेज की लड़िकयों को स्कूटी मिलेगी, चाय और रबर उद्योग में 200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, हर गरीब परिवार को दो मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जाएंगे, किसानों को प्रति व्यक्ति 8000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने साथ में यह वादा भी किया कि प्रत्येक चाय मजदूर के परिवार को दो गंडा (1728 वर्ग फुट) जमीन आवंटित की जाएगी। भाजपा के पांच साल के शासन की सफलता की सराहना करते हुए



**अपने शासन के दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कम्युनिस्टों ने मार डाला**

श्री शाह ने दावा किया कि अपने शासन के दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कम्युनिस्टों ने मार डाला, लेकिन सत्ता पाने के लिए कांग्रेसी नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं और पीड़ित परिवारों के दर्द को भुला दिया तथा माकपा से हाथ मिला लिया। जब मोदीजी भारतीयों और क्षेत्रों के एकीकरण के लिए काम कर रहे थे, तब टिपरा मोथा ने त्रिपुरा को विभाजित करने के लिए माकपा और कांग्रेस के साथ समझौता किया। उन्होंने दोहराया कि अगर त्रिपुरा के लोग समृद्धि और विकास चाहते हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा के हाथों को मजबूत करना चाहिए। पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने लोगों की स्वतंत्रता बहाल की और शांति लाई। अगले पांच वर्षों में त्रिपुरा का विकास होगा।

›› पेज 2 भी देखें

ईलाज के लिए विशाखापत्तनम ले आया था अपनी बीमार बीबी को

## पत्नी की लाश कंधे पर लादकर घर पहुंचा सामुलू पांगी




- अस्पताल के डाक्टरों ने जबाव दे दिया था
- मौत हुई तो ऑटो चालक उतारकर भाग गया
- पुलिस वालों को लाश ढोने वाले की सूचना मिली

**राष्ट्रीय खबर**

**विशाखापत्तनम:** यह उड़ीसा की घटना है लेकिन यहां उसकी चर्चा अधिक हो रही है। दरअसल उड़ीसा के कोरापुट इलाके का एक गरीब व्यक्ति सामुलू पांगी अपने पत्नी का इलाज कराने विशाखापत्तनम ले आया था। यहां के एक अस्पताल में भर्ती होन के बाद भी उसकी पत्नी की सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। दो दिन पूर्व अस्पताल के लोगों ने उसे यह बताया कि ईलाज का कोई फायदा उसकी पत्नी को नहीं हो रहा है। इसलिए पैसा खर्च करने के बदले अच्छा होगा कि वह अपनी पत्नी को अंतिम समय में अपने घर ही ले जाए। इसी सूचना के आधार पर सामुलू ने यहां से एक ऑटो किराये पर लेकर अपनी बीमार पत्नी को लेकर घर लौट रहा था। ऑटो से घर लौटते वक्त रास्ते में ही उसकी पत्नी की मौत हो गयी। ऐसा देख ऑटो चालक ने आगे जाने से इंकार कर दिया। उसने सामुलू को अपनी पत्नी की लाश गाड़ी से उतार लेने की बात कही और उसी हालत में वह ऑटो चालक वापस लौट गया। पता चला है कि विशाखापत्तनम से उसका गांव करीब एक सौ किलोमीटर की दूरी पर है। अपनी बीमार पत्नी को लेकर वह अस्सी किलोमीटर की दूरी ऑटो में तय कर चुका था। आरोप है कि इसके बाद ऑटो चालक उन्हें बीच सड़क पर छोड़कर चला गया। खाली सड़क पर कोई वाहन नहीं देखकर आखिरकार सामुलु अपनी पत्नी की लाश को कंधे पर लेकर गांव की ओर चल पड़ा। उसे पता था कि अपने गांव तक पहुंचने के लिए महज

›› पेज 2 भी देखें

## भूकंप के भयानक झटके से दो हिस्सों में बंट गया पूरा शहर



https://twitter.com/i/status/1624146184859226147

**राष्ट्रीय खबर**

**अंकारा:** तुर्की और सीरिया अब भी भीषण भूकंप के झटके से उबर नहीं पाया है। कई देशों के बचाव और राहत दल वहां काम कर रहे हैं। इनमें भारतीय दल के काम करने के तरीके की काफी प्रशंसा हो रही है। इसी बीच वहां का एक अजीब वाकया सामने आया है। यह पता चला है कि जोरदार भूकंप के झटके की वजह से एक शहर पूरी तरह दो हिस्सों में बंट गया है। इस घटना को अब बाद में एक ड्रोन कैमरे से कैद भी किया गया है। समाचार एजेंसियों ने बताया कि कहारनमारस प्रांत के छोटे शहर टेवेकेली, जो कि भूकंप का केंद्र था, के पड़ोसी गजियांटेप में भारी दरारें आ गईं। इसी शहर के भूकंप का केंद्र माना गया था। वैज्ञानिकों के मुताबिक इस शहर के पास ही जमीन की गहराई में करीब एक सौ मील की फॉल्ट लाइन बन गयी थी। इसके केंद्र में आने वाले इलाकों में ही सबसे अधिक तबाही हुई है। अब पता चल रहा है कि यह शहर लगभग दो हिस्सों में बंट गया है. शहर के सीने में एक बड़ी दरार है। ड्रोन कैमरों ने सड़कों, खेतों, पहाड़ियों और जंगलों की दरारों को कैद कर लिया है। कहारनमारस प्रांत के छोटे शहर टेवेकेली, जो कि भूकंप का केंद्र था, के पड़ोसी गजियांटेप में भारी दरारें आ गईं। ऐसा लगता है कि बीच से किसी ने शहर को आड़े-तिरछे तोड़ दिया है। तेपहान टेकवेली के बगल में एक छोटा सा गाँव है। उस गांव में एक बड़ी दरार भी है। ग्रामीण दहशत में दिन काट रहे हैं। दरारों के साथ पेड़, बिजली के खंभे, सड़क के बेरिकेड्स उखड़ गए। तेपेहान निवासी मेहमत तेमजीखान ने कहा कि ग्रामीण अब भी डर के मारे सो नहीं पा रहे हैं। भूकंप से गांव को भी नुकसान पहुंचा है। तेमजीखान ने कहा कि चे

›› पेज 2 भी देखें

इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह का उदघाटन किया प्रधानमंत्री ने




## महर्षि दयानंद सरस्वती ने दूर कीं धर्म से जुड़ी गलतियां: मोदी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने धर्म के आलोक में उन बुराइयों को दूर किया जिन्हें गलत तरीके से धर्म के नाम से जोड़ा गया था। श्री मोदी ने यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि धर्म के नाम पर जो गलतियां की गईं, स्वामी जी ने उन्हें धर्म के प्रकाश से ही हटा दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्मरणोत्सव के लिए लोगो भी जारी किया। दयानंद सरस्वती के जन्म के समय भारत की स्थिति को याद करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि भारत सदियों की गुलामी के बाद कमजोर एवं निरीह हो गया था तथा अपनी आभा और आत्मविश्वास खो रहा था। उन्होंने कहा, स्वामी जी ने भारत की परंपराओं और शास्त्रों में किसी भी तरह की कमी की धारणा को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका वास्तविक अर्थ भुला दिया गया है। प्रधानमंत्री ने उस समय को भी याद किया जब भारत को कमजोर करने के लिए वेदों की झूठी व्याख्या का

›› पेज 2 भी देखें

गरीबी से जूझते देश के लिए यह सम्मान नहीं चिंता का विषय

## चियर्स, अब हम इसमें भी सबसे आगे हो गये

- पहले फ्रांस इसमें दुनिया में आगे था
- पिछले साल के आंकड़े भारत के पक्ष में
- उत्पादक अब भारत में कारखाना लगायेंगे

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह खुशी का नहीं बल्कि चिंता का विषय है। वर्ष 2022 के आंकड़े यह बताते हैं कि अब भारत ही विदेशी स्कॉट व्हिस्की का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। इसके पहले फ्रांस को इसका सबसे बड़ा बाजार माना जाता था। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रांस आर्थिक तौर पर एक संपन्न और विकसित देश है जबकि भारत उसके मुकाबले बहुत गरीब और विकासशील देश है। इंग्लैंड की प्रसिद्ध स्कॉच व्हिस्की का सबसे बड़ा बाजार फ्रांस था। लेकिन 2022 की गणना कहती है कि भारत उस सूची में फ्रांस को पीछे छोड़कर आगे बढ़ गया है। भारत ने पिछले वर्षों की तुलना में 2022 में मात्रा के हिसाब से 60 प्रतिशत अधिक स्कॉच व्हिस्की का आयात किया। यह बात स्कॉटलैंड के चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अपनी रिपोर्ट में कही है। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन (एसडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने इस साल स्कॉच की करीब 22 करोड़ बोतलों का आयात किया है। वहीं, फ्रांस 20.5 करोड़ बोतलों के साथ फंसा हुआ है। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत में एक साल के अंदर स्कॉच व्हिस्की का बाजार कितना बढ़ा है। यानी आंकड़ों में 200 फीसदी की बढ़ोतरी। हालांकि कंपनी ने दो अंकों की वृद्धि दर्ज की, स्कॉच व्हिस्की भारत की कुल व्हिस्की मांग का केवल 2 प्रतिशत ही आपूर्ति करती है। इस रकम को और बढ़ाने पर भी नजर है। इंग्लैंड भारत के साथ मुक्त

›› पेज 2 भी देखें

**चेतावनी** › ग्लोबल वार्मिंग का असर अब प्राणियों के आकार पर भी पड़ सकता है

# समुद्री मछलियों में इसका शोध किया गया है

- चार प्रजातियों पर किया गया है यह शोध
- मछली आधारित कारोबार को धक्का लगेगा
- जल्दी वयस्क होते हैं पर आकार छोटा हो रहा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** ग्लोबल वार्मिंग के लेकर वैज्ञानिक कई किस्म की चेतावनी दी रहे हैं। इसका सबसे बड़ा खतरा पर्यावरण असंतुलन का है। यह आशंका व्यक्त की गयी है कि गर्मी बढ़ने से अगर ध्रुवीय ग्लेशियरों के पिघलने का सिलसिला अनवरत हो गया तो तबाही आ जाएगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि समुद्री जलस्तर बढ़ जाएगा। इसी ग्लोबल वार्मिंग की चिंता के बीच नई जानकारी यह सामने आयी है कि समुद्र में इसका दूसरा असर भी दिख रहा है। शोधकताओं ने अपने परीक्षण में पाया है कि इसकी वजह से अब कई मछलियों की प्रजाति प्रभावित हो रही है। इन मछली प्रजातियों के आकार को प्रभावित कर रही है। पहली बार इसके विवरणों को दर्ज किया गया है। यह पाया गया है कि इस बदलाव की वजह से मछलियों की उम्र पहले से तेज दौड़ रही है। यानी कम उम्र में ही ऐसी मछलियां जवान हो रही है। लेकिन असली खतरा इन मछलियों के आकार के छोटा होते जाने का है। किशोर मछली बड़ी हो रही है, साथ ही यह पुष्टि भी कर रही है कि समुद्र के तापमान में वृद्धि के साथ वयस्क मछली छोटी हो रही है। निष्कर्ष ब्रिटिश इकोलॉजिकल सोसाइटी के जर्नल ऑफ एप्लाइड इकोलॉजी

**अध्ययन के प्रमुख लेखक इडोंगसिट इकेपेवे ने कहा कि**

अध्ययन के प्रमुख लेखक इडोंगसिट इकेपेवे ने कहा कि किशोर और वयस्क दोनों आकार में परिवर्तन समुद्र के तापमान में वृद्धि के साथ मेल खाता है। महत्वपूर्ण रूप से, हमने उत्तरी सागर, जो तेजी से गर्म हो गया है, और स्कॉटलैंड के पश्चिम, दोनों में इस पैटर्न को देखा है। केवल मध्यम वार्मिंग का अनुभव किया है। इन निष्कर्षों से पता चलता है कि समुद्र के तापमान में मामूली वृद्धि भी व्यावसायिक मछली प्रजातियों के शरीर के आकार पर प्रभाव डाल सकती है। हाउस ऑफ कॉमन्स रिसर्च लाइब्रेरी के रिकॉर्ड के अनुसार, अल्पावधि में, निष्कर्षों का मतलब वाणिज्यिक मत्स्य पैदावार में कमी हो सकता है, जो ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के लिए लगभग 1.4 बिलियन पाउंड के उद्योग को प्रभावित करता है और चौबीस हजार से अधिक लोगों को रोजगार देता है।

›› पेज 2 भी देखें

## आल्प्स पर्वत पर हो रहे बदलावों को लेकर लोग डरे हुए

**राष्ट्रीय खबर**



**वालिस:** स्विटजरलैंड एक सुंदर देश है। यह दुनिया भर के पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। इसी देश के दक्षिण में आल्प्स और उत्तर पश्चिम में जुरा। यह देश अपनी पहाड़ी सुंदरता के लिए स्विट्जरलैंड के पर्यटन आकर्षणों में से एक है। दुनिया भर से पर्यटक हर साल यहां आते हैं। वहां कुछ ऐसे पर्यावरण संबंधी बदलाव दिख रहे हैं जिसकी वजह से स्थानीय लोग भयभीत हैं और किसी बड़े खतरे की आशंका भी जता रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि वैश्विक गर्मी यानी ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव इस इलाके पर पड़ा है। इसी वजह से इतनी खूबसूरती वाले देश में प्रदूषण भी अपना कहर बरपा रहा है।

हाल ही में ऐसी जानकारी सामने आई। यह देश अपने खूबसूरत बर्फीले परिदृश्य के लिए प्रसिद्ध है। उस बर्फ से कैक्टस का प्रसार प्रभावित होता है। ओपंटिया प्रजाति का यह पेड़ मैटरहॉर्न पर्वत की ढलानों पर उग रहा है। आम तौर पर यह धारणा है कि कैक्टस प्रजाति के

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### सुबोधकांत और गौरव बल्लभ को मिली जगह

रांची: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राजनीतिक मामलों के सब ग्रुप का गठन किया है। इसमें झारखंड के दो नेताओं को जगह मिली है। सुबोधकांत सहाय को राजनीतिक मामलों के सब ग्रुप का सदस्य बनाया गया है। वहीं, गौरव बल्लभ आर्थिक मामलों के सब ग्रुप का संयोजक बनाये गए हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राजनीतिक मामलों एवं आर्थिक मामलों के सब ग्रुप की सूची शनिवार को देर शाम जारी की। जिस सब ग्रुप में सुबोधकांत सहाय को सदस्य बनाया गया है उस सब ग्रुप के कांग्रेस के सीनियर लीडर डॉ एम वीरप्पा मोइली चेयरमैन हैं। वहीं, अशोक चव्हान इसके संयोजक बनाये गये हैं। चेयरमैन और कन्वेनर के अलावा सदस्य के तौर पर 20 लोगों को शामिल किया गया है।

**विवाद** विधानसभा के बजट सत्र में इस पर सरकारी कार्यवाही की नये सिरे से तैयारी

# नयी नियोजन नीति को लेकर सरकार गंभीर

- कई बार पचड़े में फंस चुका है यह मामला
- हाई कोर्ट ने भी खारिज की थी पहली नीति
- सीएम फोन कर उम्मीदवारों से ले रहे सलाह

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड सरकार नयी नियोजन नीति को लेकर गंभीर है। समझा जा रहा है कि आगामी 27 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में इस बाबत विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उम्मीदवारों से फोन कर नियुक्ति प्रक्रिया पर अलग अलग सलाह ले रहे हैं। मुख्यमंत्री की आवाज में कई उम्मीदवारों को कॉल आ चुके हैं। जिसमें यह पूछा गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया को शुरू करने के लिए क्या किया जाये। वे उम्मीदवारों को विकल्प भी दे रहे हैं। इस तरह के कॉल आने के बाद से राज्य के बेरोजगारों के बीच उम्मीद जगी है। राज्य के युवाओं के बीच सीएम का कॉल आना चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि दो महीने पहले झारखंड हाई कोर्ट ने नियोजन नीति को रद्द कर दिया था। इसके बाद सरकार ने यह घोषणा की थी कि वह दो महीने के भीतर नयी नियोजन नीति लाएगी। नियोजन नीति के झारखंड हाई कोर्ट से खारिज हो जाने के बाद राज्य सरकार इसको लेकर अब बहुत सोच समझकर कदम उठा रही है। पूर्व में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने यह घोषणा की थी कि बजट सत्र तक सरकार नयी नियोजन नीति की घोषणा कर देगी। सरकार की यह मंशा भी है कि झारखंड के युवाओं के हित में जल्द से जल्द नयी नियोजन नीति लायी जाये ताकि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके।

पूर्व के अनुभवों से सीख लेते हुए इस बार हेमंत सोरेन की सरकार फूंक फूंककर कदम रखना चाहती है ताकि फिर से कोई कानूनी विवाद ना खड़ा हो। इसलिए उम्मीदवारों से सीधे कॉल कर सलाह ली जा रही है कि क्या किया जाए? दरअसल सीएम की आवाज में एक रिकॉर्डेड कॉल आता है। यह कॉल आने से पहले उम्मीदवारों को एक मैसेज भेजा जाता है। यह मैसेज इइ-600025 से आता है। जिसमें लिखा होता है : जोहार। माननीय मुख्यमंत्री जी आपसे नियोजन नीति एवं नियुक्ति प्रक्रिया पर आपकी राय जानना चाहते हैं। इस विषय पर कुछ ही समय के बाद आपको कॉल किया जाएगा। धन्यवाद। जोहार। यह मैसेज आने के बाद कॉल आता है : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आवाज में बताया जाता है कि सरकार नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करना चाहती है पर नियोजन नीति के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जाना चाहती है। हमें क्या करना चाहिए 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को नौवीं अनुसूची में शामिल होने का इंतजार करें या 2016 की नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति की जाए।

जानकारी के अनुसार सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र को ध्यान में रखकर जल्द से जल्द नियोजन नीति लागू करने की पक्षधर है। सरकार में शामिल प्रमुख सहयोगी दल कांग्रेस ने भी मुख्यमंत्री पर जल्द-से-जल्द नियोजन नीति लागू करने का दवाब बनाया है। जानकारों का कहना है कि 1932 के आधार पर स्थानीय नीति बनाकर नियोजन की प्रक्रिया शुरू करने में समय लग सकता है। गौरतलब है कि अगले वर्ष झारखंड में विधानसभा का चुनाव भी होना है। सरकार चाहती है कि चुनाव से पहले विपक्ष नियुक्ति को मुद्दा बनाए, उसका काट तैयार कर लेना है।

बताया जा रहा है कि वर्ष 2016 के नियोजन नीति में आंशिक संशोधन कर सरकार सदन में नयी नियोजन नीति लाये। इस बार सरकार नियोजन नीति में कोई बखेड़ा नहीं चाहती है।

# सीपी राधाकृष्णन होंगे झारखंड के नये राज्यपाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने रविवार को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राज्यपालों के पदों में फेरबदल किये। इस बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोशयारी और लद्दाख के राज्यपाल राधाकिशन माथुर ने आज अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति ने उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिये हैं। छत्तीसगढ की राज्यपाल अनसुइया उइके को मणिपुर का दायित्व सौंपा गया है और आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बी बी हरिचरण को उनकी जगह पर नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक को अरुणाचल प्रदेश , लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम , सी पी राधाकृष्णन को झारखंड , शिवप्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश , गुलाब चंद्र कटारिया को असम और जस्टिस(सेवानिवृत) एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार एल गणेशन (मणिपुर) को नागालैंड , फागू चौहान (बिहार) को मेघालय , राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर (हिमाचल प्रदेश) को बिहार , रमेश बैस (झारखंड) को महाराष्ट्र ,ब्रिगेडियर बी डी मिश्रा (अरुणाचल प्रदेश) को लद्दाख के राज्यपाल बनाया गया है। ये नियुक्तियां राज्यपालों के पदभार ग्रहण की तिथि के साथ ही प्रभावी होंगी।

कार्यकर्ता मिलन समारोह में BJP पर गरजे तेजस्वी, कहा

# खेला करने वाली भाजपा के साथ बिहार में हो गया खेला

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश के द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शहर के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मेलन में हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ता अपने लोकप्रिय नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सुनने पहुंचे। झारखंड के पारंपरिक रीतिरिवाज के साथ तेजस्वी का स्वागत किया गया। मौके पर छऊ नृत्य कर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं पद्मश्री मुकुंद नायक की टीम के साथ तेजस्वी मंदार की थाप पर थिरके।

सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के प्रति हमारा विशेष ध्यान है। महीने में दो दिन मैं राज्य के लोगों के साथ बिताऊंगा और यहां रहकर पार्टी को सींचने का काम करूंगा। देश में भाजपा की जहां भी सत्ता नहीं होती है, वहां चुनी हुई सरकार को पैसा के बूते और सरकार के एजेंसियों के साथ मिलकर देश में बीजेपी वाले खेला करते हैं। लेकिन राजद ने बिहार में भाजपा के साथ खेला कर दिया। महागठबंधन बनाकर बिहार से भाजपा को खदेड़ने का काम किया। झारखंड में पार्टी को मजबूत करना है।

यदि किसी को लगता है कि झारखंड में राजद कमजोर है, तो वो उनकी भूल है। संगठन में थोड़ी चूक हुई है, लेकिन इस बार भूल नहीं करते हुए सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। हमारी ताकत बढ़ेगी, तभी झारखंड में महागठबंधन की ताकत बढ़ेगी।तेजस्वी ने कहा, झारखंड गठन के बाद सबसे ज्यादा किसी ने शासन किया है तो वो भाजपा है। इनका काम ठगने और झूठ बोलने का है। पिछड़ों के लिए जब आरक्षण लायी गयी तो गवर्नर ने पास नहीं किया।

भाजपा दलित-पिछड़ा विरोधी पार्टी है। मैंने सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर झारखंड राजद के कार्यकताओं को मान-सम्मान देने की बात कही है। जातीय जनगणना को लेकर झारखंड सीएम को सलाह दिया है। ताकि इस राज्य के दबे-कुचले वर्ग का उत्थान हो सके। लालू यादव स्वस्थ होकर भारत लौटे हैं।

# पहले अधिकार छीना अब सदानों की पहचान मिटाने की हो रही है साजिश : राजेन्द्र प्रसाद

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों की अधिकार को लेकर लगातार महापंचायत, सम्मेलन, और सेमिनार किया जा रहा है। अधिकार आस्था और पहचान को लेकर सदानी झण्डा लगाओ अभियान का भव्य आयोजन आज रातु काठीटांड चौक में किया गया। सदानी झण्डा को अपने घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया और अब हमारी पहचान को मिटाने का साजिश हो रही है। प्रसाद ने कहा राजनेताओं को सदान शब्द कहने से इन्हें शर्म आती है। प्रसाद ने कहा कि सदान झारखण्ड की सबसे पुराना वाशिंदे है। इस बात की पुष्टि इतिहासकारों और लेखकों ने भी की है। उन्होंने कहा हम जरूर मूलवासी हैं लेकिन प्राचीन काल से सदान शब्द से हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि राजनेता मूलवासी तो कहते हैं लेकिन मूलवासी सदान कहने में उन्हें कष्ट होता है। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा हमारे पहचान और आस्था का प्रतीक है इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों का 1 सूत्री कार्यक्रम होता है कि मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से कैसे वंचित किया जाए। प्रसाद ने कहा लेकिन अब ऐसा नहीं होगा यह सदानी झंडा चेतना का संचार करेगा ।

## अडाणी मामले पर आप कार्यकताओं का बीजेपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**अडाणी मामले पर आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने बीजेपी प्रदेश मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी कार्यकताओं ने अडाणी और केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की। बता दें कि अडाणी मामले पर रविवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पूरे देश में बीजेपी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है।आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता अरगोड़ा मैदान से पैदल चलकर बीजेपी प्रदेश मुख्यालय तक पहुंचे। इसके बाद केंद्र सरकार और अडाणी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन के दौरान हरमू रोड पर जाम की स्थिति रही। घंटों गाड़ियां जाम में फंसी रही।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि केंद्र ने गौतम अडानी जैसे बड़े पूंजीपतियों के हाथों में पूरे देश की संपत्तियों का निजीकरण कर दिया है। एसबीआई और एलआईसी में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए। इसकी जांच होनी चाहिए।

**राजनीति** अब तक नये डीजीपी के नाम का एलान नहीं

# राजनीतिक मजबूरी या दबाव के शह मात का खेल

- कमल नयन चौबे का अनुभव कड़वा रहा
- योगेंद्र साव प्रकरण को लोग भूले नहीं है
- अफसरों को सुप्रीम कोर्ट की चिंता भी है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड के डीजीपी पद से नीरज सिन्हा सेवानिवृत्त हो गये। उन्हे जैप मैदान में विदाई परेड की सलामी दी गयी और कल दोपहर को उन्होंने अपना पदभार त्याग दिया। पिछले कई महीनों से नये डीजीपी के नाम पर सोच विचार के बाद भी सरकार अगले डीजीपी के नाम का एलान नहीं कर पायी। इससे साफ हो गया कि इस सरकार में कई किस्म के आंतरिक पेंच इस तरीके से उलझे हुए हैं, जिन्हें आसानी से सुलझाना खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वश की बात भी नहीं है।

यूपीएससी भेजे गये पैनल में से तीन नाम पहले चर्चा में आये थे। यह बताया गया था कि यूपीएससी ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे अजय भटनागर के अलावा डीजी विजिलेंस अजय सिंह और रेल डीजी अनिल पाल्टा में से किसी एक को तय करने का पत्र भेजा था। नीरज सिन्हा के रिटायर होने के पहले ही इसमें नया नाम अनुराग गुप्ता का अचानक से चर्चा में आ गया। अनुराग गुप्ता पूर्व में रघुवर दास के करीबी माने गये थे। बाद में उन्होंने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए मुकदमा जीत लिया और वरीयताक्रम बहाली के साथ साथ नौकरी पर लौट आये। झारखंड की ब्यूरोक्रेसी की राजनीति में यह पेंच उतना आसान भी नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट की भी नजर है। इसलिए अगर हेमंत सोरेन चाहें भी तो नियम के बाहर जाकर ऐसा कोई फैसला नहीं कर पायेंगे क्योंकि वैसी स्थिति में राज्य के अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के कहर से खुद को बचाने के लिए अपना पल्ला झाड़ लेंगे।

अब पुलिस मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर इस बात की चर्चा है कि अजय भटनागर ने सीबीआई से राज्य की सेवा में वापस लौटने पर अपनी सहमति दे दी है। इस बात में कितना दम है, इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है। कुछ वेबसाइटों मे उन्हें डीजीपी बनाये जाने का एलान भी कर दिया है। वैसे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से डीजीपी बनने आये कमल नयन चौबे का अनुभव कोई सुखद नहीं रहा है। दूसरी तरफ निचले तबके का पुलिस महकमा अब अनुराग गुप्ता की सबसे मजबूत दावेदारी की बात कर रहा है। तय है कि इन दोनों नामों को तय करने पर सत्तारूढ़ गठबंधन के अंदर ही घमासान होने से कोई रोक नहीं सकता। कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद के पिता और पूर्व विधायक योगेंद्र साव तथा मां एवं पूर्व विधायक निर्मला देवी के साथ अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में जो कुछ हुआ है, वह कोई भूलाने वाली बात नहीं है। इसलिए अगर अनुराग गुप्ता मुख्यमंत्री का भरोसा जीतने में कामयाब भी हो जाते हैं तो कांग्रेस के अंदर असंतोष की आग और भड़केगी क्योंकि पार्टी में अंदर ही अंदर कई किस्म के विवाद चल रहे हैं।

दूसरी तरफ झामुमो खुद भी सिंहभूम के अपने राजनीतिक समीकरणों की वजह से रघुवर दास के करीबी अधिकारी को इस पद पर लाना स्वीकार नहीं करेगा। कहा जाता है कि इन चचाओं से दूर चल रह अनिल पालटा के लिए खुद तेजस्वी यादव ही रांची आये थे। इसलिए नये डीजीपी का मुद्दा अजीब पेंच में फंस गया है। इस पेंच में आर्थिक मसला भी एक महत्वपूर्ण विषय है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

## पेज एक का शेष

### त्रिपुरा को तीन मुसीबतों .. ..

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गंभीर अपराध की घटनाओं में 30 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि सजा की दर में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। त्रिपुरा में जीवन स्तर में कई गुना सुधार हुआ है और प्रति व्यक्ति आय बढ़कर एक लाख रुपये से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले डेढ़ साल में माता त्रिपुरेश्वरी मंदिर एक विश्वस्तरीय तीर्थ होगा और त्रिपुरा पर्यटन की दृष्टि से एक गंतव्य में बदल जाएगा।

### पत्नी की लाश कंधे पर ..

20 किलोमीटर का सफर बाकी है। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति कंधे पर शव रखकर सड़क पर चल रहा है। उसके बाद पुलिस ने सामूलू के लिए एंबुलेंस का इंतजाम किया। इस घटना ने दाना मजीर की याद ताजा कर दी है। 2016 की इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। संयोग से दाना मांझी भी ओडिशा के रहने वाले हैं। अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद, गरीब दाना मांझी ने पत्नी का शव कंधे पर रखकर घर पहुंचने के लिए 21 किलोमीटर पैदल चला था।

### भूकंप के भयानक .. ..

सोमवार की सुबह वह एक जोरदार झटके से जाग गया। बाहर जाकर देखा कि सभी लोग डर के मारे भाग रहे हैं। हम सब सड़क पर इंतजार कर रहे थे। आंखों के सामने कई घर ढह गए। दहशत हावी हो गई थी। एक समय तो लगा कि अब और नहीं बच पाऊंगा।

झटके से तुर्की-सीरिया सीमा पर भी भारी दरारें आ गईं। दरार को यूरोपीय पृथ्वी-अवलोकन उपग्रह सेंटिनल -1 द्वारा कब्जा कर लिया गया था। रिफ्ट भूमध्य सागर के पूर्वोत्तर किनारे के साथ 300 किमी लंबी है। सेंटर फॉर द ऑब्जर्वेशन एंड मॉडलिंग ऑफ अर्थक्वेक, ज्वालामुखी और टेक्टोनिक्स (सीओएमईटी) के प्रोफेसर टिम राइट ने कहा कि इस तरह की दरारें अधिक तीव्रता वाले भूकंप में आती हैं। तुर्की और सीरिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या पहले ही 24,000 से अधिक हो चुकी है।

### इंदिरा गांधी इंडोर .. .. ..

इस्तेमाल किया जा रहा था और परंपराओं को विकृत किया जा रहा था, ऐसे समय में महर्षि दयानंद का प्रयास एक रक्षक के रूप में सामने आया। उन्होंने कहा, महर्षि जी ने भेदभाव और छुआछूत जैसी सामाजिक बीमारियों के खिलाफ एक मजबूत अभियान शुरू किया। श्री मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि महर्षि दयानंद महिलाओं को लेकर समाज में पनपी रूढ़ियों के खिलाफ एक तार्किक और प्रभावी आवाज बनकर उभरे। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद ने महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का कड़ा विरोध किया और महिलाओं की शिक्षा के लिए अभियान भी चलाया, जबकि यह तथ्य 150 साल से अधिक पुराना है। प्रधानमंत्री ने कहा,आज के समय में भी ऐसे समाज हैं जो महिलाओं को उनके शिक्षा और सम्मान के अधिकार से वंचित करते हैं, लेकिन यह महर्षि दयानंद ही थे जिन्होंने अपनी आवाज तब उठाई जब महिलाओं के लिए समान अधिकार एक दूर की सच्चाई थी, यहां तक कि पश्चिमी देशों में भी। श्री मोदी ने कहा कि आर्य समाज के पास स्वामी जी की शिक्षाओं की विरासत है और देश हर आर्य वीर से बहुत उम्मीद करता है। उन्होंने कहा,अमृत काल में, हम सभी को महर्षि दयानंद जी के प्रयासों से प्रेरणा मिल सकती है। गौरतलब है कि आज ही के दिन यानी बारह फरवरी, 1824 को जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने 1875 में आर्य समाज की स्थापना सामाजिक असमानताओं और उस समय के अंधविश्वास का मुकाबला करने के लिए की थी। आर्य समाज ने सामाजिक सुधारों और शिक्षा पर जोर देकर देश की सांस्कृतिक और सामाजिक जागृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### चियर्स, अब हम .. ..

बाजार समझौते पर बातचीत कर रहा है। यदि सौदा पक्का हो जाता है, तो इंग्लैंड से स्कॉच व्हिस्की के आयात की लागत एक झटके में और भी कम हो जाएगी। इससे भारतीय व्हिस्की बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और विदेशी शराब की कीमत भी आसान होगी। अब स्कॉच व्हिस्की पर 150 फीसदी टैरिफ है। एसडब्ल्यूए के सूत्रों का दावा है कि एक बार मुक्त बाजार समझौते पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद इसका भुगतान नहीं करना होगा। उस स्थिति में, स्कॉटलैंड में व्हिस्की कंपनियों के बाजार का और विस्तार होगा। स्थिति के आधार पर अतिरिक्त 100 मिलियन ग्रेट ब्रिटेन पाउंड का निवेश करने की भी योजना है। एसडब्ल्यू द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल स्कॉच व्हिस्की की औसतन 53 बोतलें हर सेकंड निर्यात की गईं। जो 2021 में 44 थी। ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की की एक्सपोर्ट मार्केट में सबसे ज्यादा डिमांड है। बाजार में मौजूद 59 फीसदी स्कॉच व्हिस्की इसी किस्म की होती है। अगला ह्यसिंगल माल्टह्न स्कॉच व्हिस्की है। जो बाजार के 32 फीसदी हिस्से पर कब्जा करता है। वैसे अनुमान है कि कई विदेशी शराब उत्पादक भी इस बड़े बाजार को देखकर यहां पर अपना संयंत्र स्थापित करने पर भी विचार कर रहे हैं।

### समुद्री मछलियों में .. .. ..

में प्रकाशित हैं।

एबरडीन विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने उत्तरी सागर और स्कॉटलैंड के पश्चिम में चार सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक मछली प्रजातियों को देखा है। यह प्रजातियां कॉड, हैडॉक, व्हिटिंग और सैइथे हैं। भोजन संबंधी कारोबार के लिए इनका ज्यादा इस्तेमाल होता है। इसी वजह से शोध दल ने इन्हें व्यापारिक मछली माना है। इनलोगों ने पाया कि उत्तरी सागर और स्कॉटलैंड के पश्चिम में किशोर मछलियां बड़ी होती जा रही हैं जबकि वयस्क मछलियां छोटी होती जा रही हैं। दोनों क्षेत्रों में बढ़ते समुद्र के तापमान के साथ शरीर के आकार में ये परिवर्तन आपस में जुड़ा हुआ मसला है।

इकेपेवे ने कहा कि हमारे निष्कर्षों का मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण और तत्काल प्रभाव है। वयस्क शरीर के आकार में कमी से वाणिज्यिक मत्स्य पैदावार कम होने की संभावना है। हालांकि, लंबी अवधि में, तेजी से बढ़ते और बड़े किशोर कुछ हद तक क्षतिपूर्ति कर सकते हैं। बाद की उपज हानि के लिए, हालांकि लंबाई में वृद्धि (और, इसलिए, वजन) प्रति व्यक्ति छोटा हो सकता है, छोटी मछलियां कहीं अधिक हैं। शोध दल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि उनलोगों ने जिन चार प्रजातियों को देखा, उनमें से तीन (कॉड, व्हिटिंग और सैइथे) खाद्य श्रृंखला के शीर्ष छोर की ओर शिकारियों को खाने वाली मछली हैं और इसलिए वे जिस पारिस्थितिक तंत्र में रहते हैं, उसमें एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिक भूमिका है। गर्म पानी में मछलियाँ जल्द ही उस आकार तक पहुँच सकती हैं जहाँ वे बाजार की माँग को बनाए रखने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्राप्त नहीं कर सकती हैं, जिससे वयस्क शरीर का आकार सीमित हो जाता है।

### आल्प्स पर्वत पर हो .. ..

पेड़ मरूभूमि के इलाके में उगते हैं। इस बफीर्ले इलाके में ऐसे कैक्टस क्यों उग रहे हैं, इस बारे में अब तक कोई विज्ञान सम्मत जानकारी सामने नहीं आयी है। दूसरी तरफ पर्यावरण वैज्ञानिक बता रहे हैं कि इन कैक्टसों की वजह से वहां की पौध विविधता नष्ट हो रही है। इस कैक्टस की वृद्धि क्षेत्र की जैव विविधता के लिए एक बड़ा खतरा है। एक रिपोर्ट में इस बारे में विस्तार से बताया गया है।

कहा जाता है कि यह विशेष प्रजाति 23 से 30 प्रतिशत वनस्पति को कवर करती है। जीवविज्ञानी इयान ट्रिपोनेज ने कहा, यह कैक्टस वैलेस के कई हिस्सों पर कब्जा कर लेगा। अनुमान है कि कम से कम एक तिहाई पर थीस्ल का कब्जा हो सकता है। इससे स्थानीय जैव विविधता को भी नुकसान होगा। कैक्टस आमतौर पर शुष्क और गर्म जलवायु में उगता है। इसके बजाय, इस पेड़ को ठंडी प्रेयरी भूमि में नहीं उगना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र का तापमान बढ़ रहा है और परिणामस्वरूप यहां के इलाके में कैक्टस का फैलाव हो रहा है। दक्षिणी स्विट्जरलैंड में वालिस के कैंटन में पहाड़ की ढलानों पर उगने वाला कैक्टस किसी आने वाले खतरे के प्रति स्थानीय लोगों को आगाह कर रहा है।

शहर >> अपडेट

### वार्ड 45 में लगाया कैंप

रांची: डोरंडा स्थित वार्ड 45 के पार्षद नसीम गद्दी के कार्यालय में एसोसिएशन फॉर परिवर्तन ऑफ नेशन और इंडस एक्शन संस्था की ओर कैंप लगाया गया। जिसमें गरीब बच्चों को बिना किसी शुल्क के प्राइवेट स्कूल में एडमिशन दिलाने को लेकर ऑनलाइन आवेदन भरवाया गया। राइट टू एजुकेशन 2009 के अनुच्छेद 12 (1) के अंतर्गत 3 से 7 साल की उम्र के हर एक बच्चे को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। पार्षद ने बताया कि निजी स्कूल जैसे डीएवी ,डीपीएस, ऑक्सफोर्ड, जेवीएम,श्यामली, गुरुनानक आदि स्कूलों में 25 पर्सेंट सीट ऐसे बच्चों के लिए आरक्षित है।

गुहार > डॉक्टरों ने सीएम को पत्र लिखकर दोहराई मांग

# 50 बेड के हॉस्पिटल को क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट से रखें मुक्त

राष्ट्रीय खबर




रांची: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड और झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (आइएमए और झासा) के बैनर तले राज्य के डॉक्टरों ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। इस दौरान लंबित मांगों दोहराते हुए उनसे तत्काल निर्णय लेने की मांग की है। वहीं कई मांगों को दोहराया गया है जिससे कि मरीजों के इलाज में कोई परेशानी न हो। साथ ही यह भी कहा है कि सरकार और विभाग दोनों से आश्वासन मिला था। उन्होंने कहा कि सरकार हमें वार्ता के लिए बुलाए और मांगों को 27 से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में इसे पारित कराए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो हम आंदोलन करेंगे और इसकी पूरी जवाबदेही सरकार की होगी.डॉक्टरों ने कहा कि कुछ मांगों के प्रति आपकी भूमिका सराहनीय रही है।

डॉक्टरों और स्वास्थ्य से जुड़े सभी आम जनों को इससे संबंधित महत्वपूर्ण ,ठोस और निर्णायक घोषणा की उम्मीद है। राज्यभर के सभी प्राइवेट और सरकारी डॉक्टरों ने आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कोविड-19 के तीनों लहरों के वक्त भी अपनी पूरी क्षमता से कार्य किया। लेकिन सरकार और विभाग के उदासीन रवैया से आहत है और अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इस विधानसभा सत्र के दौरान अगर इन मुद्दों को पारित नहीं किया जाता है, तो संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को बाध्य होगी।

न्यूज फटाफट

### अस्पताल से डिस्चार्ज हुए शिबू सोरेन, तीन दिन बाद मिली छुट्टी



रांची: झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन तीन दिनों के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हुए। उनका इलाज कर रहे डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि उन्हें जो भी समस्या थी। उसको लेकर दवाई दे दी गई है। फिलहाल, वे राहत महसूस कर रहे हैं। मालूम हो कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत और नींद नहीं आने की समस्या आ रही थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन को कई हिदायत के साथ डिस्चार्ज किया गया है। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जो भी समस्याएं हैं, उसके हिसाब से खाने-पीने में परहेज करने की भी सलाह दी गई है। शिबू सोरेन बीते 9 फरवरी को दोपहर करीब 2:30 बजे मेदांता अस्पताल में भर्ती हुए थे, जिसके बाद 12 फरवरी की दोपहर लगभग 1:00 बजे उन्हें डिस्चार्ज किया गया। दरअसल, गुरुवार को गुरुजी की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। जिसके बाद उन्हें आनन फानन में रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां नेफ्रोलॉजी विभाग में डॉक्टर अमित कुमार की देखरेख में उनका इलाज चला। अस्पताल में भर्ती होने के बाद शिबू सोरेन की रूटीन जांच की गई। जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल भी लिया गया। इलाज के कुछ घंटों बाद गुरुजी की हालत स्थिर बताई गयी।

### झारखंड हाईकोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत, 138 मामलों का निष्पादन

रांची: राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में झारखंड उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के ओर से झारखंड उच्च न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तीन बेंच में 138 मामलों का निष्पादन किया गया। बेंच संख्या एक में न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद, बेंच नंबर 2 में न्यायमूर्ति श्रीमति अनुभा रावत चौधरी तथा बेंच नंबर 3 में माननीय न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी थे। लोक अदालत में 28 प्री लिटिगेशन मामले तथा 110 लंबित मामले समेत कुल 138 मामलों का निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर कुल 28 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया। दो पक्षों के बीच समझौता कराकर तीन करोड़ से अधिक राशि के विवादों का निपटारा किया गया।

### मारवाड़ी कॉलेज में ऊर्जा विभाग की लोक अदालत

रांची: आज मारवाड़ी कॉलेज कैम्पस में ऊर्जा विभाग के तरफ से लोक अदालत सह ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में नया बिजली कनेक्शन अवैध कनेक्शन को वैध करने एवं बकाया बिजली भुगतान तथा बिजली की अन्य समस्याओं सहित निदान एवं समाधान करने हेतु आज कैम्प में आवेदन लिया गया इस कैम्प में वार्ड संख्या 22 के बिजली समस्या को वार्ड पार्षद नाजिया असलम के तरफ से पूर्व वार्ड पार्षद मो०असलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सहायक अभियंता को बिजली समस्या से सम्बंधित आवेदन दिया और आग्रह किया कि उनके वार्ड के बिजली समस्या का जल्द से जल्द समाधान करे, वार्ड 22 के अनेकों जगह पर बिजली पोल जर्जर स्थिति में है उसे बदलने की अनुरोध करते हुए कहा कि वार्ड स्तर में बिजली कैम्प लगाने एवं बिजली के वैध कनेक्शन के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है इसलिए वार्ड 22 में हमलोग एक जगह को चिन्हित किया है वहाँ पर कैंप लगाने का प्रयास करे सहायक अभियंता ने आश्वस्त किया कि आने वाले शनिवार 18 फरवरी को वार्ड संख्या 22 के अमन सोसाइटी के हॉल में बिजली कैम्प लगाया जाएगा जिसमे बिजली के सभी तरह का समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मोहम्मद असलम,नदीम इकबाल, मो०एहसान, अब्दुल बारीक,विलियम टोप्पो, असरफ अली,मो०जावेद आदि शामिल थे।

## महावीर मंडल रांची की वार्षिक आम सभा आयोजित

राष्ट्रीय खबर

रांची: श्री महावीर मंडल राची की वार्षिक आम सभा श्री राम मंदिर, सर्जना चौक, राची मे श्री महावीर मंडल राँची के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । आम सभा की शुरूआत राम वंदना से की गई । आम सभा का संचालन राहुल सिन्हा चंकी ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री नकुल तिर्की(वार्ड पार्षद) ने की । आम सभा में मुख्य रूप से महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष श्री हीरालाल साहू, श्री राजीव रंजन मिश्रा, विजय साहू, रामधन बर्मन एवं नंदू शर्मा उपस्थित थे । श्री महावीर मंडल राँची के राज किशोर एवं अमित सोनी ने आम सभा मे आए सभी पूर्व अध्यक्षों का स्वागत चुनड़ी ओढ़ाकर किया एवं सभी राम भक्तो का स्वागत पट्टा देकर किया ।आम सभा मे सर्वसम्मति से श्री रामनवमी मोहत्सव वर्ष 2022-23 की समीक्षा की गई एवं सभी वक्ताओं ने श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए कमिटी के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी ।आम सभा मे श्री महावीर मंडल रांची के मंत्री श्री कैलाश केसरी ने आय - व्यय का बौरा दिया जिसे आम सभा के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया । श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष श्री राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि श्री महावीर मंडल रांची के सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ से आह्वान किया कि आज से ही श्री रामनवमी मोहत्सव को सफल बनाने में लग जाए एवं धूमधाम से विशाल शोभायात्रा की तैयारी करे। आम सभा मे सभी पदाधिकारियों ने वर्ष 2022-23 की कमिटी को भंग करने की घोषणा की गई एवं आम सभा मे 2023-24 की नई कार्यकारिणी की गठन के लिए मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्री हीरालाल साहू, विजय साहू एवं रामधन बर्मन को अधिकृत किया।

## अनुबंधित नर्स और पारा मेडिकलकर्मियों का आमरण अनशन से पड़ रहे बीमार, एक आईसीयू में भर्ती

राष्ट्रीय खबर



रांची: एनएचएम की अनुबंधित नर्स और पारा मेडिकलकर्मी अपनी सेवा नियमितीकरण की एक सूत्री मांग को लेकर 24 जनवरी से आमरण अनशन पर हैं। 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव के बाद राजभवन के समक्ष धरने पर बैठे हैं। रविवार को उनके आमरण अनशन का 20वां दिन है। इस दौरान 18 आंदोलनकारी बीमार हो चुके हैं। शनिवार को भी एक नर्स की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।राजभवन के समक्ष आमरण अनशन कर रहीं नर्स ममता कुमारी शनिवार को अचानक बेहोश हो गयीं। उनका बीपी फॉल करने के बाद बेहोशी की हालत में उन्हें आनन-फानन में 108 एम्बुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया और इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

अनुबंधित नर्सेस एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी ने कहा कि अनशनकारी ममता कुमारी की हालत बहुत ज्यादा खराब होने की वजह से उन्हें सदर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि एक-एक करके अनशनकारी बीमार होने की वजह से सदर अस्पताल रेफर होते जा रहे हैं। लेकिन अब भी अनुबंधित नर्स और पारा मेडिकलकर्मियों का आमरण अनशन जारी है।आंदोलित स्वास्थ्यकर्मियों ने दावा किया कि उनके हड़ताल और अनुबंधित स्वास्थ्यकर्मियों के बीच चट्टानी एकता का व्यापक असर पड़ रहा है। राज्य के सभी स्तर के स्वास्थ्य केंद्र पर इस हड़ताल का असर दिख रहा है। दिन-प्रतिदिन वैक्सीनेशन की संख्या कम होती जा रही है। प्रदर्शनकारी वीणा कुमारी ने कहा कि 10 फरवरी से शुरू हुए फाइलेरिया उन्मूलन के लिए टऊअ अभियान भी प्रभावित हो रहा है। लेकिन सिर्फ अपनी जिद्द की वजह से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और विभागीय मंत्री ने कोई सुध नहीं ली है।अनुबंधित नर्स और पारा मेडिकलकर्मी अपनी मांग को लेकर अडिग हैं। अनशन से बीमार होने के बावजूद भी वो टस से मस नहीं हो रहे हैं। तबीयत बिगड़ने पर इलाज के बाद दोबारा वो इस आंदोलन में शामिल होकर एकता का परिचय दे रहे हैं। अनशनकारियों में सिस्टर बबीता कुमारी अभी भी सदर अस्पताल के आईसीयू में है। अपने आंदोलन को सफल बनाने के लिए दो दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराए गए अनशनकारी नेत्र सहायक कुमार लोकेश और रितेश कुमार अस्पताल से ठीक होकर फिर धरनास्थल पर लौट आये हैं। रांची में अनुबंधित नर्सो का प्रदर्शन लगातार हो रहा है, आंदोलनकारी अनुबंधित नर्स और पारामेडिकल कर्मी नियमावली 2014 के आधार पर नियमितीकरण की मांग पर अड़े हैं।

## विश्वंभर फाउंडेशन ने नेत्रहीन बच्चों के बीच कराया इको फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



रांची: विश्वंभर फाउण्डेशन के तत्वावधान में रविवार को राजकीय नेत्रहीन मध्य विद्यालय हरमू (रांची) में विद्यालय के छात्रों के बीच ईको फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच वहां के छात्रों को दो समूह में बांट कर किया गया। एक टीम के कप्तान छात्र राजकुमार और दूसरे टीम के कप्तान छात्र छोटू कुमार थे। टास जीतकर छोटू कुमार की टीम ने निर्धारित 6ओवर में 83 रनों का विशाल लक्ष्य राजकुमार की टीम के सामने रखा। छोटू कुमार की टीम की तरफ से कृष्णा ने 52 रनों की पारी खेली । जवाब में राजकुमार की 6 ओवर 35 रनों पर ही सिमट गई। विजेता टीम के कप्तान को फाउंडेशन की तरफ से ट्राफी प्रदान की गई । मौके पर भोजन की व्यवस्था भी फाउंडेशन की ओर से की गई थी। आयोजन के दौरान विश्वंभर फाउंडेशन के सचिव नवीन कुमार झा, मैथिली भाषा संघर्ष समिति के संयोजक अमरनाथ झा , झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव रवींद्र प्रसाद सिंह संग मिथिला समाज के किशोर झा भी उपस्थित थे।

### 4401 उर्दू शिक्षकों को तोहफा

रांची: राज्य में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों को हेमंत सोरेन सरकार ने करीब 20 साल बाद बड़ा तोहफा दिया है। अब इन शिक्षकों का वेतन भुगतान योजना मद की जगह गैर-योजना मद किया जायेगा। बीते दिनों हुए कैबिनेट की बैठक में इसके स्थानांतरित का फैसला हुआ था। राज्य में सभी 24 जिलों में कुल 4401 उर्दू शिक्षकों का पद स्वीकृत है। इन उर्दू शिक्षकों को नियमित वेतन मिल सके, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने स्वीकृत पदों को गैर-योजना मद में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। बता दें कि इन पदों का वेतनमान 9300-34800 रुपए (ग्रेड पे 4200 रुपए) है।अविभाजित बिहार के समय 9 नवंबर 1999 को 15,000 उर्दू शिक्षकों का पद योजना मद के लिए स्वीकृत हुआ था।


आयोजन > झारखंड के 6 खिलाड़ी भी दिखाएंगे हुनर

## 14-15 फरवरी को रांची में 10वीं राष्ट्रीय रेस वॉकिंग प्रतियोगिता

राष्ट्रीय खबर



रांची: मोरहाबादी मैदान, रांची में 14 और 15 फरवरी को 10वीं राष्ट्रीय रेस वाकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। झारखंड ओलंपिक संघ के मधुकांत पाठक ने इस संबंध में रविवार को जानकारी देते बताया कि प्रतियोगिता में 206 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं जिनमें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीट भी शामिल हैं। इसमें 6 झारखंड के एथलीट भी हुनर दिखाएंगे। कुंदन कुमार, सुमित कुमार, अंशू कुमार, जसपाल सिंह, रोशन और आनंद यादव इस लिस्ट में हैं। इस प्रतियोगिता के जरिये वर्ल्ड गेम्स और 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालिफाइंग टिकट भी दिया जायेगा। एसोसिएशन ने मोरहाबादी के निर्धारित ट्रैक के बीच में स्पीड ब्रेकर लगाए जाने पर चिंता जाहिर की है। जिला प्रशासन से इसे हटाने की अपील की है। झारखंड एथलेटिक्स संघ के अनुसार 14 फरवरी की सुबह 6.30 बजे से 20 किमी पुरुष ग्रुप ए और बी प्रतियोगिता होगी। 8.30 बजे से 10 किमी पुरुष अंडर-20, 8.45 बजे से 10 किमी महिला अंडर-20 प्रतियोगिता होगी। 15 फरवरी को सुबह 6 बजे से 36 किमी (पुरुष) की प्रतियोगिता होनी है।एथलेटिक्स एसोसिएशन के मुताबिक 15 जुलाई को रांची में झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से सीनियर इंटर स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना तय हुआ है। इसके जरिये एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई प्रतिस्पर्धा खेली जानी है। अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीरज चोपड़ा भी इस प्रतियोगिता में दिखेंगे।



## शहर >> अपडेट

### वनभोज का आयोजन

**चास** : शहर के सिटी पार्क स्थित वनभोज स्थल में एसबीआई फैमिली परिवार बोकारो की ओर से वनभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोकारो एवं चास के सभी एसबीआई ब्रांच के फैमिली मौजूद थे। चास जोधाडीह मोड़ एसबीआई ब्रांच के शाखा प्रबंधक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आज हम लोग सिटी पार्क में वनभोज का आयोजन किए हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मोर्चा का मिलन समारोह संपन्न

**तुपकाडीह** : झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा ने रविवार को बीएसएल के केनाल गेट के समीप बदरो टांड़ में देवता बाबा बघोत नाथ की पूजा करने के बाद वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह को संबोधित करते मोर्चा के अध्यक्ष ललित नारायण ने कहा कि बीएसएल प्रबंधन विस्थापितों को नियोजन देने में आना-कानी कर रहा है। पहले के त्रिपक्षीय वार्ता में तय हुआ था। कि जल्द ही बेरोजगारों को लिया जायेगा। विस्थापित संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष निवारण दिग्गर ने कहा कि हम विस्थापित प्लांट के विकास विरोधी नहीं हैं।

### सहायिका प्रशिक्षण का आयोजन

**कसमार** : प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में रविवार को मध्हान भोजन संचालित सभी विद्यालयों से रसोईया सह सहायिका का एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में कुकिंग कम्पीटीशन जिसमें कुकिंग काम्पीशन में प्रथम स्थान प्राप्त मंजू देवी हरिजन टोला टांग टोना तथा द्वितीय स्थान प्राप्त श्रीमती लीलामणि देवी ने प्राप्त की। केएन प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण को प्रारंभ किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कृषि उपज और पशु धन विधेयक जन विरोधी कानून : आजाद

**बोकारो** : उद्योग और व्यापार जगत क्षेत्र में क्रियाशील रजिस्टर्ड राष्ट्रीय संगठन अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के झारखंड प्रदेश महासचिव अशोक अग्रवाल आजाद ने झारखंड में कृषि उपज और पशु धन विधेयक को जन विरोधी कानून बताया और जनहित में वापस लिए जाने की मांग की है। उन्होंने ई-मेल के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, आरक्षी अधीक्षक गिरिडीह, आरक्षी अधीक्षक बोकारो, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी, अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर, अनुमंडल पदाधिकारी खोरी महुआ, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो, अनुमंडल पदाधिकारी चास को लिखे पत्र में कहा है कि जनविरोधी काला कानून कृषि उपज और पशुधन विधेयक को यदि 14 फरवरी तक वापस नहीं लिया गया तो फरवरी 15 से झारखंड के सभी व्यापारिक संगठन इस कानून के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे।

## झारखंड मूल खतियानधारी मोर्चा के मुख्य संरक्षक बने पूर्व मंत्री उमाकांत

# खतियान ही माटी की पहचान: रजक

▶▶ पूर्व विधायक बाटुल बने संरक्षक

**राष्ट्रीय खबर**

**चास** : चास जेल मोड़ मैदान कमलडीह में झारखंड मूल खतियानधारी मोर्चा का खतियानी समागम सह वनभोज समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता गयाराम सिंह चौधरी और संचालन विश्वनाथ महतो ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि खतियान ही हमारी माटी की पहचान है। स्थानीय, भाषा, साहित्य और संस्कृति ही हमारी धरोहर है। रजक ने कहा कि बलिदानियों के अधूरे सपनों को साकार करने की नैसर्गिक कड़ी खतियान ही है। इसके बिना न तो हम अपने अधिकार ले सकते हैं और न ही बाहरी व्यक्ति से अपने पूर्वजों की संस्कृति एवं परंपरा की रक्षा ही कर सकते हैं। कहा कि खतियानधारियों की दशा और दिशा दिन प्रतिदिन दयनीय होते जा रहा है, युवाओं का रोजगार छीना जा रहा है। पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि झारखंड का निर्माण झारखंडियों के लिए हुआ है, लेकिन आज झारखंड के मूलवासी खतियानधारी अपने ही घर में न्याय के लिए तरस रहे हैं। बाहरी तत्व




झारखंडियों के हक और अधिकार को दबाने, मिटाने और कुचलने में लगी हुई है। संतोष रजवार ने कहा कि मूलवासियों के हित पर कुठोराघात हो रहा है। खतियानधारियों के हक और अधिकार को छिनने का काम किया जा रहा है। इसके पूर्व सर्व सम्मति से संरक्षक मंडल एवं कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। संरक्षक मंडल में मुख्य संरक्षक पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, संरक्षक योगेश्वर महतो बाटुल, संतोष रजवार, हाकिम प्रसाद महतो, देवाशीष मंडल, जवाहरलाल माहथा, अजीत सिंह चौधरी कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पार्वती चरण महतो, हसनूल अंसारी, शत्रुघ्न महतो, उपाध्यक्ष गयाराम सिंह चौधरी, उमेश महतो, लखन ख्वास, सुनील महतो, मोहन मूर्मू, रफीक अंसारी, प्रधान सचिव विश्वनाथ महतो, महासचिव सुनील महतो, संतोष सिंह, जूबिल अहमद, खगेंद्र नाथ वर्मा, कोषाध्यक्ष बधन शर्मा, प्रवक्ता अशोक महतो, संगठन सचिव भोलानाथ गोप, अमर स्वर्णकार सचिव में किरण मांझी, शिवलाल केवट, गोलबाबू अंसारी, गंगाधर प्रमाणिक, जलेश्वर दास, लालटेन गोप, सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश शर्मा, इरफान अंसारी, सलाहकार समिति में चक्रधर शर्मा, साधन माहथा, राजेश महतो, अनवर अंसारी, लालमोहन शर्मा, दुर्गाचरण महतो आदि शामिल है।

## सेल में कार्यरत ठेका मजदूरों का राष्ट्रीय कन्वेंशन

# केंद्र सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी : तपन सेन

**राष्ट्रीय खबर**

**बोकारो** : सेक्टर 12 क्लब एके राय नगर व शहीद यादव प्रसाद मंच में सेल में कार्यरत ठेका मजदूरों का राष्ट्रीय कन्वेंशन बिष्णु मोहंती, बीडी प्रसाद, एसपी डे, जीपी बनर्जी के संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम झंडोत्तोलन सीटू के राष्ट्रीय महामंत्री तपन सेन ने किया। उसके बाद शहीद बेदी पर माल्यार्पण किया गया।

सेल के विभिन्न युनिटों से आए सैकड़ों ठेका मजदूरों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय महामंत्री सह एनजेसीएस सदस्य तपन सेन ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी है, यही



कारण है कि तमाम श्रम कानूनों को बदलकर चार लेबर कोड में बदल दिया गया है। जिसका सीधा असर सेल के प्लांट और माइन्स में देखने को मिल रहा है।

प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि ठेका मजदूरों को कमजोर समझने की गलती प्रबंधन नहीं करें। ठेका मजदूर भी सेल का मजदूर है। ठेका मजदूर भी सेल के लिए इस्पात का उत्पादन करता है किसी ठेकेदार के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि मंहगाई आसमान छू रही है परंतु पिछले 10-12 सालों से ठेका मजदूरों की मजदूरी में एक रूपए की बढ़ोत्तरी भी प्रबंधन द्वारा नहीं की गई है।

ठेका मजदूरों को भी सेल की न्यूनतम मजदूरी और सुविधाएं देनी होगी।

# अवैध खनन पर रोक लगाए सरकार: क्रिस्टो



**राष्ट्रीय खबर**

**नामकुमः** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के टूंगरी टोला में खनन पदाधिकारियों की साठगांठ और मिली भगत से धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध पत्थर खनन और अवैध क्रशर मशीन । बताया गया कि पत्थर का खनन बगैर लीज के सिलवे मौजा के गैरमजरूआ जमीन खाता नंबर 247 प्लॉट नंबर 2568 2601 2589 2526 एवं 2502 पर अवैध रूप से किए जा रहे हैं । इन्हीं पत्थर खदान के बगल मे स्कूल और आंगन बाडी केन्द्र भी अवस्थित हैं । पत्थर तोड़ने के लिए किए जाने वाले बलास्टींग के चलाते छात्र छात्राओं एव ग्रामीणों बीच हमेशा दहस्त का वातावरण बना रहता है । क्षेत्र के ग्रामीणों ने पिछले साल तत्कालीन उपायुक्त रांची को ज्ञापन देकर अवैध रूप से सरकारी जमीन पर हो रहे खनन कार्य को बन्द कराने की मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुयी है । और धड़ल्ले से अवैध रूप से पत्थरों का खनन का काम जारी है । पुनः उपायुक्त रांची को स्मार आवेदन पत्र सौंप कर स्कूल और आंगनबाड़ी के नजदीक विस्फोट करके किए जा रहे अवैध खनन और अवैध रूप से संचालित क्रसर कार्य के विरूध करवाई किए जाने की ग्रामीणो ने मांग की है ।

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक में मिशन 2024 पर की गई चर्चा



**राष्ट्रीय खबर**

**चांडिल** : चांडिल स्टेशन स्थित सांसद समाधान केंद्र में रविवार को भाजपा चांडिल मध्य मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मिशन 2024 को लेकर भाजपा नेताओं ने चर्चा की। इस दौरान कार्यसमिति के सदस्यों ने मिशन 2024 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विचार विमर्श किया। वहीं, सांगठनिक मजबूती के रणनीति तैयार किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई ने कहा आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता प्रचंड बहुमत देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए यहां डबल इंजन की सरकार की जरूरत है।उन्होंने कहा पूर्व के सरकार द्वारा अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को लाने का काम किया था, उन्हें हेमंत सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है। इससे राज्य की जनता को उन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल रही हैं। मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज महतो, जिला उपाध्यक्ष खुदी सिंह सरदार, भाजपा नेत्री सारथी महतो, चांडिल मध्य मंडल प्रभारी ठाकुर दास महतो, रामकृष्ण महतो, जगदीश महतो, कृपाकर महतो, दिवाकर सिंह, आकाश महतो आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल में हुआ मातृ सम्मेलन का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**चांडिल** : नौरंगराय सूयार्देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रुचाप चांडिल में रविवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के लगभग 700 माताओं और बहनों सम्मिलित हुई।

सर्वप्रथम माताओं में से ही वंदना साहु को अध्यक्ष एवं माला देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य कुणाल कुमार, उपप्राचार्य सुब्रत चटर्जी, अभिभावक अध्यक्ष वंदना साहु एवं उपाध्यक्ष माला देवी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य कुणाल कुमार ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप- रेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात सुब्रत चटर्जी ने भैया - बहनों के विकास से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण बातें माताओं के साथ साझा की।

इस अवसर पर माताओं के बीच म्यूजिकल चेयर खेल कि आयोजन किया गया जिसमे प्रथम बहन निष्ठा कुमारी कि माता सुनैना देवी द्वितीय बहन किरण तिर्की की माता अनिता उरांव एवं तृतीय बहन श्रुति महतो की माता कमला महतो ने स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अनेक माताओं ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अंत में अध्यक्ष महोदया ने अपने वक्तव्य में इस तरह की आयोजन की प्रसंशा की और कहा की सभी अभिभावक समय पर मासिक शुल्क जमा करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य एवं दीदीजी की सराहनीय भूमिका रहा।

## कार्यक्रम > साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी आयोजित

# साहित्य से समाज को मिलती है नई दिशा: अरुण

▶▶ सगरो फूल फुलेलै, कही जे श्रृतुवसंत चलिएलै

**राष्ट्रीय खबर**

बोकारो : चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी रविवार को साहित्यकार भुटकुन झा के चास स्थित आवास रोजवैली अपार्टमेंट में कवि व गायक अरुण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचनागोष्ठी की शुरूआत कवि भुटकुन झा ने मैथिली में स्वागत




गीत सुनाकर की। तत्पश्चात उन्होंने संस्कृत में साहित्य की महत्ता को दशार्ती रचना सुनाने के बाद मैथिली में देखियौ वसंत आबि गेल.. सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। अमन कुमार झा ने मैथिली कथा कोहबरक पान, राजीव कंठ ने मैथिली में हास्य लघुकथा प्रतिउत्पन्न मति व बाल्टी, राजेंद्र कुमार ने संस्मरण, डॉ रणजीत कुमार झा ने हिंदी कविता मृगनयनी व मैथिली गीत सुनु सुनु सुन्नरि, विजय शंकर मल्लिक सुधापति ने मैथिली कविता सगरो फूल फुलेलै, कही जे श्रृतुवसंत चलिएलै..., हिंदी कविता व गजल एवं अरुण पाठक ने मैथिली होली गीत-होली पावनि अछि मनभावन, एकरा सभ मिलि संग मनाउ... सुनाकर सबकी दाद पायी। पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी भी दी गयी। अध्यक्षीय वक्तव्य में अरुण पाठक ने कहा कि साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी अद्वितीय होती है।

# प्रभाकर ने चलाया बाल अधिकार संरक्षण जागरूकता अभियान

▶▶ जागरूकता ही सुरक्षा है : डॉ प्रभाकर

**राष्ट्रीय खबर**

**बोकारो** : बाल अधिकार कार्यकर्ता सह मनोवैज्ञानिक डॉ प्रभाकर कुमार द्वारा महुआर बस्ती दुर्गा मंदिर में बाल अधिकार संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया। डॉ प्रभाकर ने कहा कि बाल अधिकार की अद्यतन जानकारी बच्चों को निर्भीक बनाते है। किसी भी अकल्पनीय स्थिति में बच्चों में साहस का संचार होता है। वे अपने को सुरक्षित व सहज पाते है अतः बच्चों में बाल



अधिकारों व कानून का ज्ञान उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते है। कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, बाल दुर्व्यवहार, बाल हिंसा व शोषण आदि सामाजिक बुराइयों से बच्चों को सुरक्षित रखा है। जागरूकता ही सुरक्षा है। मौके पर पृथ्वीराज सिंह, कामख्या सिंह, अंजू देवी, फूल अंजना देवी, सावित्री देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### कुड़मालि कैलेंडर का हुआ विमोचन

**चांडिल** : कुड़मि संस्कृति विकास मंच चांडिल द्वारा रविवार को चांडिल गोलचक्कर में कुड़मालि कैलेंडर का विमोचन किया गया।इस दौरान मंच द्वारा अपने भाषा - संस्कृति के प्रचार - प्रसार को लेकर आगे की रणनीति तय की गई। इसके साथ ही समाज के विकास और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मिलकर लड़ने पर सहमति जताई गई। बैठक में देवाशीष महतो, सीताराम महतो, मनीष महतो, विकास महतो, सुभाष महतो, निखिल महतो, दिनेश महतो, प्रशांत महतो, चंद्र महतो एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

### साइबर क्राइम का मामला हुआ दर्ज

**महेशपुर (पाकुड़)** : थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांव के तीन लोगों का साइबर क्राइम के तहत बैंक खाते से 38 हजार 500 रुपये अवैध तरीके से निकाल लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर कागजपुर गांव निवासी सद्दाम हुसैन ने बीते कल देर शाम थाना में अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि उसका बैंक खाता संख्या 32645042098 से बीते दो फरवरी एवं तीन फरवरी को दो बार में दस-दस हजार करके कुल 20 हजार रुपये की अवैध निकासी की गई है। सद्दाम हुसैन ने बताया कि उसके बैंक खाते से कैसे निकासी हो गई। उसे कुछ भी जानकारी नहीं हो पा रही है। बताया कि किसी के द्वारा ओटीपी भी नहीं मांगा गया और न ही किसी को फिंगरप्रिंट दिए हैं। बताया कि इसकी जानकारी उसको तब हुई जब सुखार योजना का रुपया उसका खाते में आने वाला था। तो उसने ऑनलाइन से अपना एकाउंट चेक कर ले लगा तब उसे पता चला कि दो बार में दस-दस हजार करके कुल 20 हजार रुपये अवैध तरीके से निकासी कर ली गई है। वहीं रिजाउल शेख तेतुलिया गांव निवासी ने भी बताया कि उसका बैंक खाता संख्या 39572616178 से बीते दो फरवरी को 10 हजार रुपये एवं तीन फरवरी को 1500 सो रुपए कुल 11 हजार 500 रुपए का अवैध निकासी कर ली गई है। वहीं रद्दीपुर ओपी के पलसा गांव निवासी हासी दास के बैंक खाता संख्या 30477299092 से बीते एक फरवरी को सात हजार रुपए की अवैध तरीके से निकासी कर ली गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि अवैध निकासी को लेकर साइबर क्राइम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### प्रदेश प्रभारी ने सौंपा गया ज्ञापन

**पाकुड़** : झारखंड प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के सभागार में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार राय ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद अंतर जिला स्थानांतरण से संबंधित ज्ञापन सौंपकर इस मामले का जल्द से जल्द हल करने का निवेदन किया। बताते चलें कि श्री राय लगातार इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करते आ रहे हैं एवं शिक्षकों को लगता है कि मुख्यमंत्री ही अंतर जिला स्थानांतरण की समस्याओं से निजात दिलाएंगे। मौके पर संघ के दीपक कुमार, इमोन दास गुप्ता मौजूद थे।

### मन की बात कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु बैठक

**महेशपुर (पाकुड़)** : अंबेडकर चौक स्थित लक्ष्मी मार्केट में रविवार को जिला कार्य समिति का बैठक जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री मिस्त्री सोरेन शर्मिला रजक, नगर परिषद अध्यक्ष संपा साहा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू,हिसाबी राय,नुग्रहित प्रसाद साह,दानियल किस्कु,सुफल मरांडी,मीरा प्रवीण सिंह के अलावे जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन मजबूती को लेकर विशेष रूप से चर्चा कर नीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि अप्रैल महीना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वी मन की बात एपिसोड पूर्ण होने वाला है, इसको लेकर व्यापक चर्चा की गई। साथ ही बुथ मजबूती को लेकर भी चर्चा किया गया।

### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**झुमरी** : कोडरमा जिले के चाराडीह में श्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात रविवार को महा भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया। स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरण कर भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पूर्व श्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की अंतिम संध्या साध्वी डॉ. विश्वेश्वरी देवी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा की संगीतमय प्रस्तुति दी गयी। भंडारा कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नीरा यादव, भाजपा नेता शिवेंद्र नारायण, अनूप जोशी, चंद्रशेखर जोशी, नितेश चंद्रवंशी समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### योग का प्रचार करने पहुंचीं सुषमा सुमन

**कोडरमा** : पतंजलि परिवार सतगावां में घर घर योग की जागृति के लिए और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए घोड सिमर मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए योगी सुषमा सुमन ने भगवान के शरण में जाकर प्रार्थना विनती की। योगी सुषमा सुमन ने बताया कि अभी प्रखंड के अंदर योग आयुर्वेद और स्वदेशी वैदिक शिक्षा पद्धति बोर्ड पर विशेष जागृत करना है। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि पतंजलि प्रखंड प्रभारी दयानंद गुप्ता के साथ पूरे जोर-शोर से कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। सभी समाजसेवी व्यक्तियों से घर-घर जाकर योगी सुषमा सुमन मिल रही है। सबका समर्थन और सब का प्यार, सब का सहयोग मिलेगा तभी महा क्रांति के रूप में योग की सेवा होगी।

### दस दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप

तमाड़ : प्रखंड क्षेत्र में पिछले दस दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। साथ ही लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गर्मी शुरू नहीं हुई है और पेयजल आपूर्ति की स्थिति ठीक नहीं होने से ग्रामीण काफी चिंतित है। लोगों का कहना है कभी भी तमाड़ में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं की जाती है। सप्ताह में एक का दिन पेयजल मिल जाती है तो काफी है। बताया जाता है की बिजली आपूर्ति सही ढंग से नहीं होने के कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है। इधर पेयजल के कनिया अभियंता का कहना है तमाड़ में कांची नदी से पेयजल आपूर्ति किया जाता है। पंप हाउस में बिजली की आपूर्ति होती है तो टंकी सालगाडीह में बनाया गया है। वहां बिजली आपूर्ति ठप रहती है। पंप हाउस को अलग फिटर से एवं टंकी में अलग फिटर से बिजली की आपूर्ति की जाती है। जिस कारण पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ता है। लोड सेटिंग के कारण एक जगह बिजली काटी जाती है तो दूसरी जगह बिजली आपूर्ति शुरू की जाती है। इस समस्याओं को दूर करने का प्रयास दोनों विभाग मिलजुलकर नहीं कर रहे हैं। सिर्फ दोनों विभाग आपस को दोषारोपण कर पेयजल आपूर्ति बाधित किए हुए हैं। फिलहाल दस दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है।

### ट्रैफिक संभालने वाले 136 पुलिसकर्मी इधर से उधर

**नामकुम** : थाना के समीप कबाड़ी में भयानक आग लग गई। चारों तरफ धुआं ही धुआं फैल गया। आग एक पुराने टायर के गोदाम में लगी है। धीरे-धीरे आग चारों ओर फैल गई। चारों तरफ काला धुआं फैल गया। आग इतनी भयानक थी कि आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि आग मेराज नाम के व्यक्ति की कबाड़ी दुकान और पुराना टायर का गोदाम में लगी है। खबर पाकर मौके पर 3 दमकल की गाड़ियां पहुंची। टीम आग पर काबू पाने में जुटी है। आग कैसे लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। घटना शाम करीब साढ़े 4 बजे की है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### युवाओं के भविष्य में परिवारवाद एक बड़ा बाधा

**बेरमो :** बेरमो के समाजसेवी और शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने सीसीएल ढोरी के चपरी रेस्ट हाउस मे रविवार को प्रेस को बताया कि बेरमो के विकास और युवाओं के भविष्य में एक राजनीतिक परिवार बड़ा बाधक बना हुआ है। कहा कि बेरमो मे विकास एवं युवाओ के सुरक्षित भविष्य के लिए बेरमो से परिवारवाद की राजनीति की खात्मा जरूरी है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### तिलका मांझी की जयंती मनाई गई

**कुजू :** भारत जकात मांझी परगना महल माण्डु (रामगढ )की ओर से बाबा तिलका मांझी का 273वां जयंती आरा उतरी पंचायत भवन में मनाया गया । कार्यक्रम कि सुरुआत बाबा तिलका माझी के तस्वीर पर रामगढ़ हजारीबाग जिला के परगना सोहराय किस्कु एव महादेव मरडी जयबीर हंसदा के द्वारा मल्यार्पन कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोहराय किस्कु ने कहा कि तिलका मांझी को इतिहास में स्थान नहीं दिया गया बाबा तिलका मांझी हि स्वतन्त्रता कि पहली लड़ाई की शुरूआत की थी । हमारे स्वतंत्रा सेनानियो को पाठयक्रम शामिल किया जाय । कार्यक्रम में मनेन्द्र हेम्ब्रोम, रामसिन्ह मरडी,सुरेश टुडू,बिरजा मुरमू,रासका हेम्ब्रोम,गनेश टुडू, मनाराम हेम्ब्रोम, भोला मुर्मू, मुचरु हस्दा,चन्द्र मोहन मुर्मू, मानकी टुडु, गोपाल माझी, सुनिल किस्कु, प्रकाश मरान्डी, हीरालाल बसके, तालोराम माझी, नरेश माझी, किशोर कुमार बास्के, अर्जुन किस्कु, मनोज मराण्डी, कृष्णा मराण्डी, चेतलाल हेम्ब्रोम, कर्मा माझी, लालदेव मराण्डी, उमेश मुर्मु, प्रिया कुमारी, उर्मिला कुमारी, सुनिता कुमारी, संगीता हेम्ब्रोम,मोनिका मुर्मू,सुरेश माझी माण्डू, डाडी, चुरचु, एव गोमिया प्रखन्ड के माझी बाबा एवं विभिन्न ओल चिकी इतुन आसडा के शिक्षक एवं छात्र छात्राए शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल : राजेश

**बेरमो :** भाजपा किसान मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने रविवार को पेटरवार प्रखंड के चलकरी उत्तरी पंचायत के गिरि टोला में पेयजल समस्या को देखते हुए अपने निजी मद से ओपेन वायल समरसेबुल मोटर ग्रामीणों को दिया। जिससे गिरी टोला के ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध हो सके। सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल है। गर्मी अभी आया भी नहीं कि लोग पेयजल समस्या से जूझने लगे हैं। इसलिए मुझे निजी मद से यहां ओपनवेल समरसेबल मोटर उपलब्ध कराना पड़ा है। समरसेबल मोटर पाकर गिरी टोला के ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई। इसके बाद गिरी टोला की शिव मंदिर मे माथा टेका और मंदिर मरम्मत के लिए 30 बोरा सीमेंट देने की घोषणा किया। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश कुमार ठाकुर, वार्ड सदस्य अरूण गिरि,महेश गिरि,अर्जुन गिरि,महेंद्र गिरि, कुन्ती देवी,वीणा देवी पिकी देवी,दुखनी देवी, सोना देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने चलकरी बस्ती मे लगाया चौपाल

**बेरमो :** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व मे पेटरवार प्रखंड के चलकरी बस्ती स्थित गिरि टोला मे किसान चौपाल कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की केंद्र की अनेकों किसान कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के सभी किसानों तक पहुंचाने का कार्य किसान मोर्चा के हर कार्यकताओं का दायित्व है। कहा कि एक तरफ देश में मोदी सरकार दिन-रात किसान हित में कार्य कर रही है वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की संयुक्त सरकार किसानों के अस्तित्व को ही मिटाने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच भ्रम फैलाकर सत्ता में आई हेमंत सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैं।

---

**कार्यक्रम** — टेकलाल महतो स्मृति भवन में भाजपा की बैठक संपन्न

# देश चुनाव मोड में,प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाए : पटेल

▶▶ प्रधानमंत्री आवास की व्यवस्था से सीना गर्व से फूल गया है




राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** टेकलाल महतो स्मृति भवन गिद्दी में डाड़ी मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल बतौर मुख्य अतिथि मैजूद थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वकील महतो ने की जबकि संचालन महामंत्री गुलचंद महतो ने और धन्यवाद ज्ञापन सर्वेश सिंह ने किया। बैठक को पुरुषोत्तम पाण्डेय, सुखदेव यादव, राकेश सिंह, राजू रंजन तिवारी ने संबोधित किया। सर्वप्रथम बैठक का वृत प्रदेश की ओर से नियुक्त प्रभारी डॉक्टर संजय सिंह ने लिया और आने वाले समय में प्रदेश के द्वारा प्रदत्त कार्यक्रमों की जानकारी दी।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक जे पी भाई पटेल ने कहा की आज भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व की वजह से पूरी दुनिया में भारत की धमक, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था , अभूतपूर्ण निर्णय, देश के हर कोने की चहुमुखी विकास, समाज के हर तबके के लिए मुफ्त अनाज, मुफ्त गैसचुल्हा, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास की व्यवस्था से सीना गर्व से फूल गया है। देश आज चुनाव के मूड में आ गया है इसलिए पूरी ताकत से जनता के बीच सरकार की उपलब्धि को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता जाए। क्यों कि यदि हमने मौका चुका तो शायद ये देश गलत हाथों में चला जायेगा।

इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में काम पर लग जाए। साथ ही डाड़ी मंडल के सभी कार्यकर्ता रामगढ़ चुनाव में लगकर भाजपा-आजसू के संयुक्त प्रत्याशी को जिताने में तन मन से लग जाए । हेमंत सरकार भ्रष्टाचारियों की सरकार है अपराधियों की सरकार है,बलात्कारियों की सरकार है। जिसे उखाड़ फेकने के लिए इस सरकार को इस उपचुनाव में हराकर सबक सिखाना जरूरी है.इस बैठक में मुख्य रूप से सेवालाल महतो, दीपक झा, ब्रिजकिशोर पाठक, गिरिजा सिंह, मुन्ना त्रिपाठी, गुंजन साव, चंदन सिंह, चंद्रशेखर सिंह, सुदय महतो, राजदीप प्रसाद, नंदकुमार महतो, सुरेश महतो, भोला महतो, नारायण महतो, बसंत प्रजापति,चंद्रिका प्रसाद, नकुल महतो, लोकनाथ महतो, सतीश सिंह,त्रिभुवन महती, दिलीप भोक्ता साहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** नगर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक चट्टी बाजार स्थित नेहा फर्नीचर के सभागार में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष बलराम साहू ने किया तथा संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव ने किया। बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं वार्ड कमेटी के सदस्य उपस्थित होकर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने का संकल्प लिया एवम इसके लिए आवश्यक रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी के द्वारा किए गए कार्य और झारखंड सरकार के 3 सालों के कार्यों को लेकर हमें जनता के बीच जाना है उन्होंने कहा कि ममता देवी के कार्यकाल में पूरे विधानसभा में गुंडाराज एवं रंगदारी का खात्मा हुआ और पूरे क्षेत्र में अमन चैन का माहौल रहा जो आज चर्चा का विषय बना हुआ है । बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, मुकेश यादव,सुधीर सिंह, अनु विश्वकर्मा,पंकज प्रसाद तिवारी, बलजीत सिंह बेदी, राजेंद्र चौधरी, अख्तर आजाद,अनिल नायक,समीर हुसैन,राव राम, उपेंद्र वर्मा, गगन करमाली, जे के अग्रवाल,संजीव खंडेलवाल,गगन करमाली, सागर नायक, संतोष नायक,ज्योति देवी, रोहित कुमार यादव, साजिद हुसैन, साजिद हुसैन, आजाद सिंह,मनीष पासवान,पप्पू पासवान,दानिश कुरेशी, सोनू सिंह,पवन महतो सभी कांग्रेसी जन उपस्थित थे।

# वेदों की ओर लौटने का सन्देश के लिए किया गया हवन यज्ञ



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** डीएवी पब्लिक स्कुल गिद्दी ए के प्रांगण में आर्य समाज के संस्थापक और वेदों की ओर लौटने का संदेश संस्कृत शिक्षक की उपस्थिति में हवन यज्ञ संपन्न का आयोजन किया गया।उसके बाद विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुनिल कुमार और समस्त शिक्षकों ने महर्षि दयानन्द की उनकी तस्वीर पर पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में महर्षि दयानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, वे आधुनिक भारत के महान चिंतक,समाज सुधारक, क्रांतिकारी, धर्मगुरु और देशभक्त थे।हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता देने, स्वदेशी जागरण तथा हिंदू धर्म के उत्थान और उनकी स्वाभिमान को जगाने हेतु स्वामी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वामी दयानंद सरस्वती ने लोगों के मन से अज्ञान और अंधविश्वास को हटाकर राष्ट्रवाद की भावना भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ही सबसे पहले कहा था कि भारत भारतीयों का है, जो बाद में चलकर स्वराज की मांग के रूप में प्रस्तुत हुआ। अंत में उन्होंने सभी शिक्षकों और छात्रों को उनके द्वारा बताए गए मार्ग को आत्मसात करने के लिए प्रेरणा दी।

# भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई



राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** बालिका उच्च विद्यालय मुरपा कुजू में भाजपा मांडू मंडल कार्यसमिति ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रंजीत कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, संचालन बालेश्वर महतो व धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार ने की। बैठक में संगठन की मजबूती बुथ समिति का गठन व पन्ना प्रमुख के चयन करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही, सभी मंडल के पदाधिकारी और शक्ति केंद्र प्रमुख से जल्द से जल्द पन्ना प्रमुख बनाकर मंडल में जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनोहर गुप्ता, अंशु गुप्ता, उमेश चंद्र पटेल, रतन प्रसाद साहू, विवेक कुमार गुप्ता, भीम महतो, प्रसाद, मुकेश महतो, आशीष कुमार, गणेश सोनी, ज्ञानी साव, रामानंद सिंह, शंकर महतो, फुलेश्वर साव, दशरथ प्रसाद केसरी, सूरज महतो, मन्नू महतो, सिद्धेश्वर महतो, बालगोविंद बेदिया शंभूलाल ठाकुर, नरेश गुप्ता, विजय पासवान डेगन बेदिया, धर्मेंद्र सिंह, पवन कुमार, परमेश्वर महतो, छात्रधारी प्रसाद, राजेश प्रसाद, समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

बेरमो कोयलांचल में हाइवा का कहर जारी

# तेज गति हाइवा ने तीन बाइक सवारों को किया घायल



**बेरमो /जारंगडीह :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह मुख्य बाजार में बीते देर शाम एक तेज गति हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार बुरी तरह घायल कर डाला। इस घटना मे बाइक सवार तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। बताता चलूं की एक हाइवा संख्या खंड9अह6684 जो काफी तेज गति से जारंगडीह बाजार पार कर रहा था। इसी क्रम में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक सामने से आ रहे थे। इसी बीच हाइवा ने चकमा देते हुए युवकों को अपने चपेट में ले लिया और काकी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। काफी दुर घसिटने के कारण तीनो युवक काफी बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना का नजारा देख रहे लोगों ने किसी तरह हाइवा को रोक कर पकड़ा और बोकारो थर्मल थाना के हवाले कर दिया। इसी बीच हाइवा के मालिक घटना स्थल पर पहुंच गए और तीनों युवक क्रमशः सावन कुमार, सुभाष कुमार, और अमित कुमार को बेहतर इलाज के लिए करगली रीजनल अस्पताल के लिए भेजा। दुसरी शब्दों में कहें तो जब से बेरमो की मुख्य सड़कों की दशा में सुधार आई है तब से मानो हाइवा की बहार आई हुई है अधिक से अधिक ट्रीप कर मालिक के नजरो मे चमकने और कमीशन कमाने के चक्कर में हाइवा की गति नियंत्रण से बाहर होती है। आपका नसीब अच्छा है कि अब तक आप सुरक्षित है नही तो यहां की सड़कों पर साक्षात मौत बनकर दौड़ती है कोयला लोड हाइवा। मगर दुर्भाग्य देखिए इसे देखने वाला कोई नहीं। यातायात विभाग समय समय खानापूर्ति करने हेतू मोटरसाइकिल वालो से फैन वसूल चली जाती है मगर हाइवा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती।

**अपराध** — दुग्दा पुलिस ने एक ही रात में आर्यवान हत्याकांड का उद्भेदन

# खुलासा कर तीन आरोपियों को भेजा जेल

▶▶ तीनों आरोपी को तेनुघाट जेल भेज दिया

▶▶ पंप से पानी निकाला और शव को बाहर लाया



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** दुग्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नौ फरवरी के रात्रि को कुरुंबा गांव निवासी बबलू देव के पांच वर्षीय पुत्र आर्यवान देव अचानक संध्या 5 बजे से, लापता हो गया। जिसकी सूचना रात को मिलते ही दुग्धा थाना प्रभारी कन्हैया राम दल बल के साथ कुरूंबा पहुंचकर छानबीन में जुट गई, इसी दौरान शक के आधार पर उसी गांव के मानस गोप,भाई चरकू गोप एवं उसके पिता को पूछताछ करने के लिए थाने ले आई जहां पूछताछ करने पर मानस गोप ने कबूल किया कि आर्यवान की हत्या उसी ने किया है।

उसने पुलिस को बताया कि आर्यवान देव को उठाकर कमलिया तालाब के पास वाली जंगल झाड़ियों में ले जाकर एक आंख फोड़कर व गला दबाकर उसकी निर्मम हत्या कर दिया फिर उस लाश को छुपाने लिए एक कुएं में, डाल दिया दुग्दा पुलिस तुरंत उक्त कुएं के पास पहुंच कर बड़ी मशक्कत के बाद,पंप से पानी निकाला और शव को बाहर लाया । शव को रात्रि में डीवीसी अस्पताल की, मोर्चरी रूम में रखवा दिया गया था, जिसे शुक्रवार को, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया मृतक के परिजनों ने बताया कि, मानस गोप और बबलू देव के बीच घटना के दो दिन पहले कुछ बात को लेकर कहा सुनी और झड़प हुई थी। जहां मानस गोप ने बबलू देव को बुरा अंजाम भुगतने का धमकी दिया था।

बबलू देव के दो संतानों में आर्यवान देव इकलौता बेटा था दुग्दा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर उक्त तीनों आरोपियों तेनुघाट कोर्ट में पेश किया जहां अनुमण्डल न्यायिक दंडाधिकारी दिपक कुमार साहू ने न्यायिक हिरासत में लेकर तीनों आरोपी को तेनुघाट जेल भेज दिया। दुग्दा पुलिस की पूरी टीम की तत्परता के कारण इस मामले का अनुसंधान कर खुलासा पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है

---

### अधिकारियों ने क्लस्टर एवं विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे के साथ 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत बनाए जाने वाले पुलिस क्लस्टर एवं विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुश्री मिश्रा ने पुलिस क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से क्लस्टर/मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव के मद्देनजर विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वही सुश्री मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे के साथ उपचुनाव के दौरान पुलिस क्लस्टर में पुलिस बल के रुकने हेतु अलग-अलग कमरों एवं चुनाव के मद्देनजर क्लस्टर में की जाने वाली अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

### मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** उपचुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट रामगढ़, चितरपुर कॉलेज चितरपुर, बरलंगा उच्च विद्यालय गोला, रजरप्पा मंदिर परिसर के समीप सहित अन्य क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौके पर रंगोली, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी कैंपेन, मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों व अन्य लोगों को आगामी 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान 27 फरवरी को होने वाले मतदान की जानकारी दी गई वही सभी योग्य मतदाताओं से उप निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई वही मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से छात्रों एवं अन्य लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देने के क्रम में सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

### गोमिया सीएचसी में 23 जनवरी से धरना दे रही हैं सहियाएं



**बेरमो :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया परिसर में धरना के बीच सहियाओं नें प्रखंड कमेटी का गठन किया। जिला संयोजक ललिता देवी व कैलाश गिरी के देखरेख में संघ का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से बेबी गुलशन को प्रखंड अध्यक्ष, जिप सदस्य डॉ.सुरेंद्र राज और गंदौरी राम को संघ का संरक्षक बनाया गया। झारखंड राज्य स्वास्थ्य सहिया संघ की ओर से 23 जनवरी से हड़ताल जारी है। गोमिया में भी सहियाओं की हड़ताल चल रही है। सहियाओं को संबोधित करते हुए संरक्षक डॉ.सुरेंद्र राज ने कहा कि सहिया बहनों की मांग जायज है। वे गांव के हर घर पर जाती हैं और राज्य व केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को जमीन पर उतारती हैं। जब सहिया बहनें स्वास्थ्य कर्मी के रूप में काम करती हैं, तो उन्हें यह दर्जा मिलनी चाहिए। सरकार सहियाओं को स्वास्थ्य कर्मी का दर्जा देते हुए उचित मानदेय दे। वहीं बेबी गुलशन को प्रखंड अध्यक्ष, किरण देवी, रूबी बाला, उर्मिला और चंद्रदेव दास को उपाध्यक्ष, गीता देवी को सचिव, रेखा सिमती सुमन और कृष्णा साव को सह सचिव, रेखा को संघठन मंत्री, मणि देवी सहायक संघठन मंत्री, लखी देवी को कोषाध्यक्ष उप कोषाध्यक्ष आशा, संयोजक हाकिम अंसारी और रामजी प्रसाद को बनाया गया।

### बाल विद्या मंदिर में विदाई समारोह का आयोजन



**कुजू :** बाल विद्या मंदिर आरा में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष रति महतो, प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक गुरमीत धीमान समेत अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सफलता को लेकर कई मंत्र देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वही, विद्यार्थियों द्वारा कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। साथ ही, शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिया गया। मौके पर काफी संख्या में विद्यार्थी और शिक्षक शिक्षकेतर मौजूद रहे।

### ठेका श्रमिकों के बुलावे पर दोरबार चट्टानी में आयोजित बैठक में शामिल हुए योगेन्द्र




**बेरमो/ललपनिया :** राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेन्द्र प्रसाद महतो टीटीपीएस ललपनिया के ठीका श्रमिकों के बुलावे पर दोरबार चट्टानी में शनिवार को आयोजित बैठक में मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान ठेका श्रमिकों ने माननीय मंत्रीजी को ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए 60 साल में सेवानिवृति मामले से जुड़ी कई मांगें रखी और समाधान का आग्रह किया। जैसे सेवानिवृति के बाद आश्रित को नियोजन देने या फिर फिटनेस के आधार पर ठेका श्रमिक को आगे भी सेवा से जुड़े रहने, पूर्ण ग्रेच्युटी भुगतान, सम्मान राशि एवं संवेदक द्वारा बकाया होली डे, बोनस आदि भुगतान कराने आदि की मांग की। जहां मंत्री जी ने ठेका श्रमिकों की बातों को गम्भीरता से सुनने के बाद ठीका मजदूरों को भरोसा दिया है कि नियमानुसार उनकी मांगों पर पहल करेंगे।वही इस मामले में उन्होंने विस्तार से मंथन करने पर भी बल दिया। इस मौके पर अजय महतो, बद्री यादव, हरिहर साव, भीम साव,अनवर अंसारी, अनुज जायसवाल,किशोर साव, रोहित साव, कौलेश्वर, महावीर, चितरंजन, , मेराज, सहदेव, बिंदुल, अशोक यादव, इरफान अंसारी, सच्चिदानंद, कमल ठाकुर, जागो मांझी समेत सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

संपादकीय

# अडाणी के साथ आम जनता का भविष्य भी जुड़ा है

यह पुरानी कहावत है कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो उसके आस पास के छोटे पेड़ और घास यूं ही तबाह हो जाते हैं। लेकिन दूसरी बात यह भी है कि बड़ा पेड़ गिरने के बाद दोबारा उस हालत में उग नहीं पाता जबकि घास फिर से नमी पाकर अपने पूर्व स्थिति में लौट जाते हैं। यह सवाल अभी देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े अडाणी समूह के आर्थिक कारोबार के साथ जुड़ा हुआ है। यह एक सहज सवाल यह है कि बड़े पतन के बाद क्या होता है? अगर अदाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्य में 120 अरब डॉलर से भी अधिक की गिरावट आई है। सच यह भी है कि समूह का मूल्यांकन अभी भी 100 अरब डॉलर से अधिक है। इस राशि में अदाणी का निजी मूल्यांकन कम से कम दो तिहाई है। ये आंकड़े लगभग हैं क्योंकि परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और विभिन्न समायोजन को शामिल कर पाना मुश्किल होगा लेकिन अगर अदाणी संपत्ति के मामले में दुनिया के शीर्ष दो-तीन कारोबारियों या शीर्ष 20 में भी शामिल नहीं हैं तो भी वह बहुत अमीर हैं और उनके समूह का



आकार अभी भी बहुत बड़ा है। भारत सरकार और उसकी एजेंसियां बार बार यह दिलासा देने की कोशिश कर रही हैं कि इससे देश की जनता को कोई नुकसान नहीं होगा। दूसरी तरफ अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां एक के बाद एक अडाणी पर प्रतिबंध लगाती जा रही है। विवाद का कारण हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट है। रिपोर्ट में उसने कहा था कि समूह 85 फीसदी तक अधिमूल्यित था। चूंकि अनुमान 10 दिन पहले जारी किए गए थे इसलिए शेयर कीमतों में औसतन 60 फीसदी तक की कमी आई है। लेकिन इसके बावजूद समूह की कंपनियों का मूल्यांकन काफी अधिक है। उदाहरण के लिए अदाणी पावर का मूल्यांकन उसकी बुक वैल्यू का 14 गुना है। अदाणी ट्रांसमिशन का भी यही हाल है जबकि अदाणी ग्रीन एनर्जी का मूल्यांकन उसकी बुक वैल्यू का 56 गुना है। हाल ही में अधिग्रहीत अंबुजा सीमेंट की बुक वैल्यू जरूर अपेक्षाकृत सामान्य है। उसका मूल्य और बुक अनुपात 2.1 का है। सामान्य मूल्यांकन के मानकों के मुताबिक देखें तो अदाणी के कई शेयर अभी गिरावट से काफी दूर हैं। कंपनियां बाजार पूंजीकरण के आधार पर बनती या बिखरती नहीं हैं हालांकि वे इसका लाभ नई पूंजी जुटाने में कर सकती हैं। परंतु पूंजी को चुकता करना होता है और इसके लिए आपको मुनाफे और नकदी की जरूरत होती है। गत मार्च में अदाणी समूह की सात मूलभूत सूचीबद्ध कंपनियों का कर पूर्व लाभ 17,000 करोड़ रुपये था जो एनटीपीसी से बहुत अलग नहीं था। समूह का विदेशी कर्ज अब बाजार में बेहद सस्ते स्तर पर है और क्रेडिट रेटिंग्स में भी कमी आ सकती है। यानी कोई भी नया बॉन्ड महंगा होगा। नया बैंक ऋण भी आसानी से नहीं मिलेगा। अदाणी एंटरप्राइजेज के मामले के बाद शेयर बाजार भी किसी नए शेयर की पेशकश को आसानी से नहीं लेगा। संक्षेप में कहें तो समूह का ध्यान अनिवार्य रूप से इस बात पर केंद्रित रहेगा कि कैसे कर्ज की मौजूदा देनदारियों का निर्वहन किया जाए ताकि वित्तीय विश्वसनीयता बरकरार रहे। नई महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए धन जुटाना तब तक रुक सकता है जब तक कि वित्तीय स्थिरता कायम नहीं हो जाती। सीमित नकदी प्रवाह के साथ और बाजार पूंजीकरण आधे से अधिक घट जाने के बाद अदाणी समूह को भी सोच समझकर कदम उठाने होंगे। मुकेश अंबानी से तुलना की जाए तो फिलहाल वह अदाणी से अधिक धनी हैं। परंतु दोनों में अंतर यह है कि अंबानी अपना कर्ज निपटा चुके हैं इसलिए उनके पास निवेश करने के लिए नकदी उपलब्ध है। इसलिए अदाणी द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन का सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा बिजली उत्पादक बनने, सौर ऊर्जा, रक्षा और सेमीकंडक्टर आदि के क्षेत्र में बड़ी परियोजनाओं के आगमन को लेकर शायद उनके बारे में कम ही सुनने को मिले। लेकिन यह बजट के साथ जुड़ता हुआ दिखता है कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में सरकार ने काफी भरकम बजट का प्रावधान किया है। बंदरगाहों, हवाई अड्डों और अन्य कारोबारों के विस्तार की तो बात ही अलग है। धीमी वृद्धि की बात करें तो इसका असर वर्तमान और गिरावट के बाद के बाजार मूल्यांकन पर पड़ने का जोखिम होता है। एक चतुर कारोबारी एक साथ कई कारोबारों के जरिये सकारात्मक वृद्धि भी हासिल कर सकता है लेकिन बाधाओं के चलते विकल्प सीमित होने की स्थिति में वह नकारात्मक स्थितियों में भी फंस सकता है। वैसे स्पष्ट है कि यह जीवन और मृत्यु की लड़ाई नहीं है इसलिए यह गौतम अदाणी का अंत तो कतई नहीं है। अभी भी वह देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं और उनका समूह सबसे बड़े कारोबारी समूहों में से एक है। लेकिन शुरूआती बहादुरी के बाद यकीनन अदाणी ने अपनी स्थिति का आकलन किया होगा।

# एक संघी एजेंडा, जिसका आदिवासी संस्कृति की रक्षा से कोई लेना-देना नहीं है

बड़ी भूरी आंखों वाली वह महिला कमजोर-सी लग रही है। अपनी बाहों पर चोटों को छुपाने के लिए उसने एक शॉल लपेट रखा है। उसकी आवाज धीमी है, लेकिन वह गरिमा के साथ बोलती है और इस गरिमा में निहित है जीवित रहने के लिए उसका संघर्ष।

वे बताती हैं, "मेरे गांव रामावंड में सांस्कृतिक भवन में सभा हो रही थी। मुझे रविवार की प्रार्थना में न जाने की चेतावनी दी गई थी। 27 दिसंबर को वे मेरे पति को घसीट कर ले गए और उसकी पिटाई शुरू कर दी। वे उसे लातों से ऐसे मार रहे थे जैसे कि वह कोई फुटबॉल हो और प्रत्येक खिलाड़ी किक मारने के लिए अपनी जगह लगातार बदल रहा हो।

मुझे गांव के नेताओं की ही छह महिला रिश्तेदारों ने पकड़ रखा था। वे लोग मुझे सबक सिखाने के लिए कह रहे थे और मुझे गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे। मेरा ब्लाउज फाड़ दिया गया, मेरे बाल खींचे गए, मेरे सिर पर बार-बार मुक्का मारा गया और मुझे जमीन पर पटक-पटक कर मारा गया। मेरे गांव में (यीशु पर) आस्था रखने वाली ग्यारह महिलाओं, जिनमें एक किशोरी भी शामिल है, को भी इसी तरह की यातना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर तुम शांति से रहना चाहती हो, तो 'घर वापस' आओ, हमारे समाज में फिर से शामिल हो। मैंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है, केवल प्रार्थना की है। उसके मामले में, एक प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वह छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर के कांकेर, कोंडागांव और नारायणपुर जिलों में ईसाई समुदाय के उन लगभग 500 आदिवासी परिवारों में से एक हैं, जिन पर पिछले साल अक्टूबर से लगातार हमले हो रहे हैं और इन हमलों के कारण वे सदमे में हैं और आतंकित हैं।



**बृंदा करात**
**राजनीतिज्ञ**

महिलाओं के खिलाफ हिंसा सहित हिंसा की व्यापकता और क्रूरता की शायद ही रिपोर्ट दर्ज की जा रही है, जैसा कि मैंने हाल ही में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के समय देखा है। दिसंबर में, 1,500 लोगों को अपने घरों से भागकर सरकार द्वारा आयोजित शिविरों, चर्चों, रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों में शरण लेना पड़ा था। 200 से अधिक अभी भी वापस नहीं लौट पाए हैं। नारायणपुर में मुख्य चर्च और 'प्रार्थना कक्ष' सहित इन जिलों के अन्य चर्चों में तोड़फोड़ की गई और कुछ मामलों में आग लगा दी गई। घरों को तोड़ा और लूटा गया है। नारायणपुर चर्च पर हमले के आरोप में गिरफ्तार लोगों में भाजपा जिलाध्यक्ष समेत अन्य स्थानीय नेता शामिल हैं।

बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसे आरएसएस से जुड़े संगठनों के नेतृत्व में धर्मांतरण के खिलाफ 'घर वापसी' अभियान कोई नया नहीं है। लेकिन इस बार अंतर यह है कि जनजाति सुरक्षा मंच जैसे मंचों के निर्माण के माध्यम से, इसे आदिवासियों द्वारा धर्मांतरण के खिलाफ अपनी परंपराओं की रक्षा के लिए एक सहज आंदोलन के रूप में पेश किया जा रहा है। ऐसा कुछ भी नहीं है।

नवंबर के पहले सप्ताह में, जनजाति सुरक्षा मंच के एक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व एक पूर्व भाजपा विधायक और क्षेत्र के एक आदिवासी नेता ने किया था। उन्होंने एक भड़काऊ भाषण देते हुए मांग की कि पीलिया से मरने वाली 55 वर्षीय आदिवासी ईसाई महिला चैतीबाई के शव को खोदकर निकाला जाए, जिसके परिवार ने उसे अपनी निजी जमीन पर दफना दिया था। उन्होंने घोषणा की कि गांव में एक ईसाई को दफनाने से 'ग्राम देवता क्रोधित होंगे और गांव को बर्बाद कर देंगे।' चैतीबाई के परिवार को इस हद तक धमकाया गया कि उन्होंने गांव ही छोड़ दिया। अगली रात मंच के लोगों ने कब्र खोदी और मृतक के शरीर को बाहर निकाला। प्रशासन ने इस तरह के अवैध, बर्बर कृत्य पर कार्रवाई करने की बजाय शव को कब्जे में लेकर 100 किमी. दूर ईसाई कब्रिस्तान में दफना दिया। प्रशासन के इस रवैये से जनजाति सुरक्षा मंच को प्रोत्साहन मिला और उसने और ज्यादा कब्रों की खुदाई का आयोजन किया, जिसके चलते ईसाई समुदाय के खिलाफ हिंसा में तेजी आई। हिंसा के वर्तमान दौर के लिए प्रतीक के रूप में जीवितों को नहीं, बल्कि मृतकों को बहाना बनाया गया है। ऐसी कार्रवाइयों का आदिवासी संस्कृतियों के संरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। आदिवासी अपने मृतकों को दफनाते हैं और जो ईसाई हैं, वे अपने मृतकों को अपनी जमीन पर दफनाते हैं। यह प्रथा भारत में कहीं भी, किसी भी आदिवासी क्षेत्र में कभी भी विवाद का मुद्दा नहीं रही है। यह एक गढ़ा गया एजेंडा है, जो आदिवासी संस्कृतियों के हिंदुत्वीकरण की परियोजना को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ में 2006 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ एक कानून बनाया था। धर्मांतरण के खिलाफ वर्तमान अभियान के विपरीत, जबरन धर्म परिवर्तन का एक भी मामला सामने नहीं आया है। जिस चीज पर हमला हो रहा है, वह अंतरात्मा की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार है।

आदिवासी क्षेत्रों में मंदिर बन रहे हैं, कीर्तन और भजन मंडलियां आयोजित की जा रही हैं, आदिवासी मान्यताओं और संस्कृतियों से दूर, मूर्ति पूजा से जुड़े कर्मकांडों का खुलेआम प्रचार किया जा रहा है। आदिवासी परंपराओं के नजरिये से देखा जाये, तो इन सब को भी थोपा हुआ और धर्मांतरण माना जा सकता है।

जब आदिवासियों में ईसाई विश्वासियों को 'घर लौटने' की धमकी दी जा रही है, तो किस 'घर' की ओर इशारा किया जा रहा है? झारखंड में झामुमो सरकार के नेतृत्व में विधानसभा ने जनगणना प्रारूप में 'सरना/आदिवासी' को शामिल करने के लिए एक कॉलम जोड़ने के लिए एक संकल्प पारित किया है, जो आदिवासियों के विश्वासों और आस्था को उल्लिखित अन्य धर्मों से अलग दर्शाता है।

झारखंड सरकार के इस कदम का भाजपा और 'घर वापसी' के प्रचारकों द्वारा कड़ा विरोध किया गया है, क्योंकि उनके लिए ₹घर वापसी₹ को 'हिंदू धर्म' में वापस आने के रूप में ही पहचाना जाता है और इसका आदिवासी होने की मान्यता से कोई लेना-देना नहीं है।

नारायणपुर के आदिवासी दो लौह अयस्क परियोजनाओं के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, जो ग्राम सभाओं की कानूनी और संवैधानिक रूप से अनिवार्य सहमति के बिना शुरू किए जा रहे हैं। ओडिशा नियमगिरि परियोजना के समान, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने रोक दिया था, ये परियोजनाएं आदिवासी विश्वास के लिए पवित्र माने जाने वाले क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। लेकिन आदिवासी अधिकार के इस मुद्दे पर जनजाति सुरक्षा मंच खामोश है।


हां, ग्राम सभा का यह अधिकार है कि ग्राम सभा की सहमति के बिना किसी परियोजना को रोक दें, लेकिन उनके इस अधिकार को 'घर वापसी' अभियान द्वारा विकृत किया जा रहा है और गांवों में ईसाई पादरियों के प्रवेश पर रोक लगाने जैसे अवैध प्रस्ताव पारित करवाये जा रहे हैं।

**अनुवाद : संजय पराते**

नजरिया

# वो झूठ बोलेगा और ला-जवाब कर देगा

देश की लोकसभा व राज्यसभा दोनों में पिछले दिनों अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिले। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उद्योगपति गौतम अडानी व प्रधानमंत्री के रिश्तों को लेकर कई गंभीर आरोप लगाते हुये कई सवाल पूछे गये। गौर तलब है कि जब से हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी के कोर्पोरेट साम्राज्य में सुनामी आई है और सूत्रों के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व भारतीय जीवन बीमा निगम सहित लाखों भारतीय निवेशकों द्वारा अडानी समूह पर किये गये निवेश पर संकट मंडराया है तभी से केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि पूरे देश की निगाहें इस बात पर टिकी थीं कि देखें आखिर प्रधानमंत्री अपने ऊपर लगने वाले 'अडानी संरक्षण' जैसे गंभीर आरोपों का क्या जवाब देते हैं।




**तनवीर जाफरी**
**पत्रकार**

> **राज्य सभा में तो उस समय अजीब स्थिति देखने को मिली जबकि एक ओर तो विपक्ष सदन में 'मोदी-अडानी भाई भाई' के नारे लगा रहा था ।**

परन्तु कई दिनों तक इसी विषय पर संसद के दोनों सदनों में हुये भारी हंगामे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में लगभग डेढ़ घण्टे तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विशेष अंदाज में भाषण तो जरूर दिया परन्तु अडानी मुद्दे पर स्पष्टीकरण देना या इसकी चर्चा करना तो दूर अडानी का जिक्र तक करना मुनासिब नहीं समझा। राज्य सभा में तो उस समय अजीब स्थिति देखने को मिली जबकि एक ओर तो विपक्ष सदन में 'मोदी-अडानी भाई भाई' के नारे लगा रहा था परन्तु उसी समय प्रधानमंत्री इस विरोध से बेफिक्र होकर विपक्ष पर ही हमलावर होते रहे। वे उस समय अडानी मुद्दे पर जवाब देने के बजाये पंडित नेहरू व इंदिरा गांधी की सरकारों के 'दोष' गिनाने में व्यस्त थे। इसमें कोई शक नहीं कि कोई भी सरकारें हों वे प्रायः राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सरकार की नीतियों,उपलब्धियों आदि की ही चर्चा करती हैं।इसीलिये प्रधानमंत्री ने दोनों ही सदनों में मुफ़्त राशन योजना,आयुष्मान योजना से लेकर जम्मू कश्मीर की वर्तमान स्थिति,पूर्वोत्तर के विकास का जिक्र, पोर्ट,एयर पोर्ट,रेलवे,राजमार्ग व सड़कों के विस्तार,कोरोना टीकाकरण,किसानों को दी जाने वाली धनराशि,उज्ज्वला योजना,आदि का खूब जिक्र किया और सत्ता पक्ष की खूब तालियां बटोरीं। यहाँ तक कि भाजपा सांसदों द्वारा संसद में काफी देर तक 'मोदी-मोदी ' के नारे भी लगाये जाते रहे। सत्ता के शक्ति प्रदर्शन के लिये तो यह जरूरी हो सकता है परन्तु देश की संसद देश के समक्ष दरपेश किसी अति महत्वपूर्ण मुद्दे की इसतरह भी अनदेखी नहीं करती जैसा पिछले दिनों प्रधानमंत्री के भाषण में देखने को मिला। मोदी-अडानी की प्रगाढ़ मित्रता को दो दशक से भी अधिक समय बीत चुका है। इस दौरान गुजरात से लेकर देश विदेशों तक अडानी ने अपने साम्राज्य का जिसतरह सही व गलत तरीकों से विस्तार किया है यह किसी से छुपा नहीं है। और हिंडनबर्ग ने जिसतरह अडानी के 'झूठ' और अनियमिताओं पर आधारित साम्राज्य की हवा निकाली है वह भी पूरा विश्व देख रहा है। विश्व के तीसरे सबसे बड़े उद्योगपति का रातोंरात शीर्ष दस और शीर्ष बीस तक की सूची से बाहर हो जाना कोई असाधारण घटना नहीं है। परन्तु जिस समय हिंडनबर्ग ने अडानी की पोल खोली उस समय अडानी भी राष्ट्रवाद की आड़ में अपना मुंह छिपाते दिखाई दिये थे। उन्होंने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को राष्ट्रवाद पर हमला बता दिया था। उधर प्रधानमंत्री भी अपने भाषण में अडानी के सम्बन्ध में कोई सफाई देने के बजाये विपक्ष व उसकी नीति व नीयत पर ही सवाल उठाते रहे।

# कृष्ण ने नहीं निभाया वादा

एक अन्य कथा के अनुसार राधा और कृष्ण एक-दूसरे को प्रेम करने लगे थे। उस वक्त कृष्ण की उम्र 8 और राधा की 12 वर्ष थी। जब यह बात राधा के घर के लोगों को पता चली तो उन्होंने उसे घर में ही कैद कर दिया। ऐसा किए जाने के कई कारण थे। एक कारण यह था कि राधा की मंगनी हो गई थी। जब कृष्ण को यह पता चला तो वे उसे कैद से छुड़ाकर यशोदा मां के पास ले आए। यह देखकर यशोदा मां भी दंग रह गईं। तब उन्होंने कृष्ण को बहुत समझाया कि लल्ला, ऐसा करना ठीक नहीं है। मैं तेरा विवाह दूसरे से करा दूंगी, लेकिन कृष्ण नहीं माने। बाद में यशोदा मैया और नंदबाबा उन्हें लेकर ऋषि गर्ग के पास गए। तब गर्ग ऋषि ने कान्हा को समझाया कि उनका जन्म किसी महान उद्देश्य के लिए हुआ है अतः वे किसी भी




मोह में बंध नहीं सकते। यह व्यर्थ का हठ छोड़ दें। यह सुनकर कान्हा उदास हो गए और उस दौरान उनका बुलावा मथुरा के लिए आ गया। तब वे वृंदावन छोड़कर हमेशा के लिए मथुरा चले गए। कृष्ण जाते वक्त राधा से ये वादा करके गए थे कि वो वापस आएंगे, लेकिन कृष्ण कभी भी राधा के पास वापस नहीं आए और यही दर्द हमेशा राधा और कृष्ण के मन में रहा।

**वृंदावन की गलियों में हैं प्रेम के निशान-**
राधा का गांव बरसाना था। कान्हा पहले गोकुल, फिर नंदगांव और बाद में वृंदावन में रहने लगे थे। वृंदावन में ही राधा के परिवार के लोग भी रहने आ गए थे। बस वहीं पर सांकेतिक तीर्थ से जन्मा राधा और कृष्ण का प्रेम पनपा। कहते हैं कि बचपन की मुहब्बत भुलाए नहीं भुलती।

उस काल में होली के दिन यहां वृंदावन में इतनी धूम होती थी कि दोनों गांव बरसाना और नंदगांव के लोग वृंदावन में इकट्ठा हो जाते थे। बरसाने से नंदगाव टोली आती और नंदगांव से भी टोली जाती थी। बरसाना गांव के पास 2 पहाड़ियां मिलती हैं। उनकी घाटी बहुत ही कम चौड़ी है। मान्यता है कि गोपियां इसी मार्ग से दही-मक्खन बेचने जाया करती थीं। यहीं पर कभी-कभी कृष्ण उनकी मक्खन वाली मटकी छीन लिया करते या फोड़ दिया करते थे।

जानकारी

# चेरापूंजी, मेघालय



मेघालय में स्थित चेरापूंजी में सबसे अधिक वर्षा होती है और अपनी इसी विशेषता के कारण यह स्थान बेहद प्रसिद्ध है। यह छुट्टी मनाने के लिए पूर्वोत्तर भारत के सबसे अच्छे स्थलों में से एक है। अगर आप प्रकृति के करीब रहकर एक अद्भुत अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यहां पर घूमने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मई तक का माना जाता है। अगर आप यहां पर हैं तो ऐसे में रूट ब्रिज के नीचे कैंपिंग या चढ़ाई करते समय आप उष्णकटिबंधीय वनस्पतियों और जीवों का आनंद ले सकते हैं। यदि आप यहां अधिक समय तक रहना चाहते हैं तो आपको चेरापूंजी में कई होमस्टे भी मिल जाएंगे।

# 125 KM माइलेज वाला Okaya Faast F3 लॉन्च

नई दिल्ली : Okaya EV ने भारतीय बाजार में Okaya Faast F3 इलेक्ट्रिक स्कूटर को पेश कर दिया है। 125 किमी की शानदार रेंज के साथ आने वाला Okaya Faast F3 एक वाटरप्रूफ और डस्ट रेसिस्टेंट है। इस स्कूटर में एंटी थेफ्ट फीचर मिलता है, जिससे चोरी होने की संभावना कम होती है। यहां हम आपको इस इलेक्ट्रिक स्कूटर के पावर और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**Okaya Faast F3 की कीमत**
कीमत की बात की जाए तो Okaya Faast F3 की कीमत 99,999 रुपये है। कलर ऑप्शन की बात करें तो यह Metallic Black, Metallic Cyan, Matte Green, Metallic Grey, Metallic Silver और Metallic White में उपलब्ध है।

**Okaya Faast F3 की पावर और रेंज**
Okaya Faast F3 में 1200W मोटर दी गई है जो कि 2500ह पावर जनरेट करती है। इस मोटर को पावर देने के लिए 3.53 kWh IYe Li-ion LFP ड्यूल बैटरी दी गई हैं, जो कि स्विचेबल टेक्नोलॉजी के साथ आती हैं, जिससे बैटरी लाइफ बढ़ती है। रेंज की बात करें तो यह एक बार फुल चार्ज होकर 125 किमी की रेंज प्रदान करती है। स्पीड की बात करें तो यह 70Km की फुल स्पीड से दौड़ सकती है। इस बैटरी को फुल चार्ज होने में 4-5 घंटे का समय लगता है। कंपनी इस स्कूटर की बैटरी और मोटर के साथ 3 साल की वारंटी देती है।

साइबर दुनिया

Okaya Faast F3 में रीजनरेटिव ब्रेकिंग, रिवर्ड मोड और पार्किंग मोड दिया गया है। इस स्कूटर में इको, सिटी और स्पोर्ट्स जैसे तीन राइडिंग मोड दिए गए हैं। इस स्कूटर में एक यूनिक व्हील लॉक फीचर दिया गया है जो कि स्कूटर चोरी होने की चिंता को दूर करता है। जब स्कूटर लॉक होता है तो ऐसे में कोई चोरी की कोशिश करता है या कोई इस स्कूटर को धक्का देने की कोशिश करता है तो पहिये ऑटोमैटिकली लॉक हो जाते हैं ।

टॉप ट्वीट



"पूर्वोत्तर ने पिछले आठ वर्षों में अद्वितीय परिवर्तन देखा है, जिससे वहां के लोगों को व्यापक लाभ हुआ है।"
**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

"मेरी बत्रा फैमिली, आपको अपने परिवार के साथ स्वागत करती है।"
**मनोज बाजपेयी**
**बॉलीवुड अभिनेता**

संपादक के नाम पत्र

## मुम्बई में 'काऊ हग डे' का आयोजन 14 फरवरी को

भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया (अहइक) की पहल का स्वागत करते हुए 'गऊ भारत भारती' के संपादक संजय अमान ने भारतवर्ष के समस्त नागरिकों को वेलेंटाइन डे (14 फरवरी) को 'काऊ हग डे' (उडह ल्वक्र्‌उ्क्ष ) के रूप में मनाने का आह्वान किया है। संजय अमान ने कहा है कि बोर्ड का यह एक शानदार कदम है सभी गौ वंश से सम्बंधित संस्थाओं को इस का स्वागत करते हुए बड़े पैमाने पर गौशालाओं और सार्वजानिक स्थानों पर 14 फरवरी को 'काऊ हग डे'कार्यक्रम का आयोजन कर एक नई परंपरा की शुरूआत करते हुए लोगों को जोड़ना चाहिए खासकर युवा वर्ग को। उन्होंने आगे कहा कि 'गऊ भारत भारती' के तत्वाधान में 14 फरवरी को विलेपार्ले, मुम्बई स्थित सन्यास आश्रम में 'काऊ हग डे' को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विदित हो कि एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, पशु कल्याण कानूनों पर एक वैधानिक सलाहकार निकाय है और देश में पशु कल्याण को बढ़ावा देता है। बोर्ड पिछले 60 वर्षों से देश में पशु कल्याण आंदोलन का चेहरा रहा है। अपनी सेवाओं के माध्यम से, बोर्ड यह सुनिश्चित करता है कि देश में पशु कल्याण कानूनों का पालन किया जाए साथ ही साथ पशु कल्याण संगठनों को अनुदान प्रदान करता है।

काली दास पाण्डेय

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने जेई को हटाने का किया मांग

**दारू :** दारू जेई चंदन कुमार को ग्रामीणों ने दारू प्रखंड से हटाने का किया मांग पेटो और कोनार में शिलान्यास के दौरान पहुँचे ग्रामीणों ने जेई चंदन कुमार को बासोबार पुल, पेटो में बन रहे चाहरदिवारी और कोनर नदी में शुरू होने जा रहे पुल से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा की जेई स्थल पर नहीं पहुँचता है। बिना जेई के देखरेख में काम होता है। जिसके चलते सही काम नहीं हो पाता है। इसी के चलते प्रमुख, हरली मुखिया ने पेटो में काम को रोका था।

## सिटी अपडेट्स >>

### भू मापक सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**पीरटांड़ :** सविता टुडू ने कहा है कि अपर समाहर्ता गिरिडीह के पत्रांक 282/ रा0 दिनांक 7/2/2023 के द्वारा पीरटांड़ प्रखंड में प्रखंड स्तर पर भू मापक सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर आयोजित किया गया है जिसमें नामांकन 9/2/2023 से 21/2/2023 तक कराया जा सकता है । जो भी शिक्षित बेरोजगार युवक युवती प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं वो कार्यालय दिवस में पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय आकर अपना नामांकन करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं । इसके लिए न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास होना अनिवार्य है । वहीं प्रशिक्षण दो महीने दिया जाएगा ।

### पांच वर्षीय बच्चे की शव कुंआ से बरामद,तीन हिरासत में

**बेरमो :** बोकारो जिले के दुग्दा थाना क्षेत्र के कुरुम्बा गांव के निवासी बबलू देव के 5 वर्षीय लापता पुत्र आर्यन देव का शव कुँआ से दुग्दा पुलिस ने बरामद किया। शव बरामद होते ही जहां पूरे गांव में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।परिजनों के संदेह के आधार पर दुग्दा थाना पुलिस ने गांव के ही तीन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। बतातें चले कि कुरुम्बा गांव के बबलू देव का पुत्र आर्यन देव बीते गुरुवार के दोपहर से घर से लापता था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जीवन सार्थक बनाने का सुअवसर

**पीरटांड़ :** प्राणी मात्र के कल्याण के साथ ही निज उत्कर्ष की भावना एवम् पूज्य गुरुवर पुरी पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा उद्घोषित भारत सहित नेपाल, भूटान एवम श्रीलंका को हिंदूराष्ट्र बनाने के अभियान में अपनी - अपनी भूमिका निभाने के दृष्टिकोण से रविवार दोपहर को पालगंज स्थित श्री महादेव मंडा में भजन-कीर्तन, स्तोत्र-पाठ आदि आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।पहले की भाँति रविवार को यह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किए गए । कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले गणेश बंदना भक्त मंडल द्वारा की गई । उपस्थित लोगों से अखिल भारतीय पीठ परिषद के एस चंद्रा ने विशेष आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी कार्यक्रमों में सभी साधक, भक्तवृंद , सनातन धर्मावलंबी सज्जन अधिक से अधिक संख्या में अवश्य भाग लें। जो लोग अपनी ओर से प्रस्तुति नहीं दे सकेंगे, वे लोग भी कम से कम श्रोता के रूप में अवश्य सम्मिलित हों तथा गुरुवर महाभाग के अभियान में सहभागी बनकर अपने जीवन को सार्थक बनाएँ । कार्यक्रम में ग्रीष्म कुमार भक्त,राम प्रसाद महतो, नवीन सिंह, बैजनाथ महतो, गोविंद साव,लखन साव, मनोज सिंह, शम्भु सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे ।

### सीसीएल निदेशक ने किया कथारा क्षेत्र का दौरा

**बेरमो :** सीसीएल के निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना साईं राम ने शनिवार को कथारा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरे के क्रम में डीटी (पीएनपी) कथारा कोलियरी कथारा वाशरी, गोविंदपुर एवं जारंगडीह के खुली खदानों तथा जारंगडीह रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया।

**समारोह >** ज्ञानरत्न प्रतिभा सम्मान समारोह-सह- मिलन समारोह-2023 का हुआ आयोजन

# समाज में शिक्षा के अभाव से बच्चे भटक रहे हैं,इस भटकाव को रोकना जरूरी है : मनीष जायसवाल




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबागअखिल भारतीय धोबी महासंघ हजारीबाग के तत्वाधान में शहर के झील के किनारे रविवार को जिला अध्यक्ष अमरेंद्र रजक की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय मिलन समारोह सह सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और समाज के लोगों को संबोधित किया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने भाषण के दौरान तीन उपहार का सौगात समाज को दिया। जिसमें उन्होंने कहा की समाज को संगठित बनाए रखने की सभी से अपील की और समाज के हित में उनसे आग्रह किया की आप भूमि चिन्हित करके बताएं तो हम जल्द एक भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण कराएंगे इसके अलावे समाज के आदर्श संत गाडगे बाबा की प्रतिमा स्थापना के लिए शहर में जगह चिन्हित करें प्रतिमा स्थापना कराने में सहयोग करेंगे। उन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए जाती से ऊपर उठकर ही सभी अपने आप को हिंदू मानें तभी हमारा सनातन मजबूत होगा और हम सभी मजबूत होंगे।

समारोह का उद्घटन डीएफओ अविनाश कुमार चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण देते हुए जिला सचिव महादेव रजक ने सभी का अभिनंदन किया। समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल गोविंद राम ने कहा कि एक 11 राज्य और 7 केंद्र शासित प्रदेश में हमारे जाति को पिछड़ा वर्ग में रखा गया है। इन्हें भी समुचित लाभ और उचित अधिकार देने का सरकार को पहल करनी चाहिए।

पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा ने समाज को संबोधित करते हुए समाज में शिक्षा की बढ़ावा देने का संदेश दिया। विधायक मनीष जायसवाल का समाज के लोगों ने विशेषकर जिला अध्यक्ष अमरेंद्र रजक ने बुके देकर स्वागत किया और सुनील कुमार ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं आगे जिला अध्यक्ष अमरेंद्र रजक ने बताया कि समाज एक रीड है। इसको हम जैसे ले जाना चाहेंगे वैसे होगा पहले समाज में शिक्षा के अभाव से बच्चे भटक रहे हैं। इस भटका को रोकना जरूरी है। इस चलते समाज में इसकी जागृति लाना जरूरी है। शराब की लत छोड़ना होगा दहेज प्रथा भी बंद करनी होगी। पूर्व विधायक योगेंद्र बैठा द्वारा उन्हें संगठन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में मुख्य रूप से धोबी समाज के लोगों का मिलन एवं सम्मान समारोह एवं संपूर्ण जिल से जीते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को ज्ञानरत्न प्रतिभा सम्मान पत्र देकर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। 15 पंचायत प्रतिनिधियों और 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30-35 बच्चों को ज्ञानरत्न प्रतिभा सम्मान रत्न से नवाजा गया ।

# शौर्य यात्रा समिति का तीसरा रक्तदान शिविर आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**जमशेदपुर :** हल्दीपोखर के पंचायत भवन में शौर्य यात्रा समिति की ओर से तथा ब्लड बैंक और वीबीडीए जमशेदपुर के सहयोग से तीसरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 225 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। 64 बार रक्तदान करनेवाले रोलडीह निवासी आरुणि महाकुड़ और हल्दीपोखर के मुखिया देवी कुमारी भूमिज भी शिविर में रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला परिषद के चेयरमैन वारी मुर्मू ने द्वीप और दीप प्रज्वलित कर के की। शिविर में जिला परिषद सविता सरदार,जिला परिषद सूरज मंडल, जिला परिषद अमोदिनी महतो,मुखिया देवी कुमारी भूमिज,मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रीमती पानो सरदार,मुखिया सुखलाल सरदार,पूर्व मुखिया सुनील मुंडा,साहित्यकार सह समाजसेवी सुनील कुमार दे,शिच्छाबिद सह समाजसेवी शंकर चंद्र गोप,माताजी आश्रम के सचिव राजकुमार साहू,माताजी आश्रम के अध्यक्ष कृष्ण पद मंडल,पहाड़ी बाबा,समाजसेवी कृष्ण पद गोप,शतक रक्तदाता इस,के,सिंह,जिला परिषद प्रतिनिधि लव सरदार,समाज सेवी मनोज कुमार सरदार,सरपंच सजन रजक,सोमेन मंडल,पलटू मंडल,मृणाल पाल, मुखिया कार्तिक सरदार,श्यामल प्रधान, सुबोध सरदार,उप मुखिया ओम गुप्ता,किशन गुप्ता,अभिजीत मुखर्जी, तन्मय कुमार, अमृत कुमार आदि उपस्थित थे।

# पांच कुंडीय नव चेतना गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** कृष्णा नगर उतरी शिवपुरी हजारीबाग में आयोजित पांच कुंडीय नव चेतना गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन प्रातः काल 9:00 से विधि विधान से वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ देव पूजन के साथ पांच कुंडीय यज्ञ का शुभारंभ किया गया। पांच पारियों में लगभग 225 भाई बहनों ने यज्ञ में भाग लेकर आरतियां समर्पित किए। 25 लोगों का गुरु दीक्षा संस्कार, दो यज्ञोपवीत संस्कार, सात मुंडन संस्कार, सैकड़ों बच्चों का विद्यारंभ संस्कार, एक बहन का पुंसवन संस्कार भी हुए। 15 भाई बहनों ने मांसाहार का परित्याग किए, एवं जीवन भर शाकाहारी रहने का संकल्प लिये। इस मौके पर शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि नकुल देव प्रसाद जी ने यज्ञ एवं गायत्री के साथ-साथ संस्कार पर सारगर्भित चर्चा करते हुए कहा, कि यज्ञ एवं गायत्री भारतीय संस्कृति के दो निमार्ता कह गए।

# सेप्टिक टैंक में करंट लगने से दो मजदूरों की मौत

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को मनीष कुमार, पिता बालेश्वर प्रसाद के निमार्णाधीन मकान का सेप्टिक टैंक मौत में काम कर रहे दो मजदूर की मौत करंट लगने से हो गई। शनिवार की शाम को घर में प्लंबर का काम कर रहे राजेश प्रसाद (उम्र 26 वर्ष) पिता विनोद महतो, ग्राम सलगांवा, थाना कटकमदाग लंच के बाद निमार्णाधीन सेप्टिक टैंक के अंदर निमार्णाधीन काम देखने के लिए गए। इसी दौरान राजेश प्रसाद करंट की चपेट में आ गए। अंदर से छटपटाने की आवाज सुनने पर दूसरे साथी राकेश कुमार उर्फ मुन्ना पिता हुलास महतो, ग्राम बड़ासी उसे बचाने के लिए दौड़े। लेकिन वह भी राजेश प्रसाद को बचाने के चक्कर में बिजली करंट की चपेट में आ गए। दिनों को आनन-फानन में अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। घटना के बाद आसपास मातम का माहौल पसर गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी कोर्रा पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पंचनामा के बाद अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। इधर घटना की जानकारी पाते ही विधायक मनीष जायसवाल भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। मृतक परिवार के परिजनों का ढाढस बंधाया और घर मालिक से मृतकों को मुआवजा हेतु भी मध्यस्ता कराया।

# अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के तत्वाधान में संगठन का स्थापना दिवस आज दिनांक 12-2-2020 दिन रविवार को केबी सहाय पार्क हजारीबाग में प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया संचालन प्रदेश सचिव अनिल कुमार रजक ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य जय राम विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक जगदीश राम एवं केंद्रीय अध्यक्ष राजेश राम संरक्षक महेंद्र राम केंद्रीय सदस्य शशि भूषण प्रसाद प्रदेश महासचिव नंदूवीर राम भुइया केंद्रीय प्रवक्ता महेंद्र राम दद्दन रजक, जितेंद्र कुमार प्रदेश सचिव मोहन राम सहदेव राम उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगठन का विस्तार किया गया जिसमें केंद्रीय सदस्य ददन रजक को बनाया गया साथ में ददन रजक को बिहार का प्रभारी नियुक्त किया गया। गौरी शंकर राम को प्रदेश कमेटी सदस्य एवं पदमा से शंभू रविदास को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य में शामिल किया गया। कार्यक्रम में निम्न प्रस्ताव पारित किया गया झारखंड में हराने वाले अनुसूचित जातियों के लिए आबादी के अनुसार प्रतिनिधित्व नहीं लिया जा रहा है। इसे 18% किया जाए आप ही झारखंड के सभी विभागों में अनुसूचित जाति जनजाति के लिए रिक्त पदों में बहाली लिया जाए। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी एवं पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान किया । झारखंड के सभी जिलों में अनुसूचित जाति छात्रावास का निर्माण किया जाए एवं सभी जिलों में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय बनाई जाए साथी एवं पिछड़ा क्षेत्र में एक महिला महाविद्यालय स्थापित किया जाए।

**मांग >** 260 सहिया दीदी ने अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का लिया निर्णय

# 42000 सहिया दीदी को कम न आंके सरकार :गौतम

- पूरे राज्य में 42000 सहिया दीदी व सहिया साथी है
- सरकार को चुनाव में सबक सिखाएंगे

राष्ट्रीय खबर



**इचाक :** इचाक प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में झारखण्ड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ की बैठक आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे प्रखंड के 260 सहिया दीदी ने भाग ली। बैठक में सर्वसम्मिति से अध्यक्ष सरस्वती देवी,सचिव सविता देवी,कोशाध्यक्ष शीला देवी,उपाध्यक्ष सुमित्रा देवी,उपसचिव चंपा देवी,व मीडिया प्रभारी सविता देवी और मुन्नी देवी को चयन किया गया। संगठन के अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि सहिया दीदी का चयन 2006 में हुआ।लेकिन इन 17 सालों में सरकार इनलोगो को प्रोत्साहन राशि के रूप में मात्र 2000 रुपया देकर ठक रही,जो कि गलत है। सरकार को अन्य अनुबंधकर्मियो के तरह सहिया दीदी के नियमित मानदेय के प्रति विचार करना चाहिए। सहिया संघ के अध्यक्ष सरस्वती देवी ने कही कि दो हजार में दम नही,18000 से कम नही के नारे के साथ सोमवार से प्रखंड सामुदायिक स्वास्थय केंद्र इचाक में नियमित मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिये है।

वही सचिव सविता देवी ने कही की पूरे राज्य में 42000 सहिया दीदी व सहिया साथी है। अगर सरकार हमलोग के मांग पूरा नही किये तो सरकार को चुनाव में सबक सिखाएंगे। बैठक में सैकड़ो की संख्या में सहिया दीदी ने भाग लिए ,जिसमे मुख्य रूप से रूबी देवी, मंजु देवी,किरण देवी,रेखा देवी, किरण देवी,मनिता देवी,सीता देवी, सरिता देवी,सुप्रिया देवी, कुंती देवी इत्यादि लोग हड़ताल करने के निर्णय लिया।

## न्यूज फटाफट

### पैतृक गांव जुगरा के कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक : मनीष जायसवाल



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड जुगरा पंचायत शहरी परिवेश में रहने के बावजूद भी हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने पूर्वजों की पवित्र भूमि और ग्राम्य जीवन से बेहद लगाव रखते हैं। जब भी मौका मिलता है अपने पुरखों की धरती बड़कागांव से खुद को जोड़ने का अवसर कभी गवाते नहीं हैं। ग्राम में जीवन दर्शन और ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के प्रति बेहद संवेदनशील रहते हैं। विधायक मनीष जयसवाल का यह आत्मीय प्रेम और अनुराग स्पष्ट दशार्ता है कि ग्राम्य जीवन के उत्थान और विकास को वे सदैव कटिबद्ध रहते हैं। उनका मानना है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब तक गांव का विकास नहीं होगा देश का विकास कदापि संभव नहीं है।इसी आलोक में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल रविवार की सुबह अपने पैतृक गांव बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत स्थित ग्राम जुगरा पहुंचे और अपने अतीत की यादों को ताजा करते हुए यहां अयोजित वैदिक श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सत्संग प्रवचन के भव्य कलश यात्रा में धर्मध्वजा के साथ शामिल हुए।

### तविशी बक्शी ने हजारीबाग का बढ़ाया मान



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले में भी प्रतिभा की कमी नहीं हजारीबाग से छोटा शहर से भी राष्ट्रीय अपनी कला को प्रदर्शन करने संकोच नहीं मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता ,हौसलों से उड़ान होती हैं इस पंक्ति को झारखंड हजारीबाग की बेटी तविशी बख्शी ने अपने इन्हीं पंख रूपी हौसले से अपने सपनों की मंजिल की ओर एक सफल कदम बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित डिजाइन फेस्टिवल सीजन 8 की विजेता घोषित हुई। तविशी की यह उपलब्धि हजारीबाग के साथ पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है क्योंकि पूरे भारतवर्ष के बेहतरीन फैशन डिजाइनिंग संस्थानों के सर्वोच्च छात्र- छात्राओं के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता के सैकड़ो प्रतिभागियों के बीच कुल 40 में से 37 अंकों के साथ डिजाईनर फेस्टीवल सीजन 8 में पूरे देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बतौर विजेता तविशी को नगद पुरस्कार के साथ भारत के सबसे बड़े डिजाइनर शो लैक्मे फैशन वीक 2023 में बतौर ड्रेस डिजाइनर शामिल होने का मौका प्राप्त होगा। राष्ट्रीय स्तर के मॉडल तविशी के डिजाइन किए हुए वस्त्रों को पहनकर रैंप वॉक करेंगे । अपने ड्रेस में मंडला आर्ट जिसमें बारीक पैटर्न को सिमेट्री में बनाया जाता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि हर पैटर्न अंत में एक विशाल गोलाकार का हिस्सा बनता है। मंडल का शुरूआती बिंदु और अंतिम पैटर्न गोल ही होता है।

### बबलू कुशवाहा उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के बने जिला अध्यक्ष

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. सी. के. ठाकुर ने बबलू कुशवाहा को जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग हजारीबाग उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है । ज्ञात हो कुशवाहा इसके पूर्व जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग सेवा दल के जिला मुख्य कार्यकारी संगठक पद पर कार्यरत रहे । कुशवाहा के मनोनयन पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने आशा और विश्वास जताते हुए उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ का विस्तार कर शीघ्र ही जिला कांग्रेस कार्यालय को समर्पित करें । इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार यादव जिला मीडिया प्रभारी निसार खान,डॉ. प्रकाश कुमार महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, राजू चौरसिया, दरगाही खान, सुरेश कुशवाहा, अर्जुन सिंह, ओमप्रकाश झा, कैलाश पति देव, विजय कुमार सिंह, जमजम रोजा, अशोक कुमार सैनी, सुखदेव दांगी, मिथुन कुशवाहा, अमृतेष रंजन, भैया असीम कुमार, सुरेश महतो, लिलो महतो मुगेश्वर प्रसाद चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे हार्दिक बधाई दी है ।

### समाज को मजबूत बनाने के लिए सभी समितियों को एक मंच पर आना होगा : डॉ सकुंतला कुमार

**बेरमो :** फुसरो स्थित डॉ शकुंतला कुमार के आवास पर में रविवार को कायस्थ परिवार के सदस्यों की एक बैठक डॉ एस कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । बैठक में आगामी 9 अप्रैल को होने वाले महासम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा महासम्मेलन की सफलता के लिए कई बिंदुओं पर सभी से राय ली गई । यहां वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि समस्त संगठनों को एक मंच पर आकर कायस्थ महासम्मेलन का आयोजन किया जाना चाहिए । ताकि कायस्थ समाज के ताकत और शक्ति का प्रदर्शन किया जा सके। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर एक मंच पर अपने एकता दिखाने के लिए सभी भेदभाव और आपसी विचारों की विभिन्नता को दरकिनार कर एक सोच में आकर कायस्थ समाज की एकता और अखंडता पर विचार करते हुए एक माला का रूप में पिरो कर अपनी एकता को प्रदर्शित करना ही एकमात्र लक्ष्य है। यहां संजय कुमार सिन्हा ने कहा हमारा समाज विभिन्न समितियों में बिखरा हुआ है, जिससे हमें समाज में उचित सम्मान और मान नहीं मिल पा रहा है,हम सभी को एक मंच पर आकर एक सशक्त और शक्तिशाली संगठन के रूप में ऊभरने की जरूरत है। बैठक का संचालन कर रहे हैं सुभाष कटियार ने कहा कि सम्मेलन में भव्यता हो इसके लिए हम सभी को कमर कस कर मैदान में उतरना होगा और लगन और मेहनत से सम्मेलन को सफल करने के लिए एकजुट होना होगा ।

### उपभोक्ताओं ने मीटर रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायत की

**बेरमो :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से 12 फरवरी को गोमिया प्रखंड में साड़म संतोषी मंदिर के निकट ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। मेला में तेनुघाट विद्युत प्रमण्डल क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। सबसे ज्यादा समस्याएं मीटिर रीडिंग और बिजली बिल की थी। उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई कि मीटर लगा होने के बावजूद बिल नहीं मिलती। मासिक बिजली बिल भेजने में गड़बड़ी की जाती है। कई जगहों पर बिजली की पोल जर्जर हालत में होने की भी शिकायत की गई। उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनकर तत्काल मीटर रीडिंग में कम ज्यादा बिल का समाधान किया गया. मेला में यह जानकारी भी दी गई । कि सरकारी योजना के तहत एक सौ यूनिट तक बिजली बिल मुफ्त मिलेगा। इसके लिए घर में मीटर लगा होना जरूरी है। मेला में तेनुघाट प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समीर कुमार, सहायक विद्युत अभियंता गिरधारी सिंह मुंडा, कनीय अभियंता नरेंद्र मिंज, कर्मचारी राजन यादव, मुखिया शोभा देवी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, संजय डे समेत ध्रुव सिंह, मनीष कुमार, दिलीप रजक, संतोष राम, भागीरथ नायक, दुलार यादव, भास्कर यादव मौजूद थे।

राष्ट्रीय खबर प्रदेश

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

# महिलाओं और युवाओं ने उठाया निशान

- सन 2013 से बाबा बुढ़ानाथ भक्त मंडल के सौजन्य से होता है भव्य कार्यक्रम
- रविवार को देर शाम तक भजन कीर्तन प्रसाद का कार्यक्रम होता रहा

**दीपक नौरंगी**










**भागलपुर:** शिवरात्रि के एक हफ्ते पहले बाबा भोलानाथ भक्त मंडल के द्वारा हर साल एक भव्य निशान यात्रा और कई कार्यक्रम किया जाता है 12 फरवरी दिन रविवार को बाबा बुढ़ा नाथ भक्त मंडल के द्वारा विशाल निशान शोभायात्रा गाजे-बाजे, ढोल नगाड़ा,रथ,घोड़े के साथ,श्री श्री गौशाला से निकाली गई, संस्था के महासचिव नितिन भुवानेका ने बताया, सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चों ने बाबा का निशान उठाया एवं झूमते नाचते गाते हुए नगर भ्रमण करते हुए बाबा बुढ़ानाथ मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ को जल अर्पण किया, हर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी पाया। भागलपुर के जिस रास्ते निशान यात्रा जा रही थी वहां पर कई विभिन्न संस्थाओं द्वारा शरबत जल,मिठाई, अबीर गुलाल एवं फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। भागलपुर के शहरी क्षेत्र के कई चौक चौराहे पर भोलेनाथ की आरती भी की गई। सन 2013 से भागलपुर के व्यापारी जो सूरत में अपना कारोबार कर रहे हैं वह लगातार इस कार्यक्रम के लिए विशेष भागलपुर आते हैं और बाबा बुढ़ा नाथ भक्त मंडल के कार्यक्रम को भव्य तरीके से बनाने के लिए उनके द्वारा बेहतर तरीके से तैयारी की जाती है जिसमें करीब पांच दर्जन से भी अधिक सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है बुढ़ानाथ भक्त मंडल संस्था के अध्यक्ष संजय साह ने बताया कि शाम को गोकुलधाम खर्मांचक में कोलकाता से आई रानी सती नृत्य नाटिका मंडली द्वारा शिव तांडव शिव शंकर पार्वती विवाह एवं विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रस्तुत की गई उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में हमारी कोशिश रहेगी कि इस कार्यक्रम को और बेहतर से बेहतर भव्य तरीके से मनाया जाए और साथ ही टाटानगर से आए भजन गायक गुलशन बावरा द्वारा एक से एक भजन सुनाए गए। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के नेता बिपिन बिहारी शुरू से ही बाबा भोलानाथ भक्त मंडल की सेवा में आगे बढ़ चढ़कर रहते हैं और कई वर्षों से बाबा बुढ़ा नाथ की पूजा करते आ रहे हैं संस्था के सदस्य मुन्ना गांधी का भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान रहता है उपाध्यक्ष विष्णु वर्मा ने बताया की तीन से चार हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सचिव सचिव सुनील लाठ ने बताया लगभग सात सौ बार लोगों ने भोलेनाथ का निशान उठाकर जलाभिषेक किया।

सुनील लाठ ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी एक महीने पहले से शुरू हो जाती हैकोषाध्यक्ष प्रशांत टेकरीवाल ले कहा पूरी शोभायात्रा में प्रशासन का एवं नगर निगम का भरपूर सहयोग मिला। निशान शोभायात्रा में कई सामाजिक संस्था से जुड़े लोग निशान यात्रा में शामिल देखे गए जिसमें विजय यादव, गौतम कुमार बंटी यादव, गिरधारी केजरीवाल, प्रीति शेखर, मृणाल शेखर, जगदीश चंद्र मिश्रा पप्पू,रामगोपाल पोद्दार, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बाजोरिया जी, योगेश शर्मा, श्यामसुंदर देवड़ा, विपिन बिहारी यादव, दिवाकर गुप्ता, सनी सरीन, आकाश कुमार, विशाल कुमार,संजीव महंत, मुन्ना गांधी, मनीष दास, मनोज मंगलम, नवल कुमार, पंकज केडिया, गर्व शर्मा सहित कई लोगों ने भरपूर सहयोग किया। भागलपुर शहर के चारों तरफ भक्ति का माहौल देखा गया कई सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष और सदस्य पूरे निशान यात्रा में शामिल दिखे।

## न्यूज फटाफट

### एचएमसीएच से प्राइवेट एंबुलेंस हटाने का निर्देश

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय सदर अस्पताल परिसर में प्राईवेट एंबुलेंस का पड़ाव अनधिकृत रूप से किया जा रहा है। इसे लेकर एचएमसीएच के सुपरिटेंडेंट डॉ डीके सिंह ने सभी प्राइवेट एंबुलेंस चालक एवं मालिकों को नोटिस जारी किया है। इसके माध्यम से उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में सभी प्राइवेट एम्बुलेंस चालकों को कई बार वाहन नहीं लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद चालकों द्वारा एंबुलेंस लगाया जा रहा है। इसके कारण चिकित्सकों, अस्पताल कर्मियों एवं मरीजों के परिजनों को पार्किंग में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वही विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदर अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डा कुमार ने प्राईवेट एम्बुलेंस को अस्पताल परिसर से बाहर रखने का निर्देश दिया है। वहीं इसका पालन नहीं करने पर प्रशासनिक कार्रवाई की बात कही है।हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि इस तरह का आदेश कई बार निर्गत किया गया है लेकिन एंबुलेंस चालकों का आपसी तालमेल हॉस्पिटल कर्मियों से होने के कारण यह कभी सफल नहीं हो पाया। इस तालमेल का मुख्य कारण अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को गुमराह कर दूसरे हॉस्पिटल में ले जाने का क्रियाकलाप है।

### भाकपा जिला कमेटी की बैठक संपन्न

मेदिनीनगर : आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की बैठक रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में कामरेड मनाजरूल हक की अध्यक्षता में हुई। संचालन भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने किया। पाठक में सर्वप्रथम तरहसी अंचल के वरिष्ठ साथी कामरेड भोला साहू के मरणोपरांत 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज केंद्र सरकार की जनविरोधी एवं कारपोरेट पक्षी नीति से के चलते बढ़ रही महंगाई एवं बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। लोकसभा में मोदी जी अपना पिठ स्वयं थपथपा रहे हैं। लेकिन अदानी के बढ़ रहे संपत्ति एवं बैंक एलआईसी में अडानी के चलते हुए घाटों पर एक शब्द नहीं बोले। मोदी सरकार को अडानी की संपत्ति को जप्त कर सार्वजनिक करनी चाहिए। बैठक में जिला सचिव श्री तिवारी ने राज्य सरकार के द्वारा बंद किया गया बालू के उठाव के चलते मजदूर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं पूरे जिला से लेकर अंचल पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है निगम में सरकारी पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है और बड़े लोगों के द्वारा नदी को भी अतिक्रमण कर उसे प्रदूषित किया जा रहा है लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है सभी पदाधिकारी अपनी अपनी हिस्सा लेने में मशगूल हैं सदर एसडीओ राजेश शाह भ्रष्टाचार का मूल स्वरुप है बिना पैसा के 144 जैसे मामूली केस में भी पैसा के बल पर निर्णय दिया जाता है, वही नौडीहा बाजार अंचल में दलितों की जोत की हदबंदी से फाजिल भूमि को पूर्व जमींदार परिवार के लटक नौडीहा बाजार के पुलिस को मेल में लेकर दलितों को उजाड़ने का काम कर रही है उनके इन मंसूबे को कम्युनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देंगे, ऐसी परिस्थिति में इन सभी जन समस्याओं को लेकर पार्टी मार्च के महीना में सभी प्रखंडों पर धरना प्रदर्शन करेगी और नगर निगम का घेराव करेगी। बैठक में कृष्ण मुरारी दुबे, राजेंद्र बैठा, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, पूरन चंद शाव, आलोक कुमार तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, बद्रीनाथ सिंह,नसीम राइन, गणेश राम, सुदामा ठाकुर, कामेश्वर सिंह, लखन राम, महेंद्र राम, विमला कुअंर, विनोद भूइंया, राजदेव भूइंया सहित कई लोग उपस्थित थे और सभी लोगों ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता को दुगना करने का निर्णय लिया।

### शराब बनाने वाली मशीन बरामद

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत के पाल पहाड़ के इलाके से एक घर से शराब बनाने वाली मशीन , स्प्रीट, रैपर ,बोतल और अवैध शराब किया गया बरामद । गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद अधीक्षक बिमला लकड़ा की नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने कार्यवाई कर बरामद किया गया है , पुलिस का कहना है कि चार सौ लीटर स्प्रीट , दो सौ एकतालीस लीटर बनाईं गई शराब जो बोतल में पैकिंग थी और शराब बनाने वाली मशीन को बरामद किया गया है ,वही शराब तस्करों के द्वारा गोवा ब्रांड के नाम से शराब की पैकिंग बोतल में की जाती थी, सुदूरवर्ती इलाका होने की वजह से पिछले कई महीनों से चल रहा था यह धंधा और यहाँ शराब को बनाकर बिहार भेजा जाता था यह शराब कम दर पर गरीबो के बीच बिक्री की जाती थी,फिलहाल घटना स्थल से किसी की भी गिरफ्तारी नही हुई ही , उत्पाद बिभाग की टीम ने इस कार्य मे संलिप्त शराब तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही।

# बैंगलोर का ख्वाब बारालोटा में पूरा कर रहे हैं अंबिका

पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने बढ़ाया हाथ,गुंबद निर्माण की रखी आधारशिला

**राष्ट्रीय खबर**



**मेदिनीनगर/पलामू :** बैंगलोर में देखा गया ख्वाब झारखंड के पलामू जिला मुख्यालय स्थित बारालोटा में पूरा होने लगा। बारालोटा स्थित जनकपुरी निवासी अंबिका तिवारी का हनुमान मंदिर निर्माण का सपना सालों से अधूरा पड़ा था।जिसे अब राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का बल मिला है। प्रदेश संरक्षक अर्जुन पाण्डेय(गुरु पांडेय)के निर्देश पर युवा वाहिनी ने जनकपुरी नहर के समीप अंबिका तिवारी के जमीन पर अर्धनिर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण को तेजी दी।मंदिर का ढांचा बनकर तैयार है,अब उसे स्वरूप देना बाकी था।मंदिर निर्माण का मुख्य आकर्षण गुंबद की आधारशिला रविवार को युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू)मंदिर के संस्थापक अंबिका तिवारी ने विधिवत पूजन कर एवं प्रतिष्ठित सामाजिक चेहरे विभाकर नारायण पाण्डेय ने नारियल फोड़कर किया।इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य एवं बारालोटा ग्राम के प्रबुद्ध लोगों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता निभाई।

# खेलों से युवाओं अपना भविष्य बना सकते हैं: बिट्टू

**राष्ट्रीय खबर**



**मेदिनीनगर/पलामू :**डाल्टनगंज विधानसभा के जमुने क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में दिनेश टांड़ टिकरका में चौरसिया इलेवन पथरा बनाम अतुल इलेवन रजवडीह में खेला गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के द्वारा किया गया। उद्घाटन बिट्टू पाठक ने बलेबाजी कर किया एवं फीता काटकर उद्घाटन किया एवं दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता समाजसेवी किशोर पांडे मौजूद थे। अतुल इलेवन रजवाडी के टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बिट्टू पाठक ने कहा कि खेल का आयोजन लोगों को जोड़ने का माध्यम है खेल में भी हम भविष्य बना सकते हैं देश दुनिया में नाम करने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी हमारे झारखंड से हैं आज के युवा भी क्रिकेट के माध्यम से अपना भविष्य बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन राजा गुप्ता के द्वारा किया गया जबकि कोमेंट्री महराजा के द्वारा किया गया।

# पीपरा में राजद के दर्जनों लोग एनसीपी में हुए शामिल



**राष्ट्रीय खबर**

**हरिहरगंज/पलामू :** पीपरा प्रखंड के एनसीपी नेता सह विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान के नेतृत्व में रविवार को बरदाग पीपरा में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता परीखा यादव व संचालन अखिलेश यादव ने की। इस दौरान कई गांवों के राजद कार्यकताओं ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आस्था जताते हुए एनसीपी ( राकांपा ) का दामन थाम लिया। राजद छोड़ने वाले सभी व्यक्तियों को विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने स्वागत किया। राजद छोड़ एनसीपी में शामिल होने वालों में सचिन यादव, कमलेश यादव, संजय यादव, अनिल कुमार यादव, शिव प्रसाद यादव, संतोष यादव, प्रदीप कुमार पासवान, संतोष कुमार यादव, रानू यादव, अवधेश यादव, लखन यादव, निरज कुमार सिंह, अखिलेश कुमार यादव, कैलाश यादव, सत्येंद्र यादव, राजू यादव, अमलेश यादव, राजेन्द्र यादव, सत्येंद्र यादव, काशी यादव, कमलेश यादव, राजेन्द्र यादव, उदय पासवान सहित चार दर्जन से अधिक लोगों का नाम है।

# महापंचायत की तैयारी को लेकर बैठक हुई संपन्न



**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** झारखंड नवनिर्माण दल व भाकपा (माले) रेड स्टार द्वारा 28 फरवरी 2023 को रांची के राजभवन में झारखंड को बचाने और राज्य हित के मुद्दों को लेकर आयोजित महापंचायत की तैयारी को लेकर गुमला कचहरी के पास झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकारों की लूट नीति के कारण झारखंड पूरी तरह लूट राज में तब्दील हो गया है, जिसे बचाने और हमारे पूर्वजों तथा शहीदों के सपनों का खुशहाल झारखंड बनाने के लिए बुलाई गई राजभवन के समक्ष महापंचायत में गुमला जिला से सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं से रांची चलने की अपील भी की । बैठक में गुमला जिला के घाघरा प्रखंड सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार-अन्याय पर निंदा प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन से महिला उत्पीड़न पर हर हाल में रोक लगाने की मांग की गई ।

# जगतगुरु संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की वाणियों को जीवन में उतारने की जरूरत:आरपी

- देश व प्रदेश के हुक्मरानों को संत जी के बताए रास्ते पर चलकर समतामूलक समाज बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिएः शत्रुघ्न कुमार शत्रु

**राष्ट्रीय खबर**




**(हुसैनाबाद) :** अखिल भारतीय रविदास महासभा हुसैनाबाद इकाई के बैनर तले आज संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 646 वीं जयंती समारोह का आयोजन नगर भवन हुसैनाबाद में पुनित अम्बेडकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता सुदेश कुमार सुमन ने किया। कार्यक्रम में हुसैनाबाद के सभी क्षेत्रों से भारी संख्या में संत शिरोमणि रैदास जी के अनुयाई उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज समेत बहुजन महापुरुषों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

कार्यक्रम में शिक्षक नेता राजन्दन प्रभाकर,मुखिया मनोज भारती,राजकुमार गौतम, भीम आर्मी के राजू दास, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रभा देवी,सीओ रंका शम्भु राम,दिनेश कुमार जिला पार्षद कांडी, अनुसूचित जाति महासभा पलामू के अध्यक्ष कृष्णा राम,समता सैनिक दल प्रदेश सचिव झारखण्ड चंदन सिंह गौतम, बामसेफ के प्रदेश समन्वयक रघुराई राम, झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सह अनुसूचित जाति महासभा के केन्द्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु व अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष आरपी रंजन जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अजय कुमार भारती,पियुष सुमन,विरेन्द्र राम समेत महासभा के अन्य पदाधिकारियों ने आगत सभी अतिथियों को माला देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के केन्द्रीय प्रवक्ता ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के साथ-साथ बहुजन समाज में जन्में महापुरुषों के चरणों में श्रद्धा का सुमन अर्पित करते हुए केन्द्रीय व राज्य सत्ता में बैठे हुक्मरानों को संत की वाणी ऐसा चाहूं राज मैं,जहां मिलै सबन को अन्न,छोट-बड़ सब सम बसै रैदास रहे प्रसन्न को आत्मसात कर संत जी के सपनों का भारत बनाने का आह्वान किया।

# बाबा साहेब के बताये मंत्र को लेकर अनुसूचित जाति वर्ग देश में हो रहा है संगठितः बाउरी

- झंडोत्तोलन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि और दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई

**राष्ट्रीय खबर**



**मेदिनीनगर/पलामू :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति आज दिनांक 11 फरवरी 2023 को पलामू के मेदनीनगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, लाल सिंह आर्य, पलामू सांसद बी डी राम, झारखण्ड भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सिमरिया, किशुन दास, विधायक डाल्टेनगंज आलोक चौरसिया, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विश्रामपुर विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी, राष्ट्रीय मंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जीतु चरण राम, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नीरज पासवान एवं सीता राम रवि, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जवाहर पासवान, पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा विनोद सिंह, प्रदेश प्रभारी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, ब्रज मोहन राम, मेयर, मेदनीनगर अरुणा शंकर, भाजपा जिला अध्यक्ष पलामू विजयानंद पाठक ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को अपने पांव में चक्कर, वाणी में शक्कर, दिल में आग और सर पर वर्फ लेकर जनता के बीच जाने की जरुरत है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है जिनके दम पर पिछले दो बार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलित, शोषित, वंचित, युवा, महिला, किसान, वृद्ध के विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को देश भर में लागु कर रहे है।

अपने संबोधन में लाल सिंह आर्य ने कहा कि हमें जरूरत है कि हम सब एक समय सारणी के साथ प्रदेश, जिला और मंडलों में कार्यसमिति को आयोजित करें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संत शिरोमणि रविदास जी के सपने को कोई अक्षर से पूरा कर रहा है तो वह है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता योजना के तहत शौचालय का निर्माण, किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को आर्थिक मदद, स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना के तहत लोन उपलब्ध करवाना, आयुष्मान योजना के तहत गरीबों का बीमा करवाना, अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से उनकी शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाना जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को देश में लागू किया।

उन्होंने कहा कि आज हम सब स्वतंत्रता के 75 वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं और इस अमृत काल में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास मंत्र के साथ देश के प्रधानमंत्री सफल नेतृत्व करते हुए अपने साढ़े 8 वर्ष के कार्यकाल में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण और विकास एवं गरीबों के सशक्तिकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिससे देश के अनुसूचित जाति वर्ग सहित देश के गरीबों में प्रधानमंत्री के प्रति श्रद्धा और विश्वास बढ़ा है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने संविधान रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का काम किया था। उनकी अंत्येष्टि के लिए भूमि तक नसीब नहीं होने दी, उनके अंतिम यात्रा को भी दिल्ली में आयोजित करने पर उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने रोक लगा दी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के महू में जन्मभूमि, दिल्ली में महापरिनिर्वाण भूमि, नागपुर में दीक्षा भूमि, मुंबई में चैत्यभूमि, बड़ोदरा में संकल्प भूमि और लंदन में शिक्षा भूमि का निर्माण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

# एनएमओपीएस के प्रांतीय अधिवेशन में सम्मानित हुए जिला संयोजक एवं प्रभारी

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम ( एन एम ओ पी एस) के। प्रथम प्रांतीय अधिवेशन में पाकुड़ जिले के शिक्षकों ने भाग लिया। जिला संयोजक शमशेर आलम एवं मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार राय को प्रांतीय अध्यक्ष अध्यक्ष विक्रांत सिंह, महासचिव प्रदीप कुमार मंडल , पंकज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रदेश प्रभारी के तौर पर दिलीप कुमार राय को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। प्रोद्यौगिकी संस्थान नामकुम रांची में आयोजित अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहुंच कर एनएमओपीएस से जुड़े झारखंड के तमाम पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नव गठित झारखंड ऑफिसर्स , टिचर्स एण्ड इम्लाईज फेडरेशन ( झारोटेफे ) का शुभारंभ मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया। सभागार में उपस्थित शिक्षकों समेत अन्य कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर किसी को सामाजिक सुरक्षा देने को लेकर गंभीर है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत हर तबके के लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने का काम किया। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से एक एक योग्य लाभूकों को पेंशन योजना से लाभान्वित करने का काम किया है। सरकारी कर्मचारियों के बदौलत ही सरकार सभी तरह के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कामयाब होती है। सरकारी कर्मचारियों को सरकार का आंख, कान, हाथ की संज्ञा देते हुए कहा कि जब सरकारी कर्मचारियों का सुरक्षा कवच नहीं रहेगा तो वे बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। इसलिए हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने का काम किया है। वहीं उन्होंने कहा कि आप सभी सरकारी कर्मचारियों का जीवन सरकार ने सुरक्षित कर दिया है अब सभी की जिम्मेदारी बनती है कि राज्य की व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करें। सरकार हमेशा आपकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रही है। समस्याओं को एक झटके में दूर नहीं किया जा सकता है इसके लिए सरकार को समय देना होगा।सरकार से संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है। मौके पर मुख्यमंत्री महोदय को बुके देकर एवं शॉल ओढ़कर प्रांतीय टीम द्वारा सम्मानित किया गया। सरकारी कर्मचारियों का जो पैसा एनएसडीएल में जमा है उसे वापस लाने, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर झारखंड प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति विजय पांडेय, रविन्द्र चौधरी, आनंद किशोर साहू, ब्रजमोहन यादव, दीपक कुमार, इमोन दास गुप्ता, राजेश सिंह, लोकेश कुशवाहा, लाल बिहारी यादव, स्वीटी कुमारी, अंजू बाला,अभिलाषा कुमारी, राकेश कुमार सिंह समेत पूरे प्रदेश के 24 जिलों से पहुंचे सरकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## शहर >> अपडेट

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल

**सतगावां:** थाना क्षेत्र के माधोपुर पुल पर रविवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोगों के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायलों की पहचान गुंजन कुमार 19 वर्ष पिता चंद्रिका सिंह, शशि राज उम्र 22 वर्ष पिता वीरेंद्र महतो दोनों ग्राम पकरीबरवां नवादा बिहार निवासी के रूप में की गई है।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रतिबंधित मांस के साथ दो हिरासत में

**सतगावां:** लगभग 11बजे सतगावां थाना अंतर्गत शिवपुर चिमिनी भट्टा के पास लोगो के द्वारा बाईक पर सवार दो लोगों को प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ा। इसके उपरांत सतगावां थाना को सूचना दिया गया। सतगावां थाना लाने पर इनकी पहचान की गयी। ये इम्तियाज कुरैशी (26 वर्ष पिता इसराइल कुरेशी) एवं चुन्नू कुरैशी (उम्र 33 वर्ष पिता सुल्तान कुरैशी) दोनों ग्राम रझत थाना अकबरपुर जिला नवादा के निवासी हैं।

### एक दिवसीय सत्संग का हुआ आयोजन

**मरकच्चो:** प्रखंड क्षेत्र के कादोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम द्वापहरी में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु वंदना से हुई। कार्यक्रम में मानव धर्म के प्रणेता सतपाल जी महाराज के आत्मा अनुभवी संत अशवनी बहन एवं नीति बहन झारखंड प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान प्रचार करते हुए द्वापहरी पहुंचे और विभिन्न धर्म शास्त्रों के आधार पर सार गर्भित सत्संग विचार रखे। महात्मा अशवनी बहन ने बताया कि आज मानव समाज भौतिकता की चकाचौंध में अपने मूल स्वभाव को भूल गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मोटरसाइकिल दुर्घटना मे पत्रकार घायल

**सतगावां:** थाना क्षेत्र के ग्राम रामडीह स्थित पीडब्ल्यूडी सड़क पर शनिवार की देर रात्रि मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक पत्रकार के बुरी तरह घायल होने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि मरचोई निवासी कौशल पांडे शनिवार की रात्रि लगभग 12 बजे नासरगंज से अपने घर मरचोई की ओर अपने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। अचानक रामडीह के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया जिससे वह गिरकर जख्मी हो गए। ग्रामीणों की जानकारी पर 108 एंबुलेंस व सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने दल बल के साथ पहुंचकर पत्रकार कौशल पाण्डेय को स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर रहने के कारण नवादा स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती किया गया।

### सामाजिक अधिकार शिविर का हुआ आयोजन

**कोडरमा:** समर्पण एवं आरएमआई की ओर से रविवार को ग्राम छतारा मे सामाजिक अधिकार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 50 से ज्यादा ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर मे कुल 12 राशन कार्ड से लाभुकों को जोड़ा गया, 12 लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा से जोड़ा गया। कुल 30 लोगो का ई - श्रम कार्ड बनाने और साथ ही 10 लोगों का आभा कार्ड बनाने का प्रोसेस किया गया। परियोजना उतप्रेरक आलोक कुमार सिन्हा ने कहा की ग्रामीणों मे काफी उत्साह दिखी सरकारी योजनाओं से जुड़ने को लेकर खासकर महिलाओं मे जरुरत है। सरकार द्वारा तो कोशिश की जा रही है पर चैनल ऑफ कम्युनिकेशन की कमी साफ दिखती है जरुरत है इनको दुरुस्त करने की।

# वनपोक गांव में वन रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत धरगाव पंचायत के वनपोक गांव में ग्रामीणों द्वारा जंगल बचाने के लिए वन रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नजारत उप समाहर्ता जयपाल सोय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा व वन क्षेत्र पदाधिकारी शामिल हुए। इस क्रम में उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा हेतु पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। हमें प्रकृति की संरक्षण करना चाहिए और पेड़ों को बचाना चाहिए ताकि पर्यावरण की संरक्षण हो सके। मौके पर पीएमयू सदस्य धनपाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

# नेशनल पब्लिक स्कूल के दसवीं के छात्रों को नम आंखों से मिली विदाई

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद स्टेशन रोड स्थित नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय में मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के लिए 56 छात्र 26 छात्राओं को को विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गयी। विदाई समारोह कार्यक्रम में नृत्य संगीत हुआ एवं केक काटकर तथा कार्यक्रम का उद्घाटन आए हुए अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया गया। मंच संचालन विद्यालय के छात्र फरदीन खान एवं साजिया प्रवीण ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत कर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। 4 वर्ष नर्सरी के छात्र दीपक राज ने देश भक्ति गीत मां तुझे सलाम में उपस्थित अभिभावक विद्यालय के शिक्षक गण अतिथियों का मन मोह लिया, लोग झूम उठे। विद्यालय के डायरेक्टर मुस्ताक खान ने कहा कि विद्या से बड़ा कोई धन नहीं, विद्या के बिना जीवन अधूरा है। हम सभी विद्यालय के परिवार बच्चों को 12 वर्ष तक अपने पास रख कर चलना, बोलना, पढ़ना, लिखना, एक दूसरे का सम्मान करना, सिखाते हैं और एक दिन ऐसा आता है कि बेटी के समान विद्यालय के बच्चों को विदा कर देना पड़ता है। हम बच्चों से इसी आशा विश्वास के साथ विदा करते हैं कि आपका भविष्य उज्जवल हो, ऊंचे मंजिल को हासिल करें, और अपने कर्तव्यनिष्ठा से अपने साथ-साथ अपने विद्यालय का अपने माता-पिता का और क्षेत्र का नाम रोशन करें। आपकी मेहनत ही आपको ऊंची मंजिल तक पहुंचाएगी। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि राम जी यादव, प्राइवेट विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएनपी वर्णवाल, कन्हाई चंद्र यादव, नीलकंठ वर्णवाल, हीरामन मिस्त्री, वासुदेव यादव, समाजसेवी अरमान खान इब्राहिम अंसारी, मनान खान, प्रियंका कुमारी, पल्लवी कुमारी, सभी अतिथि गण, महिला बच्चे बूढ़े उपस्थित थे।

# श्री सत्य साईं सेवा संगठन पाकुड द्वारा निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण प्रारंभ

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड:** श्री सत्य साई सेवा संगठन पाकुड़ झारखंड द्वारा 12 जनवरी से श्री सत्य साई सेवा समिति छोटी अलीगंज पाकुड़ के संयोजक रवि कुमार ठाकुर के निजी आवास में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत बेकरी, लिफाफा, आचार, सिलाई कटाई, बुनाई, खिलाना, मोमवती आदि बनाने का महिलाओ के लिए निशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।जिसमें महिला प्रशिक्षक बिंदु कुमारी ठाकुर, संतोषी कुमारी, गीता कुमारी द्वारा प्रत्येक रविवार को सुबह 10.30 से प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण देंगी।

एक साल बाद श्री सत्य साई ट्रस्ट इंडिया द्वारा सभी को सर्टिफिकेट प्रदान की जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान सिलाई मसीन आदि आवश्यक सामग्री संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तम कुमार सोरेन दास (पाकुड़ साई समिति कन्वेनर) अनिरूद ठाकुर,(ज्वाइंट जिला अध्यक्ष) सत्य साई संगठन पाकुड़ के जिला संयोजक स्किल डेवलपमेंट (पुरुष) पुलक घोष, जिला संयोजक स्किल डेवलपमेंट (महिला)लेखिका कुमारी, राजेश रजक, पुजा कुमारी, संजू कुमारी, दीपक कुमार एवं साई समिती के अन्य सदस्य उपस्थित थे, । मौके पर श्री सत्य साई सेवा संगठन झारखंड के राज्य एसआरपी/मेडीकल कॉर्डिनेटर डॉ देवकांत ठाकुर ने फीता काट कर उपस्थित सभी को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे गरीब तबके के महिला आत्मनिर्भर होगी, अपने परिवार का पालन पोषण कर सकेगी । यह कार्यक्रम संपूर्ण भारत में संगठन द्वारा चलाया) जा रहा है। योजना के तहत रविवार को श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा पहला निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण जिला में प्रारंभ किया गया है।

# विद्यालय में स्वामी दयानंद जी की 200वीं जयंती मनाई गई



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जन्मोत्सव बहुत धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम के शुरूआत में विद्यालय प्राचार्य श्री आशीष कुमार मंडल, वरिष्ठ शिक्षक श्री संजीव कुमार मिश्रा एवं अन्य शिक्षक गण तथा बच्चों द्वारा स्वामी जी के प्रतिमा पर तिलक एवं माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के परंपरागत प्रथा वैदिक हवन का कार्यक्रम किया गया जिसमे विद्यालय प्राचार्य के साथ सभी शिक्षक गण एवं बच्चों ने भाग लिया। इस पावन उपलक्ष्य में विद्यालय के संगीत शिक्षिका द्वारा स्वामीजी को समर्पित एक भजन प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने बताया कि स्वामीजी ने आर्य समाज की स्थापना सन 1875 में किया जिसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक सुधार और शिक्षा पर जोर देना एवं सांस्कृतिक सामाजिक जागरूकता का प्रसार करना है।

# भारतीय जनता पार्टी ने की बजट पर चर्चा कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड:** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय ब्याहुत विवाह भवन में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केकेएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रकांड विद्वान एवं अर्थशास्त्री प्रोफेसर त्रिवेणी भगत एवं पाकुड़ के प्रसिद्ध व्यवसाय पवन जैन जी उपस्थित रहे। प्रोफेसर त्रिवेणी भगत में कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता व कुशल नेतृत्व क्षमता को परिलक्षित करनेवाला व भारत को काफी आगे ले जाने वाला बजट है। भाजपा सरकार ने इस बार बजट में सात लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लेने का निर्णय लिया है।

वहीं नौ लाख तक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को मात्र 45000 रूटैक्स के रूप में भुगतान करने होंगे। भारत को 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बनाने का लक्ष्य है।सरकार का प्रयास है कि भारत के प्रति व्यक्ति की आय दोगुनी हो। - समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, ग्रीन ग्रोथ, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र आदि पर फॉक्स रहा है।प्रसिद्ध व्यवसाई पवन जैन ने ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि देश को नई दिशा देने वाला यह बजट है. यह बजट देश को उन्नति के पथ पर ले जाने वाला बजट है. इस बजट से देश में युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग खोलेगा. उन्होंने छोटे और मध्यम व्यवसाय वर्गों के लिए सरकार से प्रक्रिया में सरलीकरण की अपेक्षा की। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष पंकज साह, धर्मेंद्र त्रिवेदी भास्कर पांडे, मिठू भगत, पवन भगत, शंभू भगत, रवि शंकर झा, पार्थ रक्षित पार्थ, रंजन दुबे,रतन भगत, जगदीश जी, सोहन मंडल,पिंटू पटेल,जीतू सिंह, कुंदन सिंह सहित कई गण्यमान उपस्थित रहे।

## न्यूज फटाफट

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल सम्मेलन का समापन

**मरकच्चो:** प्रखंड मुख्यालय मरकचो स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मंडल सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से संघ के हजारीबाग विभाग सह संघ चालक सुरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विभाग सर संघ चालक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश विभिन्न विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। हमें इन परिस्थितियों से लड़ना है और हम सबों को एकजुट होकर मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाना है। सम्मेलन में खंड कार्यवाह डॉ संदीप कुमार, सह जिला महा बिधालयिन प्रमुख प्रोफेसर शिवनारायण ठाकुर, अधीन कुमार पांडे, मनोज कुमार वर्णवाल, भीम राणा, राहुल कुमार, गणेश कुमार पांडे समेत कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### सखी मण्डल की सदस्यों को वित्तीय कार्य मे मिलेगी सहायता

**मरकच्चो:** प्रखण्ड के मूर्कमनाय संकुल संगठन के सभागार में झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव वित्तीय साक्षरता हेतु सक्षम सेंटर का उद्घघाटन के साथ साथ डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सक्षम केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण देना और डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजसेवी सह भाजपा मंडल अध्यक्ष मरकच्चो विजय यादव ने किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नितेश कुमार ने उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। आगामी दिनों मरकच्चो प्रखंड के बाकी 3 क्लस्टर में भी सक्षम केंद्र खोला जायगा। जहाँ सखी मण्डल की दीदियों को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जायगा। जैसे बीमा करवाना, बचत खाता खुलवाना,इन्सुरेंस क्लेम करना, पैसे का लेनदेन करना आदि की जानकारी दी जायगी। मौके पर अली अहमद, दिलीप यादव, पंकज सिंह, सुनीता देवी, गुड्डी देवी, ज्योति देवी, सबिता देवी, रेणु देवी, अफसाना खातून समेत दर्जनों की संख्या में सखी मण्डल की सदस्य उपस्थित थीं।

### राजस्थान से गुम व्यक्ति को पुत्र के सुपुर्द किया

**सतगावां:** थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को मान सम्मान के साथ उनके घर वालों को सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी साह ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति किरोड़ी लाल मीणा जो 18 दिसम्बर 2022 से गुम था। किसी तरह से भटक कर सतगावां थाना क्षेत्र पहुंच गया। उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर राजस्थान के दौसा जिला का निवासी बताया। थाना प्रभारी आनंद कु. साह के द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को थाना लाया गया एवं बताये गए दूरभाष के जरिये उनके घर वालों को सूचना दिया गया। गुमशुदा व्यक्ति किरोड़ी लाल मीना के पुत्र महेंद्र कुमार मीणा को सुपुर्द किया गया। लोग थाना प्रभारी द्वारा किये इस नेक कार्य की सराहना कर रहे है।

### दो दिवसीय उर्स का होगा आयोजन, तैयारी शुरू

**जयनगर:** स्थानीय जयनगर मस्जिद मोहल्ला में हजरत बाबा अब्दुर्रहीम शाह रहमतुल्लाह अलेह का 86 वाँ सालाना उर्स 14 एवं 15 फरवरी को मनाया जाएगा। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 14 फरवरी दिन मगंलवार को रात्रि 9 बजे से जलसे का आयोजन किया जाएगा जिसमें सय्यद कामरान हसीब (हैदराबाद), शायर इस्लाम एहसान शाकिर आजमी (यूपी), शायर इस्लाम अल्हाज जफर अकील ( हजारीबाग) मौलाना सिद्दीक हसन ( झारखण्ड) एवम संचालन दानिश इकबाल, इजराइल कमर (बरवाडीह) करेंगे। वहीं 15 फरवरी दिन बुधवार को रात्रि 9 बजे से फहीम गुलाम वारसी (अमरोहा यूपी) एवम जुबेर सुल्तानी यूपी के बीच शानदार सूफियाना कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। इसको लेकर उर्स कमेटी जयनगर के सभी सदस्य लगे हैं।

### निजी सचिव ने आगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया

**कोडरमा:** केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी की निजी सचिव रोहिणी आर भाजीभाकरे एवं उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोडरमा प्रखंड के नावाडीह आंगनबाड़ी केंद्र एवं दर्जी मोहल्ला स्थित आगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। मौके पर रोहिणी आर भाजीभाकरे ने केंद्र में आए बच्चों से बातचीत की एवं उन्हें खेल खेल में कई शिक्षात्मक जानकारी दी। इसके अतिरिक्त मौके पर उपायुक्त ने सेविका व सहायिका को बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर दिन विभिन्न गतिविधियां करते हुए बच्चों का सर्वागिंग विकास करे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा, संबंधित पीएमयू सदस्य, अनुज व अन्य मौजूद रहे।

### समिति ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की

**कोडरमा:** झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समिति के सभापति जेजे गॉलस्टेन ने स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन निर्माण, नगर विकास, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार, जल संसाधन, खनन, समेत अन्य सभी जिला स्तरीय विभागीय पदाधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में लंबित आवास योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभापति ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, भवन निगम, स्पेशल डिविजन से बनने वाले भवनों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच एवं नगर परिषद झुमरी तिलैया के लंबित आवास योजनाओं को जल्द पूरा करने तथा निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके भवनों को हैंडओवर करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी को बिरसा भवन पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### 25 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया

**कोडरमा:** उपायुक्त कोडरमा की पहल से कोडरमा जिले के सरकारी स्कूल में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रोजेक्ट इंपैक्ट की शुरूआत की गयी है। प्रोजेक्ट इंपैक्ट के माध्यम से सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना आदि में सुधार लाने के लिए प्रयास किया जायेगा। इसी क्रम में शनिवार को सुपर मास्टर ट्रेनर द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 25 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### अभिभावक और पैरेंट टीचर मीटिंग संपन्न



**गोड्डा:** स्थानीय सीबीएसई मान्यता प्राप्त प्लस टू विद्यालय बेथल मिशन में कक्षा छः से ग्यारहवीं तक के अभिभावकों का पैरेंट टीचर मीटिंग(पी टी एम) रखा गया था। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अभिभावकों, विद्यालय प्रचार्या श्रीमति अन्ना मार्क एवम निदेशक श्रीमान प्राणेश सोलोमन के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावक अपनी सक्रिय भागीदारी से बच्चे की सफलताओं के लिए उनके प्रगति के पथ पर आने वाले चुनौतियों का सटीक पहचान कर इस पर काम करना है। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई जिससे यह साबित होता है कि कोविड महामारी के बाद अभिभावक भी अपने बच्चों के प्रति काफी जागरूक हैं।अभिभावकों को विद्यालय से जोड़ने में शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई है वे बच्चों की प्रगति के बारे में अभिभावकों को बताते और उनके सहयोग के क्षेत्रों को भी रेखांकित करते हैं। विद्यालय निदेशक श्रीमान प्राणेश सोलोमन ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में सृजनात्मक विकास की अत्यंत आवश्यकता है इसमें बच्चों को माता-पिता एवं अभिभावकों से वातार्लाप के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का भी मौका मिलता है जिससे उनमें भावनात्मक विकास होता है।


## न्यूज फटाफट

### मध्य प्रदेश को रौंदकर बंगाल फाइनल में



**इंदौर :** बंगाल ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 306 रन से रौंदकर 15वीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। बंगाल ने आखिरी दिन मध्यप्रदेश के सामने 548 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा। मध्यप्रदेश अगर पूरा दिन बल्लेबाजी करके मुकाबला ड्रॉ भी करवा लेती तो वह पहली पारी में पिछड़ने के कारण हार जाती। मध्य प्रदेश ने तेजी से रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल करना चाहा लेकिन इस प्रयास में गत चैंपियन 241 रन पर सिमट गयी। बंगाल के लिये प्रदिप्ता प्रमाणिक ने पंजा खोलते हुए 51 रन देकर पांच विकेट लिये। पहली पारी में पांच विकेट झटकने वाले आकाश दीप को एक विकेट लिया, जबकि मुकेश कुमार ने दो और शाहबाज़ अहमद ने एक सफलता हासिल की। दो बार की चैंपियन बंगाल का सामना फाइनल में सौराष्ट्र से होगा, जो रोमांचक सेमीफाइनल में कर्नाटक को चार विकेट से हराकर आ रही है।

### रणजी फाइनल खेलने के लिये भारतीय टीम से रिलीज़ हुए उनाडकट



**मुंबई :** सौराष्ट्र के तेज गेंदबाज और कप्तान जयदेव उनाडकट को बंगाल के विरुद्ध होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में हिस्सा लेने के लिये भारतीय टीम से रिलीज़ कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उनाडकट को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जारी टेस्ट शृंखला के पहले दो मुकाबलों के लिये 17-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया था, हालांकि पहले मैच में उन्हें एकादश में जगह नहीं मिली। बीसीसीआई ने बताया कि चयनकर्ता समिति ने टीम प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श करने के बाद उनाडकट को दूसरे टेस्ट से पूर्व स्क्वाड से रिलीज़ करने का फैसला किया। उनाडकट अब 16 फरवरी को होने वाले रणजी फाइनल में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी टीम को तीन साल में दूसरा खिताब जिताने का प्रयास करेंगे।

**फुटबॉल** स्पेन के रियल मैड्रिड ने अल हिलाल को हराकर

# पांचवीं बार फीफा क्लब विश्व कप जीता



▶▶ स्पेनिश के कप्तान एंसेलोटी की टीम सऊदी अरब के अल हिलाल पर शुरू से अंत तक हावी रही

एजेंसियां

**मोरक्को:** स्पेन के रियल मैड्रिड ने पांचवी बार फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया, उसने फाइनल मुकाबले में सऊदी अरब के अल हिलाल को हराकर यह खिताब जीता है। फाइनल मुकाबला शनिवार को मोरक्को की राजधानी रबात के प्रिंस मौले अब्दुल्लाह स्टेडियम में खेला गया और जिसमें रियल मैड्रिड ने अल हिलाल को 5-3 से हराया। स्पेनिश टीम के लिए विनिसियस जूनियर और फेडे वालवरडे ने दो-दो गोल दागे, जबकि दूसरे हाफ में 5वां गोल करीम बेंजेमा ने किया। अल हिलाल के लिए लुसियानो वीटो और मौसा मरेगा ने गोल किया। स्पेनिश के कप्तान एंसेलोटी की टीम सऊदी अरब के अल हिलाल पर शुरू से अंत तक हावी रही और खेल के 20 मिनट के भीतर विनी जूनियर और वाल्वरडे के दो गोल की मदद से मैच में शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद प्रतिद्वंदी टीम के खिलाड़ी मारेगा ने 26वें मिनट में एक गोल कर स्कोर के अंतर को कम किया, लेकिन ब्रेक के बाद रियल मैड्रिड ने खेल के 54वें मिनट में बेंजेमा और 58वें मिनट में वाल्वरडे के गोल ने मैच को अपने टीम के पक्ष में कर लिया। एक बार फिर प्रतिद्वंदी टीम ने पलटवार किया और वीटो ने खेल के 64वें मिनट में अपनी टीम के लिए एक गोल किया। इसके बाद विनी जूनियर ने खेल के 69वें मिनट में एक और गोल कर तीसरा गोल किया और स्कोर को 5-3 तक ले आए लेकिन अपनी हार को न बचा सके। रियल मैड्रिड ने कल पांचवीं बार फीफा क्लब विश्व कप जीता, इससे पहले वह 2014, 2016, 2017 और 2018 में भी यह खिताब अपने नाम कर चुका है।

## अनुराग ठाकुर ने साई लखनऊ में किया छात्रावास का अनावरण



एजेंसियां


**लखनऊ :** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र के तीन नवनिर्मित भवनों, 300 बिस्तरों वाले छात्रावास, वातानुकूलित कुश्ती हॉल और खेल विज्ञान के लिए चिकित्सा केंद्र के विस्तार का अनावरण किया। इस मौके पर आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर और प्रदेश के खेल राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव के अलावा राज्य और केंद्र सरकार के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। ठाकुर ने कहा कि इस साई क्षेत्रीय लखनऊ केन्द्र पर केन्द्र सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 40 करोड़ से अधिक राशि व्यय की है। पहले इस केंद्र में तीन छात्रावास, पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए 80-80 बिस्तरों के दो छात्रावास और राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों के लिए 100 बिस्तरों का छात्रावास था, लेकिन इस नए छात्रावास से अब नियमित छात्रावासों की क्षमता बढ़कर 460 बिस्तरों की हो जाएगी। इसका मतलब है कि अब ज्यादा खिलाड़ियों को रहने, ट्रेनिंग करने और देश के लिए मेडल लाने का मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत युवा मामले और खेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में 137.27 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन की तारीफ करते हुए कहा कि पहली बार किसी इन्वेस्टमेंट समिट में खेलों को जगह दी जा रही है। योगी आदित्यनाथ का विजन बहुत स्पष्ट है और यह खिलाड़ियों के लिए बहुत सकारात्मक है। श्री ठाकुर ने साई क्षेत्रीय केंद्र को भुगतान और खेल श्रेणी में फुटफॉल बढ़ाने और स्थानीय स्कूली छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने का मौका मिले। उन्होंने प्रतिभा खोज पर भी जोर दिया।

### भारत में 'खेल महाशक्ति' बनने की पूरी क्षमता: ठाकुर

**लखनऊ :** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि भारत में खेलों की महाशक्ति बनने की पूरी क्षमता है और उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में खेलों की अहम भूमिका होगी। यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 के तीसरे और अंतिम दिन 'उत्तर प्रदेश में खेल क्षेत्र की निवेश क्षमता और एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत में खेलों की महाशक्ति बनने की पूरी क्षमता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेलों के प्रति इतना झुकाव है कि वो खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से जानने के साथ उनके परिवार वालों का भी हालचाल लेते है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश जिसने दूसरे राज्यों के ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया वो प्रधानमंत्री के संकल्प से सिद्धि पहल का अनूठा उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिर्फ एक खेल ही नही बल्कि हर खेल को बराबर का प्रोत्साहन मिलना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर ऐसी योजनाएं बनायें जो खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी हों और उन्हे तय समय के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में खेलों की अहम भूमिका होगी। उन्होने कहा कि हर सांसद आज अपने संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ का आयोजन कर रहे है। खेलों इंडिया विंटर गेम्स गुलमर्ग में शुरू हो चुका हुआ है। 12 खिलाड़ियों ने 25 वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़े है। पिछले एक साल में 450 कोच हायर किए गए है और आने वाले समय में और कोच हायर किए जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया ने वामहस्त स्पिनर कुहनेमैन को तलब किया

एजेंसियां



**मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के बचे हुए मैचों के लिये वामहस्त स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को स्क्वाड में शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लेग-स्पिनर मिचेल स्वेपसन को अपनी पहली संतान की पैदाइश के लिये घर लौटना पड़ा, जिसके बाद कुहनेमैन को स्क्वाड में शामिल किया गया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सिर्फ 13 मैच खेलने वाले कुहनेमैन शुक्रवार से दिल्ली में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे मुकाबले में अपना टेस्ट पदार्पण कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा, ह्लउनके पास अगले टेस्ट मैच में खेलने का एक अच्छा मौका है। अगर हम तीन स्पिनर खिलाते हैं तो हमें एक अतिरिक्त खिलाड़ी की जरूरत होगी, इसलिए हमने टीम में चौथा स्पिनर (कुहनेमैन) को शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पास पहले टेस्ट के लिये मिचेल स्वेपसन और एश्टन आगर के रूप में दो लेग-स्पिनर मौजूद थे, हालांकि कंगारुओं ने नेथन लायन के अनुभव के सथ युवा प्रतिभा टॉड मर्फी को मैदान पर उतारना बेहतर समझा। यदि हरफनमौला कैमरन ग्रीन दूसरे टेस्ट के लिये फिट हो जाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया एक तेज गेंदबाज की जगह कुहनेमैन के साथ मैदान पर उतर सकती है।

## पाकिस्तान ने टॉस जीता भारत की पहले गेंदबाजी

एजेंसियां



**केप टाउन:** पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारूफ ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के ग्रुप-बी मुकाबले में रविवार को भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मारूफ ने टॉस के बाद कहा, हम पहले बल्लेबाजी करना चाहेंगे। यह सूखा विकेट है, इसमें ज्यादा बदलाव नहीं होगा इसलिए हम पहले स्कोर खड़ा करना चाहेंगे। हममें आत्मविश्वास है क्योंकि पिछली बार हम भारत के खिलाफ जीते थे लेकिन यहां परिस्थितियां अलग हैं। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, हम बल्लेबाजी करना चाहते थे क्योंकि ये विकेट थोड़े पेचीदा हैं। वह (स्मृति मंधाना) जल्द ठीक होंगी लेकिन हमने आज के लिये हरलीन (देओल) के रूप में एक अतिरिक्त बल्लेबाज जोड़ा है, और शिखा (पांडे) बाहर रहेंगी। मुझे लगता है कि ये विकेट हमारी मदद करेंगे, हम बहुत अच्छी गेंदबाजी करने वाली टीम हैं। त्रिकोणीय सीरीज में इससे पहले भी हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय एकादश : शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका ठाकुर सिंह।

## मनोज वाजपेयी की फिल्म गुलमोहर का ट्रेलर रिलीज




एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म गुलमोहर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म गुलमोहर में शर्मिला टैगोर भी नजर आएंगी। इस फिल्म से शर्मिला 12 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। मनोज वाजपेयी ने इस ट्रेलर को शेयर किया है। मनोज बाजपेयी ने फिल्म गुलमोहर के ट्रेलर को पोस्ट करते हुए लिखा, ''मेरी बत्रा फैमिली, आपको अपने परिवार के साथ स्वागत करती है।'' बताया जा रहा है कि फिल्म गुलमोहर बत्रा परिवार की कहानी है। जिसमें मनोज वाजपेयी एक पिता के रोल में तो वहीं शर्मिला टैगोर उनकी मां के रोल में नजर आ रही हैं। स्टार स्टूडियोज के बैनर तले फिल्म गुलमोहर का निर्माण हुआ है। फिल्म में शर्मिला टैगोर, मनोज वाजपेयी, सिमरन, सूरज शर्मा अमोल पालेकर लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 3 मार्च को डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### तीन साल बाद, एक बार फिर से शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं हार्दिक और नताशा

एजेंसियां



**मुंबई:** तीन साल पहले, भारतीय स्टार क्रिकेटर हार्दिक पांड्या ने बॉलीवुड अभिनेत्री नताशा स्टेनकोविक के साथ शादी रचाकर सबको चौका दिया था। दोनों ने साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान बहुत ही निजी और साधारण तरीके से शादी की थी। अब खबर है कि हार्दिक और नताशा एक बार फिर से शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस बार दोनों एक बड़े समारोह में शादी करेंगे, जिसमें उनके आसपास के लोग शिरकत करेंगे। दोनों की दुबारा शादी की खबरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा का माहौल गर्म हो गया है।

## सैफ-करीना मार्वल फ्रेंचाइजी इंटरनेशनल फिल्म को देंगे आवाज

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और करीना कपूर समेत कई कलाकार मार्वल फ्रेंचाइजी इंटरनेशनल फिल्म को अपनी आवाज देने जा रहे हैं। मार्वल्स वेस्टलैंडर्स के हिंदी वर्जन में सैफ अली खान, करीना कपूर खान के अलावा ब्रजेश हिरजी, शरद केलकर, आशीष विद्यार्थी, जयदीप अहलावत, मिथिला पालकर, प्राजक्ता कोली, यशस्विनी दयामा जैसे बॉलीवुड के बड़े सितारे अपनी आवाज देंगे। करीना कपूर जहां ब्लैक विडो (हेलेन ब्लैक) के किरदार को अपनी आवाज दे रही है, तो वहीं सैफ स्टार-लॉर्ड के किरदार को आवाज देंगे। 28 जून, 2023 को 'मार्वल के वेस्टलैंडर्सः स्टार-लॉर्ड' का पहला एपिसोड ऑडिबल पर रिलीज़ होगा। सीरीज में 10 एपिसोड होंगे।



## मान्यता दत्त ने एनिवर्सरी पर संजय दत्त के साथ शेयर किया डांस वीडियो

एजेंसियां



**मुंबई:** मान्यता दत्त ने अपने पति संजय दत्त के साथ अपनी 15वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर सोशल मीडिया पर डांस वीडियो शेयर किया है। मान्यता दत्त ने 11 फरवरी को 15वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

वीडियो में संजय दत्त और मान्यता क्लब में अमिताभ बच्चन के गाने 'तुम साथ हो जब अपने' में कपल डांस करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए मान्यता ने एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने अपने शादी के पंद्रह साल को याद करते हुए लिखा, 'हम दोनों एक दूसरे को 21 सालों से जानते हैं। हमने गलती की, माफी मांगी, एक दूसरे को चांस भी दिया, माफ किया, मस्ती मजाक भी किया और एक दूसरे से प्यार भी किया।' संजय दत्त ने भी रोमांटिक पोस्ट शेयर किया। संजय दत्त ने कैप्शन में लिखा, मान्यता, आज इस खास दिन पर मैं इस मोमेंट को सेलिब्रेट करना चाहता हूं। तुमने मेरे जीवन के हर एक दिन को खुशी और प्यार भर दिया है। मेरी वंडरफुल वाइफ और दोस्त, मैं तुमसे हमेशा-हमेशा प्यार करता रहूंगा।

## बॉलीवुड का सबसे खतरनाक विलेन, इनके डर से हलक में आ जाते थे लोगों के 'प्राण'

एजेंसियां



**मुंबई:** कभी देखा है कि कोई किरदार अपने अभिनय में इतना रम जाए कि लोग उसे हकीकत मानने लगे। आपको प्राण से रूबरू होने की जरूरत है। आइए जानते हैं अपने जमाने के सबसे बड़े विलेन की कहानी।पुरानी दिल्ली के बल्लीमारान में 12 फरवरी 1920 के दिन जन्मे प्राण का पूरा नाम प्राण कृष्ण सिकंदर था। हालांकि, वह प्राण नाम से ही मशहूर हो गए।प्राण ने फिल्म इंडस्ट्री को कई यादगार फिल्में दीं। एक कलाकार के रूप में उन्होंने जो छाप छोड़ी, उसे लोग आज भी याद करते हैं।कहा जाता है कि प्राण खलनायक के किरदार में इस कदर रम जाते थे कि लोग उन्हें असल जिंदगी में भी विलेन मानने लगे। उनके नाम से थर-थर कांपते थे। यहां तक कि उस दौर में बच्चों का नाम भी प्राण नहीं रखा जाता था।प्राण ने 1940 से 1947 तक हीरो की भूमिकाएं निभाईं, लेकिन इसके बाद विलेन के किरदार में फिट हो गए।प्राण ने 350 से अधिक फिल्मों में काम किया। इनमें खानदान, पिलपिली साहेब और हलाकू (1956) जैसी फिल्में शामिल हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

**पत्नी की हत्या करने के आरोप में पति गिरफ्तार**

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले की रामपुर बघेलान पुलिस ने 28 वर्षीय बादल आदिवासी को हत्या के आरोप मे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आठ फरवरी की रात रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के सिधौली गांव मे आरोपी बादल आदिवासी ने खाना बनाकर ना देने के कारण 25 वर्षिय पत्नी सोनिया आदिवासी की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**संभागायुक्त दीपक सिंह ने अटेर महोत्सव का उठाया लुत्फ**

**भिंड :** मध्यप्रदेश के भिंड में इन दिनों अटेर महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चंबल के बीहड़ों में किया जा रहा है, जिसका लुत्फ ग्वालियर चंबल संभागायुक्त दीपक सिंह ने उठाया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कल ग्वालियर चंबल संभागायुक्त दीपक सिंह पहुंचे। यहां उन्होंने एडवेंचर कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और मोटर राइड्स का लुत्फ उठाया। इसके बाद वे चंबल के रेत में होते हुए नदी के किनारे पहुंचे। चंबल की मनमोहक छटा को संभागायुक्त ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से महोत्सव को लेकर जानकारी ली। सबसे पहले संभागायुक्त ने मोटर बाइक पर सवार होकर बाइक राइडिंग का लुत्फ उठाया। इसके बाद वह चंबल के तीर में पहुंचे। यहां पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में उन्होंने स्कूली छात्रों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया।चंबल संभागायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर वॉलीबॉल भी खेला। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अटेर महोत्सव चंबल की अलग पहचान बनाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**दो मोटर साइकिलों की टक्कर में दंपति सहित पांच घायल**

**सागर :** मध्यप्रदेश के सागर जिले के नरयावली थाना क्षेत्र में दो मोटर साइकिलो की आपस में हुई टक्कर में एक दंपत्ति सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जरुआखेड़ा चौकी के बीस मील तिराहे पर कल रात दो मोटर साइकिलों की आपस में टक्कर हो गयी। हनोता परीक्षित निवासी सेवाराम यादव और ललित रैकवार मोटर साइकिल से सागर की ओर से आ रहे थे, तो वही बरारू निवासी अनिल पटेल अपनी पत्नी रामसखी और बेटी पूजा को मोटर साइकिल पर लेकर सागर की ओर जा रहे थे। तभी बीस मील तिराहे पर दोनों मोटर साइकिलो की आमने सामने से टक्कर हो गयी। सूचना मिलते ही तुरंत 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं, अनिल पटेल और रामसखी की गंभीर हालत को देखते हुए बीएमसी रेफर किया गया है।

**शिवराज ने नवनियुक्त राज्यपाल और उप राज्यपालों को दी बधायी**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के नवनियुक्त राज्यपाल और उप राज्यपालों को बधायी दी है। चौहान ने अपने ट्वीट के माध्यम से कहा कि आज राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नवनियुक्त राज्यपाल और उप राज्यपाल गणों को हार्दिक बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि नि:संदेह, आपके ज्ञान और अनुभव का राज्यों को भरपूर लाभ मिलेगा और विकास एवं जनहित की दिशा में नई गति प्राप्त होगी।

### देश से बाहर निकाले गये विपक्षी नेताओं ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की

# ईरान की वर्तमान सरकार के बदले लोकतंत्र की मांग

**▶▶ ईरान के धार्मिक नेतृत्व को अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है**

**▶▶ इस्लामिक गणतंत्र से उखाड़ फेंकने और संक्रमण के लिए एक साझा लक्ष्य साझा किया**

**राष्ट्रीय खबर**




**जॉर्ज टाउन:** ईरान से निर्वासित किये गये प्रमुख विपक्षी नेताओं के एक समूह ने ईरान के इस्लामिक धर्मतंत्र को एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र के साथ बदलने के लिए हाल के महीनों के राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों में मदद करने के लिए एकता और अंतर्कलह को समाप्त करने का अनुरोध किया। इनमें ईरान के अंतिम शाह के बेटे रेजा पहलवी और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता शिरीन एबादी शामिल है।

इनलोगों ने कहा कि वे एक नए बहुलवादी प्रणाली के संक्रमण के लिए एक चार्टर पर काम कर रहे थे, जिसके बाद स्वतंत्र चुनाव होंगे। 11 फरवरी, 1979 को अयातुल्ला रूहुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में इस्लामिक क्रांति के 44 साल पूरे होने से एक दिन पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में एक सम्मेलन में उनका आह्वान किया गया था, जिसमें शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शाही शासन को हटा दिया गया था।

महिलाओं के लिए सख्त ड्रेस कोड का कथित रूप से उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार की गई महसा अमिनी की मौत से भड़के लगभग पांच महीनों के विरोध प्रदर्शनों से ईरान के धार्मिक नेतृत्व को अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन उत्प्रवासी विरोध लंबे समय से अपने विभिन्न गुटों, कुछ राजशाही समर्थक, अन्य वामपंथी या ईरान के जातीय अल्पसंख्यक समूहों के बीच घुसपैठ के लिए कुख्यात रहा है। एबादी ने कहा कि यह अंदरूनी कलह का समय नहीं है।

एकता और सहानुभूति के बिना शासन को उखाड़ फेंकना संभव नहीं है। अमेरिका में जॉर्जटाउन इंस्टीट्यूट फॉर वीमेन, पीस एंड सिक्योरिटी में सम्मेलन के लिए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए मतभेदों को छोड़ दें। हम बेहतर भविष्य के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। पहलवी, जिन्होंने लंबे समय तक राजशाही की बहाली के बजाय ईरान में एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र के लिए अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी स्थिति को मजबूत करें, मतभेदों को दूर करें। उन्होंने कहा, नारों को एक तरफ रखकर, अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ाने और अपना काम शुरू करने का समय आ गया है। अभिनेत्री गोलशिफते फरहानी, जिन्होंने कहा कि वह प्रो-प्रोटेस्ट फुटबॉलर अली करीमी की ओर से भी बोल रही थीं, ने कहा कि प्रतिभागियों ने एक संक्रमणकालीन परिषद और फिर चुनावों से शुरू होकर इस्लामिक गणतंत्र से उखाड़ फेंकने और संक्रमण के लिए एक साझा लक्ष्य साझा किया। जब चुनाव का दिन आएगा तो हम सभी एक जैसी चीजें नहीं चाहेंगे। लेकिन हम अपने मतभेदों का जश्न मनाएंगे। यूएस-आधारित असंतुष्ट मसीह अलीनेजाद ने कहा कि समूह संक्रमण के चार्टर या प्रस्तावों पर काम कर रहा था जो महीने के अंत में तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमें कम से कम सिद्धांतों पर सहमत होना चाहिए। उन्होंने कहा, इस्लामी गणतंत्र के बिना दुनिया को एक दिन के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। सम्मेलन को हमीद एस्माईलियन ने भी संबोधित किया, जो 2020 में ईरान द्वारा एक यूक्रेनी विमान को मार गिराए जाने से शोक संतप्त परिवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अभिनेता नाजनीन बोनियादी और कुर्द कोमला पार्टी के महासचिव अब्दुल्ला मोहतादी। अधिकांश विश्लेषक इस बात से सहमत हैं कि हाल के महीनों में सैकड़ों लोगों के मारे जाने, हजारों गिरफ्तार होने और चार विरोध-संबंधी निष्पादनों के कारण विरोध प्रदर्शनों की गति कम हो गई है लेकिन प्रतिभागियों ने जोर देकर कहा कि शासन खतरे में है। अगली लहर आएगी और यह भारी होगी।

## कश्मीर घाटी के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट



**एजेंसियां**


**श्रीनगर :** मौसम विभाग ने रविवार को कहा कि कश्मीर घाटी के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी और पर्यटन स्थल गुलमर्ग में रविवार को मौसम की सबसे सर्द रात रही, जहां पर न्यूनतम तापमान शून्य से 13.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी कश्मीर के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में रविवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो वर्ष के इस महीने में एक दशक में दूसरा सबसे कम तापमान था और मौसम की इस अवधि में यह तापमान सामान्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इससे पहले 07 फरवरी, 2013 को गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान शून्य से 14.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था, जबकि इस वर्ष 16 जनवरी को गुलमर्ग में न्युनतम तापमान शून्य से 12.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। बर्फ से ढके गुलमर्ग में फिलहाल तीसरा '' खेलो इंडिया राष्ट्रीय शीतकालीन खेल'' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,500 से ज्यादा खिलाड़ी विभिन्न शीतकालीन खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में एक या दो स्थानों पर बहुत हल्की बर्फबारी होने का अनुमान लगाया है ।

## आदिवासी महिला की मौत के मामले में चल रहा विरोध प्रदर्शन समाप्त

**एजेंसियां**

**बड़वानी :** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में कथित तौर पर चिकित्सकों की लापरवाही के चलते एक आदिवासी महिला की मृत्यु होने को लेकर एक सप्ताह से जारी प्रदर्शन महिला चिकित्सक और सहायक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने के उपरांत समाप्त हो गया। बड़वानी के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) रूपरेखा यादव ने बताया कि महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रूपाली राठौर और उनके सहायक भास्कर पवार के विरुद्ध भी लापरवाही से मृत्यु संबंधी धारा तथा आदिवासी उत्पीड़न एक्ट के तहत दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में पूर्व में डॉ चंद्रकांता गुप्ता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज है। उन्होंने बताया कि आदिवासी संगठनों को मामले की निष्पक्ष विवेचना का आश्वासन दिए जाने पर उन्होंने कल रात्रि बड़वानी कोतवाली और निजी अस्पताल में जारी अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। आदिवासी संगठनों ने अपना आंदोलन पाटी विकासखंड की 25 वर्षीय दुर्गाबाई की 24 जनवरी को महामृत्युंजय अस्पताल में मृत्यु हो जाने के बाद 3 फरवरी से आरंभ किया था।

## हर घर जल योजना की सुस्त रफ्तार



**एजेंसियां**

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में 'हर घर जल योजना' की सुस्त रफ्तार हमीरपुर जिले के करीब 355 गांवों को आने वाली गर्मियों में भी प्यासा रखेगी। नमामि गंगे योजना के सहायक अभियंता मानवेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि जिले में पत्यौरा योजना के लिये 336.98 करोड़ व हरौलीपुर योजना के तहत 242.65 करोड़ रुपये खर्च होना है। इसके लिये दोनो योजनाओं में 355 गांवों में पेयजल मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में यमुना नदी से पानी लिफ्ट कर उसे ट्रीटमेंट कर गांवों में पानी मुहैया कराया जायेगा। कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी जल निगम ग्रामीण को दी गयी है। दोनो योजनाएं छह माह पहले पूरी होनी थी। जल निगम ने कार्यदायी संस्था जिंदल व पीएनसी कंपनी को इसके लिये नियुक्त कर दिया है।

## राजस्थानी भाषा को मान्यता देने की मांग को लेकर युवाओं ने दिया ज्ञापन



**एजेंसियां**

**जयपुर :** राजस्थानी युवा समिति ने राजस्थानी भाषा को अनुच्छेद 345 को आधार बनाकर राज्य भाषा बनाने के मुद्दे को लेकर आज यहां मुख्य सचेतक महेश जोशी को ज्ञापन दिया। बजट आने के दूसरे दिन ही गोविंद देव जी मंदिर के प्रांगण में हजारो की संख्या में युवाओं ने एकजुट होकर राजस्थान सरकार को अपनी ताकत का सन्देश दिया। मुख्य सचेतक महेश जोशी ज्ञापन लेने पहुंचे और युवाओ को सरकार की तरफ से आश्वस्त किया। समिति के राष्ट्रीय सलाहकार राजवीर सिंह चलकोई ने बताया ये सरकार खुद को राजा मान बैठी है और युवाओं के साथ अच्छा आचरण नहीं कर रही इसलिये युवा समिति और युवाओं की ये भीड़ जयपुर के असली राजा गोविंद देव जी को ज्ञापन देने आयी है।

**सम्मेलन >** जम्मू-कश्मीर हज कमेटी की अध्यक्ष सफीना बेग ने कहा कि

# इस साल हज यात्रा होगी 80 हजार रूपये सस्ती

**▶▶ 10,000 से अधिक तीर्थयात्री हज की पवित्र यात्रा करेंगे**

**एजेंसियां**



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर हज कमेटी की अध्यक्ष सफीना बेग ने रविवार को कहा कि इस साल 2023 में हज यात्रा लगभग 80,000 रुपये सस्ती होगी और प्रत्येक तीर्थयात्री को इस साल हज करने के लिए 3,50,000 से 3,70,000 रुपये अधिकतम का भुगतान करना होगा। सुश्री बेग ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय हज समिति (एचसीओआई) और सऊदी सरकार के बीच गहन विचार-विमर्श के बाद इस साल हज सस्ता किया गया है। उन्होंने कहा,''हमारे अनुमान के अनुसार, इस बार हज 80,000 रुपये सस्ता होगा। प्रत्येक हज यात्री, जिन्हें 4.50 लाख रुपये का भुगतान करना होता था उन्हें इस बार 3,50,000 रुपये से 3,70,000 रुपये के बीच भुगतान करना होगा।'' उन्होंने कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर के 10,000 से अधिक तीर्थयात्री हज की पवित्र यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा,''श्रीनगर में हज कार्यालय हर तीर्थयात्री को सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें पासपोर्ट से संबंधित मुद्दे भी शामिल हैं। पहले, प्रत्येक तीर्थयात्री को फॉर्म के लिए 300 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। अब फॉर्म को डाउनलोड करके आसानी से भरा जा सकता है।'' हज कमेटी की अध्यक्ष ने कहा कि आरटीपीसीआर परीक्षण कराने की जरूरत पड़ने पर सरकार खर्च वहन करेगी और हजयात्रियों के नमूने मुफ्त में लेगी। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के तीर्थयात्रियों को हज के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि बिना मेहरम के 45 वर्ष की महिलाएं समूहों में तीर्थ यात्रा कर सकती हैं। उन्होंने कहा,''बिना महरम के चार महिलाओं का एक समूह हज कर सकता है।'' उन्होंने कहा, सऊदी सरकार ने उन महिलाओं को छूट दी है जिनके पास कोई महरम नहीं है लेकिन हज यात्रा पर जाने को इच्छुक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अजीजिया से हरम तक हज यात्रियों को सीधी बस सेवाएं मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा,''यह 2022 में हज करने वाले तीर्थयात्रियों की मांग रही है।'' यह पूछे जाने पर कि पिछले साल की तरह मक्का और मदीना में तीर्थयात्रियों के मुद्दों को हल करने की कोई योजना है, कई तीर्थयात्रियों ने वहां के होटलों द्वारा खराब व्यवहार की शिकायत की थी, सुश्री बेग ने कहा,''इस साल, हज अधिकारी व्हाट्सएप पर अलग-अलग समूह बनाएंगे और हज यात्रियों के संपर्क में रहेंगे। किसी भी मुद्दे या शिकायतों के मामले में, तत्काल निवारण किया जाएगा।'' गौरतलब है कि इस साल तीर्थयात्रियों के लिए देश भर में 25 पुश्ता बिंदु होंगे। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने कहा है कि इस साल की तीर्थ यात्रा पिछले तीर्थों की तुलना में बहुत आसान होगी।

## न्यूज फटाफट

**सऊदी अरब कर रहे है सैन्य सहयोग बढ़ाने पर काम : रूसी राजदूत**

**रियाद :** रक्षा क्षमताओं में विविधता लाने के लिए रूस और सऊदी अरब ने सैन्य-तकनीकी सहयोग बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। स्पूतनिक ने सऊदी अरब में रूसी राजदूत सर्गेई कोजलोव के हवाले से यह जानकारी दी। कोजलोव ने कहा कि,''हाल के दिनों में इस क्षेत्र के प्रासंगिक कार्यों में बहुत तेजी आई है। जो कि विशेष रूप से यह नियमित द्विपक्षीय संबंधों से स्पष्ट होता है, जिसमें सैन्य-तकनीकी सहयोग पर संयुक्त रूसी-सऊदी अंतर-सरकारी आयोग जैसे कार्य प्रारूप भी शामिल हैं।''रूसी राजदूत ने कहा कि अमेरिका के साथ तनाव के बीच सऊदी अरब अन्य संभावित सैन्य सहयोगियों की तलाश में है और अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने की धमकी दी है जिसमें सैन्य पहलू भी शामिल हैं।

**इजराइल में कानूनी सुधार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन**

**यरूशलम :** इजराइल में 80 हजार से ज्यादा लोगों ने प्रस्तावित न्यायिक सुधार पैकेज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह जानकारी इजराइली मीडिया ने रविवार को दी। इजरायली न्याय मंत्री यारिव लेविन ने गत 04 जनवरी को एक कानूनी सुधार पैकेज की शुरुआत की, जो नए न्यायाधीशों के चयन पर कैबिनेट की मंजूरी देकर सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार को सीमित करेगा, साथ ही साथ देश की संसद, केसेट को अन्य बातों के साथ-साथ पूर्ण बहुमत से अदालत के फैसलों को रद्द करने का अधिकार प्रदान करेगा। इस बदलाव की हर तरफ सार्वजनिक रूप से आलोचना हो रही और लोगों को इसका विरोध करने के लिए विवश कर दिया है। हारेत्ज अखबार के अनुसार शनिवार को 80 हजार से ज्यादा लोग इसके खिलाफ में पूरे इजरायल में एकत्रित हुए। केवल तेल अवीव में लगभग 50 हजार प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने की मांग भी की। समाचार पत्र हारेत्ज के अनुसार यरूशलम में लगभग सात हजार लोगों ने इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग के घर के बाहर प्रदर्शन किया और फिर प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आवास की ओर बढ़े,लेकिन पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को रास्ते में ही रोक दिया। देश के अन्य शहरों हाइफा, बीर शेवा,अशदोद और बेत शेमेश में भी प्रदर्शनकारियों ने जमकर प्रदर्शन किया।

**पेरिस में पेंशन सुधार के खिलाफ चौथी आम रैली**

**पेरिस :** पेरिस में विवादास्पद पेंशन सुधार के खिलाफ चौथी आम रैली का आयोजन हो रहा है, जिसमें हजारों लोग शहर की सड़कों पर उतर आए हैं। आरआईए नोवोस्ती ने रविवार को यह जानकारी दी। आरआईए नोवोस्ती के अनुसार प्रदर्शनकारी प्लेस डे ला रिपब्लिक में अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करने के बाद अब प्लेस डे ला नेशन की ओर बढ़ रहे हैं और ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि मध्य पेरिस में एक लाख से अधिक इस रैली में शामिल हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी प्रमुख फ्रांसीसी ट्रेड यूनियनों के बैनर के तले शामिल होकर बैनर और पोस्टर लेकर आगे बढ़ रहे हैं और ''मैक्रों,अपनी सेवानिवृत्ति की सोचें, लेकिन हमें मत छुएं ,बंधुआ कर्मचारी बूढ़े होने के लिए जीवित नहीं रहेंगे, चलो 60 की उम्र में पेंशन के लिए लड़े जैसे नारेबाजी करते हुए नजर आए। प्रमुख फ्रांसीसी ट्रेड यूनियन पहले ही घोषणा कर चुकी थी कि विरोध प्रदर्शन सप्ताहांत में आयोजित किया जाएगा ताकि इसमें ज्यादा लोग शामिल हो सकें। उल्लेखनीय है कि पेंशन सुधार के खिलाफ शनिवार को पूरे फ्रांस में 200 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हुए ,जिसमें मार्सिले,ल्योन,बोर्डो और नांटेस जैसे सभी प्रमुख शहर शामिल हैं। ट्रेड यूनियनों के अनुसार, टूलूज में आयोजित विरोध प्रदर्शन में एक लाख से ज्यादा लोग एकत्रित हुए। फ्रांसीसी प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने 10 जनवरी को पेंशन सुधार कानून पर एक मसौदा प्रस्तुत किया, जिसे सितंबर 2023 में लागू करने की योजना है। इसके अनुसार, फ्रांसीसी सरकार 01 सितंबर से देश में सेवानिवृत्ति की आयु प्रति वर्ष तीन महीने बढ़ाना शुरू करेगी और यह 2030 तक वर्तमान 62 वर्ष से बढ़ाकर 64 वर्ष हो जाएगी। फ्रांस में पेंशन सुधार योजना के खिलाफ पहली हड़ताल 19 जनवरी को हुई और पेरिस में 80 हजार लोगों के साथ पूरे देश में 10 लाख से ज्यादा लोग एकत्रित हुए। देश में 31 जनवरी को हुए दूसरे प्रदर्शन में कुल 28 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। पिछले मंगलवार को हालांकि तीसरे राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में केवल 7.57 लाख लोग शामिल हुए थे। पेंशन सुधार योजना के खिलाफ पांचवां राष्ट्रीय प्रदर्शन 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

**कनाडा की सीमा के पास मोंटाना हवाई क्षेत्र बंद : एफएए**

**वाशिंगटन :** अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने रक्षा कारणों से कनाडा की सीमा के पास देश के मोंटाना प्रांत में हावरे शहर के आसपास के हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। एफएए ने एक बयान में यह जानकारी दी। एफएए ने शनिवार को जारी एक नोटिस में कहा कि सभी विमान जो पहले से ही उड़ान भर रहे हैं, उन्हें सुरक्षा कारणों से सबसे तेज मार्ग का उपयोग करके इस क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकलना चाहिए। एफएए के अनुसार अमेरिकी रक्षा विभाग की गतिविधियों के समर्थन में इस हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है, लेकिन इसके बारे में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है। उत्तर अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान (एनओआरएडी) ने कल कहा कि उत्तरी कनाडा के ऊपर अत्यधिक ऊंचाई पर एक संदिग्ध वस्तु को उडान भरते हुए देखा गया था। बाद में, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रडो ने कहा कि यूकोन के ऊपर एक अमेरिकी एफ-22 विमान ने अज्ञात वस्तु को मार गिराया। ट्रडो ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से इस घटना के बारे में बातचीत है। व्हाइट हाउस ने कहा कि आसमान में मार गिरायी गई संदिग्ध वस्तु का 24 घंटे के भीतर पता चल गया है है। वह मानवरहित वस्तु थी।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1542 : इंग्लैंड की रानी कैथरीन हवाई को मौत के घाट उतार दिया गया।
- ▶▶ 1575 : फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का रेम्स में राज्याभिषेक।
- ▶▶ 1668 : लिस्बन संधि में स्पेन ने पुर्तगाल को मान्यता दी।
- ▶▶ 1693 : अमेरिका के वर्जीनिया में विलियम एंड मैरी कॉलेज खुला।
- ▶▶ 1795 : अमेरिका में पहली स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुली।
- ▶▶ 1856 : ब्रिटेन की ईस्ट इंडिया कंपनी ने लखनऊ के साथ-साथ अवध का भी अधिग्रहण किया।
- ▶▶ 1879 : स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू का जन्म।
- ▶▶ 1911 : प्रसिद्ध शायर फैज अहमद फैज का जन्म।
- ▶▶ 1916 : भारतीय सेना के कमांडर जगजीत सिंह अरोड़ा का जन्म।
- ▶▶ 1920 : स्विट्जरलैंड लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
- ▶▶ 1931 : नयी दिल्ली भारत की राजधानी घोषित हुई।
- ▶▶ 1941 : जर्मनी में नाजियों ने डच यहूदी परिषद पर हमला किया।
- ▶▶ 1945 : सोवियत संघ ने जर्मनी के साथ 49 दिन तक चले युद्ध के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पर कब्जा किया जिसमें एक लाख 59 हजार लोग मारे गये।
- ▶▶ 1945 : हिंदी सिनेमा के जाने माने अभिनेता विनोद मेहरा का जन्म।
- ▶▶ 1966 : सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
- ▶▶ 1968 : पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऑल इण्डिया जन संघ के अध्यक्ष चुने गए।
- ▶▶ 1974 : नोबेल पुरस्कार विजेता अलेक्सान्द्र सोल्शेनीत्सिन को सोवियत संघ सरकार और साम्यवाद की आलोचना करने के लिए देश से निकाला गया।
- ▶▶ 1984 : पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
- ▶▶ 1990 : अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस ने जर्मनी को फिर से एकीकृत करने पर सहमति दी।
- ▶▶ 2001 : मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप से कम से कम 400 लोगों की मौत।
- ▶▶ 2002 : पर्ल अपहरण काण्ड का मुख्य अभियुक्त उमर शेख लाहौर में गिरफ्तार, ईरान में हुई विमान दुर्घटना में 117 मरे।

## संपत मीना केंद्र में एडीजी रैंक में हुई इंपैनल

रांचीः झारखंड कैडर के 1994 बैच की आईपीएस संपत मीना केंद्र में एडीजी रैंक में इंपैनल हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसको लेकर अधिसूचना जारी की है। संपत मीणा वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और सीबीआई की लखनऊ जोन में संयुक्त निदेशक हैं। वहां से लौटने के बाद संपत मीणा झारखंड में एडीजी रैंक में योगदान देंगी। झारखंड पुलिस में संपत मीणा बेदाग छवि के लिए जानी जाती रही हैं।

फ्लाईओवर ▸ स्टेशन रोड तक सड़क बनाने का काम 25 फीसदी तक पूरा

# सिरमटोली-मेकॉन गोलचक्कर फ्लाईओवर के लिए हटेगा अतिक्रमण

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राजधानी के सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक मेकॉन गोलचक्कर तक 2.34 किमी फोरलेन फ्लाईओवर सह एलिवेटैड आरओबी के निर्माण के लिए अतिक्रमण को तोड़कर हटाया जायेगा। इस फ्लाईओवर के लिए आवश्यक जमीन के लिए रैयतों को पहले ही नोटिस दिया हुआ है। जल्द ही तोड़कर हटाने की दिशा में काम होगा। इस फ़्लाईओवर निर्माण में करीब 339.64 करोड़ की लागत आ रही है। इसका निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। कई स्थानों पर पिलर का निर्माण हो रहा है।

इस योजना के लिए मौजा सिरम में 0.555 एकड़ा, मौजा डोरंडा में 1.06 एकड़ और मौजा कडरू में 0.687 एकड़ जमीन लेनी है। इस तरह शहर और अरगोड़ा अंचल की जमीन ली जायेगी। इन मौजा के अंतर्गत वार्ड संख्या 14,15, 44 और 45 थाना संख्या 210, 223, और 208 की जमीन ली जा रही है। इनमें 33 से अधिक रैयतों से 2.302 एकड़ जमीन ली जायेगी। मौरा सिरम में केंद्रीय सरना समिति से भी कुछ जमीन लेनी है। कडरू मौजा में तीन भूखंड गैर मजरूआ भूमि भी ली जा रही है।

सिरमटोली चौक के आगे पशुपालन विभाग की जमीन को भी चिंहित्त किया गया है। सरकारी बस डिपो,राजेंद्र चौक के आगे जैप की जमीन ली जानी है।रांची स्टेशन जाने में अब लोगो को असुविधा नहीं होगी। स्टेशन केदूसरे गेट तक पहुंचने के लिए नई सड़क बनायी जा रही है। इसके निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बता दें कि नेपाल हाउस के पास शहीद गोरखा चौके सीधे स्टेशन के पीछे प्लेटफार्म नंबर पांचतक सड़क बन रही है। मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन इसे बनाने का काम कर रहा है। सड़क करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी बनायी जायेगी। इससे वाहनों का दवाब दूसरी सड़क पर कम हो जायेगा।


# तारों के मकड़जाल में उलझा रांची नगर निगम



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी में अगले महीने जी-20 की होने वाली बैठक को लेकर रांची नगर निगम रेस है। वहीं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। नालियों की सफाई से लेकर सभी चीजें दुरुस्त की जा रही है। इस बीच रांची नगर निगम तारों के मकड़जाल में उलझ गया है। निगम की टीम को समझ ही नहीं आ रहा है कि पोल पर झूल रहे इन तारों का क्या करें। वहीं यह पता ही नहीं चल पा रहा कि कौन सा कनेक्शन वैध है और कौन सा अवैध। ऐसे में सवाल यह उठता है कि निगम की टीम इन पर कार्रवाई कब करेगी।पोल पर तारों का जंजाल तो है ही। जगह-जगह पर उलझे ये तार हादसों को दावत दे रहे है। चूंकि केबल का जाल बिछाने वाली एजेंसियां तारों का गुच्छा बनाकर छोड़ दे रही है। जाने-अनजाने लोग इसकी चपेट में आ रहे है। वहीं नजर चूकी तो फिर एक्सीडेंट होना तय है। कई बार तो लोग इससे बचने के चक्कर में दूसरी गाड़ियों को धक्का मार दे रहे है।पिछले महीने 17 जनवरी को डिप्टी मेयर ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि कई कंपनियां केबल लगा रही है। पोल पर इस वजह तारों का जंजाल है। अवैध रूप से भी कई कंपनियां अपना केबल बिछा रही है। ये लोग बेतरतीब ढंग से काम कर रहे है। उन्होंने निर्देश दिया था कि एक टीम बनाई जाए जिसमें रांची नगर निगम, बिजली विभाग और जियो कंपनी के प्रतिनिधि रहेंगे।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया था कि आने वाले समय में टीम को सामंजस्य बनाकर कार्य कराना होगा। जिससे कि सही ढंग से कार्यों का निष्पादन हो सके। साथ ही कहा था कि एक हफ्ते के अंदर अवैध रूप से लगाए गए केबल को कंपनियां हटा ले। इसके बाद निगम कार्रवाई करेगा। लेकिन आज भी पोल पर तारों का जंजाल जस का तस है। वहीं इन पर कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया।


# कबाड़ी की दुकान में लगी भीषण आग



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में एक कबाड़ी की दुकान में भीषण आग लग गई । आग इतनी भयावह है कि दूर-दूर तक काले धुएं के गुब्बारे दिखाई दिये। मौके पर दमकल के वाहन पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग में पूरा कबाड़ी दुकान जल कर राख हो गया। इस आगलगी में कबाड़ी दुकान के आस पास के कुछ दुकानों को भी नुकसान पहुचा है। मिली जानकारी के अनुसार नामकुम थाना क्षेत्र के रहने वाले मेराज आलम के कबाड़ी दुकान में रविवार की सगं अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से आसपास भगदड़ की स्थिति बन गई। क्योंकि कबाड़ी दुकान में बड़े पैमाने पर पुराने टायर और वाहनों के दूसरे सामान रखे गए थे, इसलिए आग तेजी से फैली और देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया। कबाड़ी की दुकान में लगी भीषण आग ने आसपास के दो दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसी बीच स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना नामकुम थाने और फायर ब्रिगेड दोनों को दी। जानकारी मिलते ही नामकुम थाने की टीम सबसे पहले मौके पर पहुंची वहीं थोड़ी ही देर बाद अग्निशमन विभाग के तीन दमकल भी मौके पर पहुंच गए। लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग के वाहनों ने आग पर काबू पा लिया। नामकुम पुलिस के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी, आग इतने तेजी के साथ फैली कि थोड़ी ही देर में सब कुछ जलकर बर्बाद हो गया। हालांकि दमकल के वाहन मौके पर पहुंचकर आसपास की दुकानों और मकानों को बचाने में कामयाब रहे।कबाड़ी दुकान के मालिक मेराज अंसारी ने बताया कि इस अगलगी में उनका सब कुछ जलकर राख हो गया। दुकान में बड़े पैमाने पर टायर और दूसरे सामान खरीद कर रखे हुए थे जिन्हें ट्रकों में लोड कर बाहर भेजना था, लेकिन उससे पहले ही शार्ट सर्किट से आग लग गई और सब कुछ जलकर राख हो गया।

# अपराधियों से मुठभेड़ में दो पुलिस जवान शहीद



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में देवघर जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित शयाम गंज रोड अंडा पट्टी मोहल्ले में कल देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में मछली व्यवसाई सुधाकर झा की सुरक्षा में लगे दो पुलिस जवान शहीद हो गये। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी के के कुशवाहा पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तभी अपराधियों ने थाना प्रभारी की गाड़ी पर भी फायरिंग की जिसमें थाना प्रभारी भी बाल-बाल बच गये। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में एक अपराधी बुरी तरह घायल हो गया है। हिरासत में लिये गये दोनों अपराधी से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अपराधियों ने कल देर रात सुधाकर झा पर हमला किया और इसके बाद दोनों जवानों से अपराधियों की मुठभेड़ हुई। इसी दौरान गोली लगने से दोनों पुलिस जवानों की मौत हो गयी। शहीद हुए दोनों जवान साहिबगंज जिला के रहने वाले रवि कुमार मिश्रा और संतोष यादव हैं। कुछ दिनों पहले दोनों पुलिस जवानों को सुधाकर झा की सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।



**माननीय राज्यपाल रमेश बैस ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं माननीय सांसद शिबू सोरेन से उनके आवास पर जाकर भेंट की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उक्त अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी उपस्थित थे।**

### पार्षद की पहल पर बिजली विभाग ने लगाया मेला

रांची: राजधानी में विकास कार्यों में पार्षदों की भूमिका अहम होती है। लोगों की समस्याएं सुनने के साथ ही समाधान भी कराते है। इस कड़ी में वार्ड 38 के पार्षद दीपक लोहरा की पहल पर बिजली विभाग ने ऊर्जा मेले का आयोजन किया।जहां पर लोगों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली की जानकारी, नया कनेक्शन के लिए आवेदन और नया ट्रांसफार्मर लगाने का आवेदन लिया गया। इसके अलावा लोगों को बिजली विभाग की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई कि वे इसका लाभ कैसे ले सकते है। इन सभी आवेदनों पर विचार करने के बाद विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 405 मतदान केंद्रों पर पड़ेंगे वोट, 25-27 फरवरी को रहेगा ड्राइ डे


राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** 27 फरवरी को रामगढ़ विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होंगे। इसके लिए रामगढ़ जिला प्रशासन अपनी तैयारियों को अंतिम टच देने में लग चुका है। इस विधानसभा सीट के लिए 405 केंद्रों पर वोट पड़ेंगे। इनमें रामगढ़ ब्लॉक के 118, दुलमी ब्लॉक के 64, चितरपुर के 70 और गोला ब्लॉक के 153 सेंटर शामिल हैं। जिला प्रशासन ने इन प्रखंडों के निर्धारित केंद्रों का अधिग्रहण किये जाने की घोषणा कर दी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा के मुताबिक सभी निर्धारित 405 सेंटर का अधिग्रहण 26 फरवरी से 28 फरवरी तक किया जाएगा। डीसी के मुताबिक मतदान केंद्रों से संबद्ध भवनों को उपस्कर एवं संपूर्ण परिसर सहित 26-28 फरवरी के लिए अधिग्रहित किया जाना है।रामगढ़ उपायुक्त के मुताबिक रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव वाले दिन (27 फरवरी) से 48 घंटे पहले संपूर्ण रामगढ़ में ड्राइ डे (शुष्क दिवस) रहेगा। यानि 25 फरवरी के अपराह्न 5 बजे से 27 फरवरी के अपराह्न 5 बजे तक तथा मतगणना की तिथि 2 मार्च को संपूर्ण रामगढ़ में शुष्क दिवस रहेगा। ड्राइ डे की अवधि में किसी होटल, भोजनालय, मधुशाला, दुकान में अथवा किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्पिरिट युक्त मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा। ना ही वितरित किया जायेगा। निर्धारित अवधि के दौरान सभी देशी शराब, विदेशी शराब, कंपोजिट शराब, दुकान, बार एवं रेस्तरां, क्लब, पाली हिल्स ब्रिवरीज प्रा लि, कैंटीन स्टोर, डिपार्टमेंट थोक गोदाम एवं खुदरा मिलिट्री कैंटीन पूरी तरह से बंद रहेगी।

एडमिशन ▸ बीपीएल बच्चों का प्राइवेट स्कलों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू, 6 मार्च तक आवेदन

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त 102 निजी विद्यालयों में दाखिले होंगे



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में मान्यता प्राप्त 102 निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए शिड्यूल शनिवार को जारी कर दिया गया। इस अधिनियम के तहत केवल नर्सरी-एलकेजी और पहली कक्षा में ही मान्यता प्राप्त स्कूलों में बच्चों को दाखिला दिया जाएगा। इच्छुक और मानक पूरा करने वाले अभिभावक अपने बच्चे के एडमिशन के लिए 6 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। नर्सरी या एलकेजी में एडमिशन के लिए बच्चे की उम्र तीन वर्ष छह माह से चार वर्ष छह माह के बीच होनी चाहिए। वहीं पहली कक्षा में एडमिशन के लिए पांच वर्ष छह माह से सात वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन वेबसाइट आवेदन जमा कर सकते हैं। भरा हुआ आवेदन का प्रिंट निकालकर 14 मार्च तक संबंधित कार्यालय में निश्चित रुप से जमा करना होगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में वंचितों के बच्चे के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित है।

### परिवार की वार्षिक आय 72 हजार से कम होना चाहिए

इसके लिए संबंधित अभिभावकों का घर स्कूल से क्रमशः एक किलोमीटर, तीन किलोमीटर और छह किलोमीटर की दूरी सीमा तक होनी चाहिए। अभिवंचितों में एसटी, एससी, बीसी-1, बीसी-2, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक नि:शक्त, अनाथ बच्चे और कमजोर वर्ग जिनके परिवार की वार्षिक आय 72 हजार रुपए से कम हो।

### समाहरणालय ब्लॉक-ए में लगाया गया हेल्प डेस्क

जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार की पहल पर निजी स्कूलों में एडमिशन के लिए फार्म जमा करने के लिए हेल्प डेस्क कार्य कर रहा है। जिला समाहरणालय परिसर ब्लॉक-ए के प्रवेश द्वार के सामने हेल्प डेस्क लगाया गया है। हेल्प डेस्क के संचालन के लिए अवर विद्यालय निरीक्षक रांची समेत दो कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### सबंधित निजी स्कूल प्रबंधनों को विशेष निर्देश

निजी स्कूल के प्रबंधनों को भी आरटीई एडमिशन को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से आवेदन की हॉर्ड कॉपी प्राप्त करने के लिए प्रत्येक स्कूल में एक हेल्प डेस्क बनाने के लिए कहा गया है। जिन बच्चों का चयन नहीं हो पाया है, उनका अस्वीकृति का कारण देना होगा। इसके लिए एक शिक्षक को प्रतिनियुक्त करने के लिए कहा गया है।

### राज्य के निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में अभिवंचितों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। इससे अभिवंचितों के बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत पूरा फायदा मिलता है। जो अभिभावक मानक को पूरा करते हैं। उनके बच्चे का एडमिशन निजी स्कूलों में लिया जाता है।

